राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 14 अंक - 30
लखनऊ, गुरुवार 8 अक्टूबर, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



सीएम ने की चिकित्सीय योगदान के लिए डॉ. वैभव पाठक की सराहना 10

आयुष्मान भारत ने दिया स्वास्थ्य सुरक्षा का मजबूत कवच : ब्रजेश 03

## सर्राफा बाजार

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,4,970/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,37,250/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,12,330/10 ग्राम |
| चांदी | | = 2,35,000/किग्रा |



# महंगाई की दोहरी मार




- आरबीआई की चेतावनी- महंगाई और बढ़ेगी
- चार साल बाद 0.25 प्रतिशत बढ़ा रेपो रेट
- कर्ज लेना और देना दोनों होगा महंगा
- त्योहारी सीजन में खरीदारी पर भी होगा असर

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

महंगाई के बढ़ते दबाव के बीच रिजर्व बैंक ने बुधवार को ब्याज दरों में बढ़ोतरी कर आम आदमी की चिंता बढ़ा दी है। करीब चार साल बाद रेपो रेट में 0.25 प्रतिशत की वृद्धि करते हुए इसे 5.25 से बढ़ाकर 5.50 प्रतिशत कर दिया गया। इसका सीधा असर होम, कार और पर्सनल लोन पर पड़ेगा। फ्लोटिंग ब्याज दर पर कर्ज लेने वालों की ईएमआई बढ़ सकती है या लोन चुकाने की अवधि लंबी हो सकती है। त्योहारी मौसम में इसका असर खरीदारी पर भी पड़ सकता है। आरबीआई के इस फैसले से अब यह तय हो गया है कि महंगाई बढ़ गई है और आगे भी बढ़ाने वाली है।

आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन दिन चली बैठक के बाद गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बुधवार को फैसलों की घोषणा की। केंद्रीय बैंक ने नीतिगत रुख भी बदलकर 'कैलिब्रेटेड टाइटनिंग' कर दिया है। आसान भाषा में इसका अर्थ है कि फिलहाल ब्याज दरों में कटौती की संभावना कमजोर हो गई है। आगे महंगाई की स्थिति को देखते हुए आरबीआई दरों को मौजूदा स्तर पर बनाए रख सकता है या जरूरत पड़ने पर उनमें और वृद्धि कर सकता है। आरबीआई ने वित्त वर्ष 26-27 के लिए महंगाई का अनुमान 5% से बढ़ाकर 5.2% कर दिया है। केंद्रीय बैंक के मुताबिक कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें, वैश्विक स्तर पर बने दबाव और खराब मौसम से खाद्य महंगाई का जोखिम बढ़ा है। ऐसे में महंगाई को समय रहते नियंत्रित करना जरूरी है।

**अर्थशास्त्रियों की राय:** रेलिगेयर ब्रोकिंग के अजीत मिश्रा के अनुसार 0.25 प्रतिशत की बढ़ोतरी बाजार की उम्मीद के अनुरूप है, लेकिन नीतिगत रुख में बदलाव ज्यादा महत्वपूर्ण है। इससे स्पष्ट है कि आरबीआई अब महंगाई पर नियंत्रण को प्राथमिकता दे रहा है। कोटक महिंद्रा बैंक की मुख्य अर्थशास्त्री उपासना भारद्वाज ने आने वाले समय में 0.25 से 0.50% तक और बढ़ोतरी की संभावना जताई है।

**10 में सात कर्ज ग्राहकों पर असर:** रेपो रेट वह ब्याज दर है जिस पर बैंक आरबीआई से धन लेते हैं। जब केंद्रीय बैंक यह दर बढ़ाता है तो बैंकों के लिए धन की लागत बढ़ती है। बैंक इसका असर ग्राहकों को दिए जाने वाले कर्ज की ब्याज दरों में डाल सकते हैं। मौजूदा समय में करीब 70 प्रतिशत लोन लेने वाले लोग ऐसी ब्याज दरों से जुड़े हैं, जिन पर रेपो रेट में बदलाव का असर पड़ता है। ऐसे में फ्लोटिंग दर वाले होम, कार और व्यक्तिगत लोन महंगे होंगे। बैंक ब्याज दर बढ़ाते हैं, तो ग्राहक की मासिक किस्त बढ़ती है। दूसरा विकल्प यह हो सकता है कि ईएमआई लगभग समान रखते हुए ऋण चुकाने की अवधि बढ़ा दी जाए।

**नए ग्राहकों पर भी होगा असर:** नए ग्राहकों के लिए भी घर या वाहन खरीदने के लिए ऋण लेना महंगा होगा। ब्याज दर बढ़ने से उनकी ऋण लेने की क्षमता कुछ कम हो सकती है। त्योहारी मौसम में घर, कार, इलेक्ट्रॉनिक सामान और अन्य बड़ी खरीदारी में ऋण की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। ऐसे में महंगे कर्ज से मांग पर कुछ दबाव आने की आशंका है।

### ऐसे समझें रेपो रेट



रेपो रेट वह दर है जिस पर वाणिज्यिक बैंक आरबीआई से अल्पावधि के लिए धन लेते हैं। दर बढ़ने पर बैंकों के लिए धन महंगा होता है और इसका असर ग्राहकों के ऋण पर पड़ सकता है। रेपो व्यवस्था की शुरुआत 1917 में अमेरिका में हुई थी। प्रथम विश्व युद्ध के दौरान बैंकों के लिए धन जुटाना कठिन होने पर इस व्यवस्था को विकसित किया गया। आज दुनिया के केंद्रीय बैंक इसे अर्थव्यवस्था में धन के प्रवाह और महंगाई को नियंत्रित करने के महत्वपूर्ण साधन के रूप में इस्तेमाल करते हैं।

### महंगाई रोकने की कोशिश

रेपो रेट बढ़ाने के पीछे आरबीआई का मूल उद्देश्य अर्थव्यवस्था में धन के प्रवाह को नियंत्रित करना है। महंगा कर्ज होने पर लोग और कंपनियां कम ऋण लेते हैं। इससे खर्च और मांग में कमी आ सकती है। मांग कम होने पर वस्तुओं और सेवाओं की कीमतों पर दबाव घटने की उम्मीद रहती है। इसी प्रक्रिया के जरिए केंद्रीय बैंक महंगाई को नियंत्रित करने की कोशिश करता है।

### विकास दर के मोर्चे पर राहत

महंगाई की चिंता के बीच अर्थव्यवस्था के लिए अच्छी खबर भी है। आरबीआई ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि का अनुमान 6.7 प्रतिशत से बढ़ाकर 7.1 प्रतिशत कर दिया है। दूसरी तिमाही में 7.2 प्रतिशत, तीसरी तिमाही में 6.9 प्रतिशत और चौथी तिमाही में 6.8 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान लगाया गया है। इससे संकेत मिलता है कि केंद्रीय बैंक को भारतीय अर्थव्यवस्था की बुनियादी मजबूती पर भरोसा है।

### आगे क्या होगा?

फिलहाल ब्याज दरों में तत्काल कटौती की उम्मीद कम हुई है। यदि आने वाले महीनों में महंगाई लगातार नियंत्रण में रहती है और आर्थिक परिस्थितियां अनुकूल बनी रहती हैं, तो आरबीआई भविष्य में दरों में कटौती पर विचार कर सकता है। दूसरी ओर कच्चे तेल की कीमतों, खाद्य वस्तुओं और वैश्विक परिस्थितियों से महंगाई का दबाव बढ़ा तो ब्याज दरों में और वृद्धि की संभावना भी बनी रहेगी।

# राहुल-प्रियंका फिर हिरासत में व रिहा



**सीईसी के खिलाफ आक्रोश**

- सीईसी का इस्तीफा व एसआईआर के विरोध में आज देशव्यापी प्रदर्शन
- प्रियंका सड़क पर लेटीं, कांग्रेस ने पुलिस पर मारपीट का लगाया आरोप
- राहुल बोले, सीईसी की नियुक्ति अवैध, इस्तीफे तक नहीं रुकेंगे



**समृद्धि न्यूज, नई दिल्ली।**

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे और मतदाता सूची के एसआईआर के विरोध में विपक्ष का प्रदर्शन बुधवार को लगातार दूसरे दिन भी जारी रहा। कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा समेत विपक्षी सांसदों को दिल्ली पुलिस ने जंतर-मंतर पहुंचने से पहले हिरासत में ले लिया। देर शाम को राहुल गांधी को बाराखंभा रोड पुलिस स्टेशन से रिहा किया गया, हालांकि कई सांसद देर रात तक हिरासत में रोके गए थे।

राहुल गांधी ने लोकतंत्र के लिये काला दिन बताया और कहा कि गुरुवार को देश भर में प्रदर्शन किया जायेगा। इससे पहले राहुल गांधी के समर्थन में टीएमसी सांसद डेरेक ओ ब्रायन समेत कई सांसद और तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी समेत कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुलिस स्टेशन के बाहर प्रदर्शन किया। जिस बस से राहुल गांधी को ले जाया जा रहा था, उसको अग्रसेन के बावली के पास पंचर कर दिया। तीसरी बार हिरासत में लिए गए राहुल गांधी ने रिहा होने के बाद कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति अवैध है, इस्तीफे तक नहीं रुकेंगे। जब नेताओं को हिरासत में लिया जा रहा था तो कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी सड़क पर लेट गईं। प्रियंका गांधी ने बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि मुझे पुलिसकर्मियों ने जहां-तहां छुआ और महिला पुलिसकर्मियों ने खरोचा और नीचे गिरा दिया। विपक्षी इंडिया गठबंधन के सांसद और नेता जब जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के लिए जाने लगे तो दिल्ली पुलिस ने उन सभी को बीच में ही रोक दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### पश्चिम बंगाल का नाम होगा 'पश्चिम बंग'

**कोलकाता।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष शमिक भट्टाचार्य ने कहा है कि राज्य की नई सरकार विधानसभा के पहले सत्र में नाम बदलने का विधेयक लाएगी। प्रस्तावित नया नाम 'पश्चिम बंग' होगा। उन्होंने कहा कि यह नाम राज्य की ऐतिहासिक पहचान से जुड़ा है।

### सांप कांड में पत्नी और प्रेमी दोषी करार

**मेरठ।** चर्चित सांप कांड में अदालत ने अमित कश्यप की हत्या के मामले में उसकी पत्नी रविता और उसके प्रेमी अमरदीप को दोषी करार दिया है। करीब 17 महीने चली सुनवाई के बाद अदालत ने बुधवार को फैसला सुनाया। अमित का शव अप्रैल 2025 में घर में मिला था और उसके नीचे जिंदा सांप दबा था। शुरुआत में मौत को सांप के डसने का मामला बताया गया, लेकिन पोस्टमार्टम में दम घुटने से मौत की पुष्टि हुई। अभियोजन के अनुसार हत्या के बाद घटना को सांप के डसने का रूप देने की कोशिश की गई थी। अदालत 16 अक्टूबर को दोनों की सजा पर फैसला सुनाएगी।

### पांच मंजिला इमारत ढही एक बच्चे की मौत

**नई दिल्ली।** दिल्ली के सीमापुरी में बुधवार दोपहर करीब 3:10 बजे पांच मंजिला इमारत ढह गई। हादसे में मलबे से आठ लोगों को सुरक्षित निकाला गया, जिनमें दो बच्चे शामिल हैं। उपचार के दौरान एक बच्चे की मौत हो गई। छह-सात लोगों के अब भी मलबे में दबे होने की आशंका है। पुलिस, दमकल और बचाव दल राहत कार्य में जुटे हैं। इमारत की निचली मंजिल पर दुकानें थीं, जबकि ऊपर अलग-अलग परिवार रहते थे।

### पांच आतंकी ओवरग्राउंड वर्कर गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में सुरक्षाबलों ने आतंकी नेटवर्क के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए पांच ओवरग्राउंड वर्करों को गिरफ्तार किया है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, पकड़े गए लोगों पर आतंकियों को मदद और नेटवर्क से जुड़े होने का आरोप है। सुरक्षा एजेंसियां गिरफ्तार लोगों से पूछताछ कर रही हैं।

### महुआ के खिलाफ मानहानि केस की तैयारी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव मनोज अग्रवाल तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा के खिलाफ दीवानी और आपराधिक मानहानि की कार्रवाई की तैयारी कर रहे हैं। मोइत्रा ने एसआईआर प्रक्रिया को लेकर मुख्य सचिव पर गंभीर आरोप लगाए थे। अग्रवाल ने आरोपों को आधारहीन बताते हुए कहा कि इससे उनकी छवि धूमिल करने का प्रयास किया गया है।

### चरस बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

**लखनऊ।** चारबाग रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ और राजस्व खुफिया निदेशालय की संयुक्त टीम ने सप्तक्रांति एक्सप्रेस से करीब चार किलो चरस बरामद कर दो तस्करों को गिरफ्तार किया। बरामद चरस की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब चार करोड़ रुपये आंकी गई है। पूछताछ में आरोपितों के नेपाल से बिहार के रास्ते इसे दिल्ली ले जाने की बात सामने आई है।

# विधानसभा चुनाव में लड़ाई 80-20 की हुई: योगी

**सियासत तेज**

- राज्यसभा नामांकन ने तस्वीर की साफ
- अखिलेश के तीसरा उम्मीदवार न देने पर तंज

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

यूपी विधानसभा चुनाव 2027 से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को राज्य की सियासी लड़ाई को लेकर बड़ा बयान दिया।

उन्होंने कहा कि राज्यसभा चुनाव के नामांकन ने यह साफ कर दिया है कि आगामी विधानसभा चुनाव का परिणाम क्या होने जा रहा है। योगी ने कहा कि यह लड़ाई फिर से 80 बनाम 20 की हो गई है। 80 फीसदी एनडीए में और 20 फीसदी पीडीए में। पीडीए का क्या हाल होने वाला है, यह आपके सामने आने वाला है। सीएम ने पीएम मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने पर बुधवार को जीपीओ स्थित पटेल पार्क में सेवा ज्योति यात्रा 'विकसित भारत संकल्प सभा' कार्यक्रम को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के लिए पीएम मोदी को बधाई दी। प्रधानमंत्री मोदी व भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने कार्यक्रम को वर्चुअली संबोधित किया। सीएम ने जनसेवा से देशसेवा प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। सीएम का यह बयान उत्तर प्रदेश की 10 राज्यसभा सीटों के लिए नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद आया है। भाजपा ने आठ और सपा ने दो प्रत्याशी उतारे हैं। सपा की ओर से तीसरा प्रत्याशी नहीं उतारे जाने के कारण सभी 10 सीटों पर निर्विरोध निर्वाचन की स्थिति बनी है।



वाराणसी में वडनगर से आए सेवा संकल्प यात्रियों पर पुष्प वर्षा करते मुख्यमंत्री।

# विकसित भारत होने तक न थकेंगे, न रुकेंगे: मोदी

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सार्वजनिक जीवन में 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर बुधवार को कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने तक वह न थकेंगे और न रुकेंगे। दिल्ली के इंदिरा गांधी इनडोर स्टेडियम में भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने करीब 50 मिनट के भाषण में 19 बार 'वी विल डू इट' यानी 'हम करके दिखाएंगे' का संकल्प दोहराया।



मोदी ने कहा कि 7 अक्टूबर 2001 को उन्होंने गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी। इसके बाद मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में जनता की सेवा करते हुए 25 वर्ष पूरे हो गए। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि किसी एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि जनता के निरंतर आशीर्वाद, भाजपा, एनडीए और लोकतंत्र में आस्था रखने वाले लोगों की है।

### मोदी के 25 साल, आडवाणी से लिया आशीर्वाद



**एजेंसी, नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सरकार के प्रमुख के रूप में 25 वर्ष का सफर पूरा कर लिया है। इस अवसर पर उन्होंने भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी से उनके आवास पर मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने आडवाणी का हालचाल जाना और उनका आशीर्वाद लिया। नरेन्द्र मोदी ने सात अक्टूबर 2001 को गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी। इसके साथ ही सरकार के प्रमुख के रूप में उनके सार्वजनिक जीवन का नया अध्याय शुरू हुआ।

# विधानसभा व पंचायत मतदाता सूची में 468 नामों का अंतर, हाईकोर्ट ने मांगा जवाब

**एजेंसी, लखनऊ।**

रायबरेली के मखदूमपुर ग्राम पंचायत में विधानसभा और पंचायत चुनाव की मतदाता सूचियों में अंतर के मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने केंद्रीय निर्वाचन आयोग और राज्य निर्वाचन आयोग से जवाब मांगा है। न्यायालय ने दोनों आयोगों को चार सप्ताह में जवाब दाखिल करने का आदेश दिया है।




मामले की अगली सुनवाई चार सप्ताह बाद होगी। यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय और न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला की खंडपीठ ने ग्राम पंचायत निवासी रोहित की याचिका पर दिया। याची की ओर से अधिवक्ता मोतीलाल यादव ने न्यायालय को बताया कि मखदूमपुर ग्राम पंचायत की पंचायत चुनाव के लिए तैयार मतदाता सूची और विधानसभा चुनाव की मतदाता सूची में 468 मतदाताओं का अंतर है।

याचिका में कहा गया कि पंचायत चुनाव की मतदाता सूची में 1987 मतदाताओं के नाम हैं, जबकि विधानसभा चुनाव की सूची में केवल 1519 मतदाता दर्ज हैं।

### कगन व सोई को रसायन विज्ञान का नोबेल



**एजेंसी, स्टॉकहोम।** फ्रांस के रसायन विज्ञानी हेनरी बी. कगन और जापान के केन्सो सोई को वर्ष 2026 का रसायन विज्ञान का नोबेल पुरस्कार दिया गया है। रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने बुधवार को स्टॉकहोम में इसकी घोषणा की। दोनों वैज्ञानिकों को असममित कार्बनिक संश्लेषण में गैर-रेखीय प्रभाव और स्व-उत्प्रेरण (ऑटोकैटलिसिस) की खोज के लिए यह सम्मान दिया गया है।

# 11 जिलों के पुलिस कप्तान बदले

- राज्य में 20 आईपीएस अधिकारियों की जिम्मेदारी में बदलाव

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

उत्तर प्रदेश सरकार ने बुधवार को पुलिस महकमे में बड़ा फेरबदल करते हुए 20 आईपीएस अधिकारियों की जिम्मेदारियों में बदलाव किया। इनमें 11 जिलों के पुलिस कप्तान भी शामिल हैं। इसके अलावा दो अपर पुलिस महानिदेशकों की जिम्मेदारियों में भी बदलाव किया गया है।

अपर पुलिस महानिदेशक ए. सतीश गणेश से अपर पुलिस महानिदेशक अपराध का अतिरिक्त प्रभार वापस ले लिया गया है। अब वह अपर पुलिस महानिदेशक यातायात एवं सड़क सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालेंगे। अपराध की जिम्मेदारी भगवान एस. श्रीवास्तव को दी गई है। उनके पास तकनीकी सेवाओं का प्रभार पहले की तरह बना रहेगा। तबादला सूची के अनुसार बस्ती के पुलिस अधीक्षक यशवीर सिंह को जौनपुर का पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। जौनपुर के एसपी कुंवर अनुपम सिंह को पुलिस अधीक्षक पीएसी मुख्यालय भेजा गया है। लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट में डीसीपी रहीं रवीना त्यागी को बाराबंकी का पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। मुजफ्फरनगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार को चौथी वाहिनी पीएसी, प्रयागराज का सेनानायक बनाया गया है। बलिया के एसपी ओमवीर सिंह को बस्ती का एसपी बनाया गया है। हापुड़ के एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह को प्रयागराज पुलिस कमिश्नरेट में डीसीपी की जिम्मेदारी दी गई है। मऊ के एसपी कमलेश बहादुर को डीजीपी मुख्यालय में पुलिस अधीक्षक लोक शिकायत बनाया गया है।

# ट्रक में घुसी तेज रफ्तार कार चार क्रिकेटरों की मौत

- लखनऊ से देवरिया लौट रहे थे छह खिलाड़ी

**समृद्धि न्यूज, सुलतानपुर।**

पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर बुधवार सुबह तेज रफ्तार अर्टिगा कार आगे चल रहे ट्रक में पीछे से जा घुसी। हादसे में कार सवार चार टेनिस बाल क्रिकेट खिलाड़ियों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हैं।

सभी खिलाड़ी लखनऊ में मैच खेलकर देवरिया लौट रहे थे। हादसा एक्सप्रेसवे के माइलस्टोन 97.500 के पास हुआ। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। हादसे के बाद चीख-पुकार मच गई। आसपास से गुजर रहे वाहन चालकों ने पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। यूपीडा के सुरक्षाकर्मी और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और कार में फंसे खिलाड़ियों को बाहर निकालने का अभियान शुरू किया।

पुलिस के अनुसार, कार में छह खिलाड़ी सवार थे। मौके पर ही नित्या प्रजापति, इरफान अंसारी व अनिकेत की मौत हो गई।

गंभीर रूप से घायल आनंद यादव, राजू व जयंतों शर्मा को संयुक्त चिकित्सालय ले जाया गया।

**युद्ध और शांति** — सात महीने से जारी जंग के बीच दोनों देशों में बातचीत ने फिर पकड़ी रफ्तार

# बैकफुट पर अमेरिका, ईरान से समझौते को बदली परमाणु संवर्धन की शर्त

- पहले संवर्धन रोकने पर अड़ा था वाशिंगटन
- अब तय सीमा में रखने पर विचार

**एजेंसी, वाशिंगटन।**

ईरान और अमेरिका के बीच सात महीने से जारी युद्ध अब निर्णायक मोड़ की ओर बढ़ता दिख रहा है। मिसाइलों और सैन्य कार्रवाई के बीच दोनों देशों के बीच बातचीत भी तेज हो गई है।

इस बातचीत में सबसे बड़ा पेच ईरान का परमाणु कार्यक्रम है। खासकर यूरेनियम संवर्धन को लेकर दोनों देशों के बीच लंबे समय से टकराव रहा है।

अमेरिका ने अब अपनी प्रमुख शर्त में बदलाव के संकेत दिए हैं। पहले वाशिंगटन ईरान से यूरेनियम संवर्धन पूरी तरह बंद करने की मांग कर रहा था। अब वह संवर्धन को एक निर्धारित सीमा के भीतर रखने के विकल्प पर विचार करता दिख रहा है। हालांकि इसे अमेरिका की पूरी नरमी नहीं माना जा रहा। वाशिंगटन अब भी ईरान से केवल वादा नहीं, बल्कि जमीन पर ठोस कार्रवाई चाहता है। यूरेनियम को अधिक शुद्ध बनाने की प्रक्रिया को संवर्धन कहा जाता है। परमाणु ऊर्जा उत्पादन के लिए इसका इस्तेमाल होता है। लेकिन संवर्धन का स्तर बढ़ने पर परमाणु हथियारों की आशंका भी बढ़ जाती है। अमेरिका इसी वजह से ईरान के 60 प्रतिशत तक संवर्धित ईंधन को लेकर सवाल उठा रहा है। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने रायटर्स से कहा कि अगर ईरान परमाणु हथियार नहीं बनाना चाहता तो उसे इतनी ऊंची क्षमता वाला संवर्धित ईंधन रखने की जरूरत क्यों है। यही मुद्दा दोनों देशों के बीच बातचीत में सबसे बड़ी अड़चन बना हुआ है।



अमेरिका की चिंता सिर्फ ईरान के भविष्य के वादों तक सीमित नहीं है। वाशिंगटन चाहता है कि तेहरान परमाणु कार्यक्रम को लेकर वास्तविक और सत्यापन योग्य कदम उठाए। जेडी वेंस ने संकेत दिया कि केवल भविष्य में संवर्धन कम करने का आश्वासन अमेरिका को स्वीकार नहीं होगा। ईरान को जमीन पर कार्रवाई करनी होगी। वेंस ने ईरान की निर्णय प्रक्रिया पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि वाशिंगटन के लिए यह स्पष्ट नहीं है कि तेहरान में अंतिम निर्णय कौन लेता है। इससे किसी संभावित समझौते को लागू कराने और उसकी निगरानी को लेकर भी सवाल बने हुए हैं।

# तहसील बार एसोसिएशन ने उठाईं अधिवक्ताओं व आमजन की समस्याएं

▸ एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**समृद्धि न्यूज़, हैदरगढ़, बाराबंकी।**



तहसील बार एसोसिएशन हैदरगढ़ के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह एडवोकेट एवं महामंत्री संतोष कुमार शुक्ल एडवोकेट के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने तहसील स्तर पर व्याप्त विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर जिलाधिकारी एवं उपजिलाधिकारी हैदरगढ़ को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में कहा गया कि तहसील हैदरगढ़ में व्यापक रूप से समस्याएं व्याप्त हैं, जिनके संबंध में पूर्व में भी उपजिलाधिकारी को अवगत कराया गया, लेकिन कई मामलों में अभी तक अपेक्षित समाधान नहीं हो सका है। अधिवक्ताओं ने जनहित एवं अधिवक्ता हित में शीघ्र कार्रवाई की मांग की।

ज्ञापन में प्रमुख रूप से आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र तथा जन्म-मृत्यु उत्तराधिकार प्रमाण पत्रों में क्षेत्रीय लेखपालों द्वारा समय से आख्या प्रस्तुत नहीं किए जाने का मुद्दा उठाया गया। इसके अलावा आईजीआरएस शिकायतों का बिना जांच एवं समस्या का समाधान किए निस्तारण किए जाने पर भी नाराजगी जताई गई।

अधिवक्ताओं ने गरीब जनता द्वारा नए राशन कार्ड एवं संशोधन के लिए दिए गए आवेदनों को लंबे समय तक लंबित रखने का मामला भी उठाया। वहीं तहसील स्थित न्यायालयों में आदेश हेतु सुरक्षित पत्रावलियों में कई माह बीत जाने के बाद भी आदेश पारित न किए जाने की समस्या बताई गई।

ज्ञापन में धारा 98 की पत्रावलियों को तहसील स्तर पर वर्षों से लंबित रखने, धारा 80(1) एवं 80(2) की पत्रावलियों/आवेदनों पर समय सीमा के भीतर आख्या अथवा आदेश न करने, धारा 38 एवं धारा 76 के निस्तारण में देरी तथा विभिन्न न्यायालयों में सुनवाई के दौरान मनमाना रवैया अपनाकर वादों को अपर पैरवी एवं साक्ष्य के अभाव में निस्तारित किए जाने जैसी समस्याओं का भी उल्लेख किया गया।

इसके साथ ही अधिवक्ताओं ने प्रपत्र-1 की आख्या लेखपालों द्वारा समय से उपलब्ध न कराए जाने की समस्या को भी ज्ञापन में शामिल किया।

# आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम में बच्चों का हुआ अन्नप्राशन

▸ माताओं को बांटी पोषण किट

**समृद्धि न्यूज़, हैदरगढ़ बाराबंकी।**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसेवा से राष्ट्रसेवा के ऐतिहासिक 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चल रहे सेवा संकल्प अभियान (17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026) के अंतर्गत विकासखंड सभागार त्रिवेदीगंज में बुधवार को 'आंगन मिलन सेवा' कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति एवं जनजाति आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व ब्लाक प्रमुख सुनील सिंह मौजूद रहे। उन्होंने जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान नन्हे-मुन्ने बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार कराया गया तथा उन्हें माला पहनाकर आशीर्वाद दिया गया।

कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की लाभार्थी माताओं को पोषण किट वितरित की गई। वहीं, आंगनबाड़ी केंद्रों पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली कार्यकत्रियों को प्रशस्ति पत्र एवं साड़ी देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण का संकल्प निरंतर आगे बढ़ रहा है। मातृ शक्ति का सम्मान और बच्चों का स्वस्थ भविष्य ही सशक्त राष्ट्र की आधारशिला है।

कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व प्रधान त्रिवेदीगंज प्रेमनारायण दीक्षित 'पप्पू दीक्षित', प्रधान जरौली भानु बाजपेयी, खंड विकास अधिकारी प्रियंका सिंह, सीडीपीओ आराधना यादव सहित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां, सहायिकाएं, लाभार्थी महिलाएं एवं बच्चे मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### नेपाली महिला 1.290 किलो अफीम के साथ गिरफ्तार



**बहराइच।** बुधवार दोपहर 12 बजे मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई की गई। रूपईडीहा पुलिस और एसएसबी की संयुक्त टीम ने एक नेपाली महिला को 1.290 किलो अफीम के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक, बरामद अफीम की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 15 लाख रुपए है। पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव के निर्देश पर रूपईडीहा चेकपोस्ट पर जांच चल रही थी। इसी दौरान महिला को पकड़ा गया। उसकी पहचान नेपाल के रुकुम जिले की मनिषा बूढ़ा थोकी (38) पत्नी धर्मजीत विश्वकर्मा के रूप में हुई। तलाशी के दौरान महिला के पास से 1.290 किलो अफीम बरामद हुई। इसके अलावा एक एंड्रॉयड मोबाइल फोन, 220 रुपए भारतीय मुद्रा और 420 रुपए नेपाली मुद्रा भी मिली। पुलिस ने महिला के खिलाफ रूपईडीहा थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। कार्रवाई अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी और क्षेत्राधिकारी नानपारा चित्रांशु गौतम के पर्यवेक्षण में हुई।

### तेज बारिश से जलभरावः अंडरपास में भरा पानी, आवागमन ठप



**बहराइच।** बुधवार को रिसिया कस्बे में अचानक हुई तेज बारिश से कई जगहों पर पानी भर गया। इससे लोगों को काफी परेशानी हुई और कुछ दुकानों व घरों में भी पानी घुस गया। आलम यह था की सड़के तालाब के रूप मे तब्दील हो गई और जल भराव के बीच ही लोग आते जाते दिखाई दिए। रेलवे अंडरपास में घुटनों तक पानी भरने से आवागमन काफी देर तक बंद रहा। एक कार भी पानी में खराब हो गई, जिससे दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। बाद में कार को खींचकर निकालने के बाद ही रास्ता खुल सका। अंडर पास मे जल भराव के चलते लोग दूसरे मार्ग से आते जाते दिखाई दिए। कस्बे के सरस्वती नगर, नानकपुरा और शास्त्री नगर जैसे इलाकों की सड़कों पर भी घुटनों तक पानी भर गया। इससे यातायात बाधित हुआ। ग्रामीण क्षेत्रों में धान की फसल को भी काफी नुकसान पहुंचा है। इंदिरा नगर मे हनुमान मंदिर, टेलीफोन एक्सचेंज के निकट घुटनों तक पानी भर गया। किसान पूरन वर्मा, मनोज पाठक, फिरोज खान और अजहर खान ने बताया कि एक हफ्ते पहले आए चक्रवाती तूफान से भी नुकसान हुआ था, और अब इस बारिश ने और दिक्कत बढ़ा दी है। इन लोगो का कहना है की इसकी भरपाई कैसे होगी अब यही चिंता सता रही है।

### ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग पर सड़क पर सपा



**अम्बेडकरनगर।** मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर समाजवादी पार्टी बुधवार को सड़क पर उतर आई। 'वोट बचाओ, देश बचाओ' अभियान के तहत सपा कार्यकर्ताओं ने पार्टी कार्यालय से कलेक्ट्रेट तक पदमार्च किया। सपा सांसद एवं राष्ट्रीय महासचिव लालजी वर्मा के नेतृत्व में निकले मार्च में टांडा विधायक राममूर्ति वर्मा, अकबरपुर विधायक राम अचल राजभर और आलापुर विधायक त्रिभुवन दत्त प्रमुख रूप से शामिल रहे। पार्टी कार्यालय से कलेक्ट्रेट तक निकले पदमार्च में कार्यकर्ताओं ने 'ज्ञानेश कुमार इस्तीफा दो', 'वोट चोर-कुर्सी छोड़' और 'मेरा वोट मत चुराओ' जैसे नारे लगाए। हाथों में पार्टी के झंडे लिए कार्यकर्ता मतदाता अधिकार और चुनाव प्रक्रिया से जुड़े सवालों को लेकर आवाज बुलंद करते रहे।

### अंडर-19 टीम में बॉलिंग का जौहर दिखाएगी तराई की बेटी नूपुर पाण्डेय

**बहराइच।** तराई की माटी में कितना हुनर है इसका उदाहरण तराई की बेटी नुपुर पांडेय ने पेश किया है। अपनी धारदार बॉलिंग से बल्लेबाजों का विकेट चटकाने वाली नानपारा निवासी नुपुर का चयन यूपी अंडर-19 महिला टीम में हुआ है। नुपुर नौ अक्टूबर से बीसीसीआई द्वारा आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में अपनी बॉलिंग का जौहर दिखाएंगी। नानपारा तहसील के भगगापुरवा निवासी नुपुर का बचपन से ही क्रिकेट में मन लगता था। नुपुर अपनी प्रतिभा निखारने के लिए बालकों के साथ भी क्रिकेट खेलती थी। नुपुर की मां रुचि पांडेय ने बताया कि नुपुर का जन्म 2011 में हुआ और वह सआदत इंटर कॉलेज के मैदान में क्रिकेट का अभ्यास करती रही। उनकी प्रतिभा को देखते हुए आर्थिक तंगी के बीच हम सभी ने नुपुर के सपने को पूरा करने का ठान लिया और नुपुर भी मेहनत में पीछे नहीं हटी। निजी कंपनी में कार्यरत पिता नीरज पांडेय ने बताया कि नुपुर ने अपनी मेहनत से हम सब का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया है। नूपुर मंगलवार को मुंबई के लिए रवाना हो गई। उत्तर प्रदेश की 20 सदस्यीय अंडर- 19 महिला टीम के लिए हुआ है। नुपुर नौ अक्तूबर से खेलेंगी।

# टीबी मरीजों को वितरित की गई पोषण पोटली

## सीएसआर योजना के तहत बलरामपुर चीनी मिल ने उठाया स्वास्थ्य संरक्षण का कदम

**समृद्धि न्यूज़, हैदरगढ़ बाराबंकी।**



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र त्रिवेदीगंज में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य शिविर एवं विभिन्न जनकल्याणकारी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसी क्रम में टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत बलरामपुर चीनी मिल्स लिमिटेड, यूनिट-हैदरगढ़ की ओर से सीएसआर योजना 2026-27 के अंतर्गत टीबी मरीजों को पोषण पोटली वितरित की गई। इस पहल का उद्देश्य टीबी मरीजों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराकर उनके स्वास्थ्य एवं रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करने में सहयोग करना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख त्रिवेदीगंज सुनील सिंह, सीएचसी अधीक्षक मुकुंद पटेल तथा बलरामपुर चीनी मिल्स लिमिटेड, यूनिट-हैदरगढ़ के एचआर हेड उपदेश शर्मा ने की। इस अवसर पर सुनील सिंह ने कहा कि टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए स्वास्थ्य विभाग के साथ उद्योग जगत और सामाजिक संस्थाओं की भागीदारी भी आवश्यक है। वहीं एचआर हेड उपदेश शर्मा ने कहा कि बलरामपुर फाउंडेशन अपनी सीएसआर गतिविधियों के माध्यम से समुदाय के स्वास्थ्य एवं कल्याण के लिए निरंतर कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध है। टीबी मरीजों को उपचार के साथ पर्याप्त पोषण उपलब्ध कराना उनके शीघ्र स्वस्थ होने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

# पानी को लेकर लॉकअप में उबाल, गूंजे 'पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद' के नारे

**समृद्धि न्यूज, अम्बेडकरनगर।**



जनपद न्यायालय परिसर में बुधवार को उस समय अफरातफरी मच गई, जब लॉकअप में बंद कैदियों ने पानी की किल्लत को लेकर हंगामा शुरू कर दिया। कैदियों ने लॉकअप के भीतर से 'पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद' के नारे लगाए। अचानक हुई नारेबाजी से न्यायालय परिसर में मौजूद पुलिसकर्मियों और कर्मचारियों में भी हलचल मच गई।

बताया गया कि लॉकअप में पानी की समस्या को लेकर कैदी काफी नाराज थे। इसी दौरान ड्यूटी पर तैनात एक सिपाही की कार्यशैली को लेकर भी कैदियों ने असंतोष जताया। देखते ही देखते मामला नारेबाजी तक पहुंच गया। कैदियों के विरोध के कारण कुछ देर के लिए न्यायालय परिसर का माहौल तनावपूर्ण हो गया।

हंगामे की सूचना मिलते ही संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने कैदियों से बातचीत कर उनकी शिकायतें सुनीं और पानी समेत अन्य समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। काफी देर तक समझाने के बाद कैदी शांत हुए और स्थिति सामान्य हो सकी।

### बाराबंकी का युवक 20 लाख की स्मैक के साथ गिरफ्तार



**समृद्धि न्यूज़, बहराइच।** नशीले पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली देहात पुलिस ने मंगलवार देर रात एक युवक को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके कब्जे से 44 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की, जिसकी कीमत करीब 20 लाख रुपए बताई गई है। आरोपी के पास से 200 रुपए नकद और एक एक्टिवा स्कूटी भी मिली है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश करने के लिए भेज दिया। पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव के निर्देश पर जिले में नशीले पदार्थों की तस्करी और बिक्री के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में कोतवाली देहात प्रभारी दद्दन सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम 6 अक्टूबर की रात करीब 11 बजे क्षेत्र में गश्त कर रही थी।

गश्त के दौरान पुलिस टीम को चित्तौरा मोड़ के पास एक संदिग्ध युवक दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान उसके पास से 44 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। इसके अलावा पुलिस ने 200 रुपए नकद और एक एक्टिवा स्कूटी भी बरामद की।

बाराबंकी का रहने वाला है आरोपी

पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी की पहचान सद्दाम हुसैन (32) पुत्र शाह मोहम्मद के रूप में हुई है। वह बाराबंकी जिले के रामनगर थाना क्षेत्र के गजपतीपुर का निवासी है। बरामद स्मैक की कीमत करीब 20 लाख रुपए बताई गई है।

कोतवाली देहात पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21 के तहत केस नंबर 381/2026 दर्ज किया है।

# त्योहारों को लेकर एडीजी ने की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा



**समृद्धि न्यूज, सुलतानपुर।**

आगामी नवरात्रि, दशहरा एवं दुर्गापूजा के मद्देनजर बुधवार को अपर पुलिस महानिदेशक लखनऊ जोन प्रवीण कुमार ने रिजर्व पुलिस लाइन्स स्थित सभागार में जिले की सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था की समीक्षा की। बैठक में डीआईजी अयोध्या परिक्षेत्र सोमेन बर्मा, जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह और पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल समेत पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी तथा सभी थाना प्रभारी मौजूद रहे। बैठक में त्योहारों के दौरान शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने, संवेदनशील स्थलों पर निगरानी, पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, जुलूस व शोभायात्रा मार्गों की सुरक्षा तथा यातायात व्यवस्था को लेकर तैयारियों की समीक्षा की गई। एडीजी ने अधिकारियों को क्षेत्र में लगातार भ्रमण और प्रभावी पुलिसिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने सोशल मीडिया पर प्रसारित भ्रामक एवं अफवाहपूर्ण सूचनाओं पर नजर रखने तथा उनका तत्काल खंडन करने के साथ अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए।

# चोरी करने वाले गिरोह के दो लोग गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज, हैदरगढ़ बाराबंकी।**



थाना हैदरगढ़ पुलिस, स्वाट व सर्विलांस टीम की संयुक्त कार्रवाई में चोरी करने वाले गिरोह के दो शातिर सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने उनके कब्जे से दो अवैध तमंचे व कारतूस, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल, चोरी में इस्तेमाल होने वाले उपकरण तथा 14,600 रुपये नकद बरामद किए हैं।पुलिस के अनुसार पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत टीम ने दयालगंज रेगुलेटर के पास से सुनील कुमार लोध पुत्र देवी बक्श निवासी केल्हनुआ मजरे रौली थाना हैदरगढ़ और मो. नईम पुत्र स्व. मो. शरीफ निवासी कुरैशी वार्ड थाना हैदरगढ़ को गिरफ्तार किया। दोनों के खिलाफ थाना हैदरगढ़ में मुकदमा अपराध संख्या 309/2026 धारा 313 बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। तलाशी के दौरान आरोपियों के पास से .315 बोर और .12 बोर के दो तमंचे व जिंदा कारतूस, मोटरसाइकिल संख्या यूपी 41 बीबी 3079, दो टॉर्च, दो प्लास, दो पेचकस, एक रेती और 14,600 रुपये बरामद हुए।पूछताछ में पुलिस को पता चला कि दोनों आरोपी एक गिरोह के सदस्य हैं। गिरोह के सदस्य दिन में आसपास के क्षेत्रों में रेकी करते थे और रात में चोरी की घटनाओं को अंजाम देकर चोरी के आभूषण व सामान बेच देते थे। पुलिस के मुताबिक आरोपियों ने अगस्त माह में लोनीकटरा थाना क्षेत्र के कान्हीपुर और रमनन चौराहा शुम्भा में सोने-चांदी के आभूषण व नकदी चोरी की थी। इन घटनाओं के संबंध में लोनीकटरा थाने में मुकदमा अपराध संख्या 242/2026 व 256/2026 दर्ज हैं।इसके अलावा तीन अक्टूबर को आरोपियों ने अमेठी जिले के शिवरतनगंज थाना क्षेत्र के शाहीपुर गांव में एक बुजुर्ग महिला के नाक की कील छीन ली थी।इस मामले में थाना शिवरतनगंज में मुकदमा अपराध संख्या 113/2026 धारा 304(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज है।

# मुख्य निर्वाचन आयुक्त को हटाने की मांग

▸ सपा ने तहसील में सौंपा ज्ञापन

**समृद्धि न्यूज़, कैसरगंज, बहराइच।**



समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष एवं विधानसभा क्षेत्र 288 कैसरगंज के अनिल कुमार यादव के नेतृत्व में बुधवार को तहसील कैसरगंज में विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। एक ज्ञापन में भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने तथा उनके विरुद्ध आपराधिक मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की गई। ज्ञापन में निर्वाचन प्रक्रिया को लेकर लगाए गए आरोपों की जांच कराने की मांग भी उठाई गई। वहीं दूसरे ज्ञापन में बाढ़, बरसात और आंधी-तूफान से फसल, मकान व जानवरों को हुए नुकसान का मुआवजा दिलाने समेत 11 सूत्री मांगें रखी गई। रेलवे आदमापुर/बेलहा बहेली बांध की मरम्मत, गन्ने का दाम बढ़ाने, सर्वे प्रक्रिया शीघ्र पूरी कराने तथा तहसील कैसरगंज में मुंसिफ अदालत की स्थापना की मांग की गई। इसके अलावा जंगली जानवरों के हमले में घायल व मृतकों के परिवारों को सरकारी सहायता, प्रभावित क्षेत्रों में सोलर लाइट की व्यवस्था, आधार कार्ड के लिए गांवों में कैंप लगाने, जर्जर सड़कों, पुलिया व पुलों की मरम्मत तथा आंधी-बरसात से चरमराई बिजली व्यवस्था को दुरुस्त कराने की मांग की गई।

स्कूली बच्चों को लैपटॉप व साइकिल देने तथा तहसील क्षेत्र को जलभराव से निजात दिलाने की मांग भी ज्ञापन में शामिल रही।

# रफ्तार में अरहान-अंशिका का जलवा रामपुर बेनीपुर बना खेलों का सरताज

**समृद्धि न्यूज, अम्बेडकरनगर।**



न्याय पंचायत संसाधन केंद्र मुंडेरा के तत्वावधान में आयोजित बाल क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता में परिषदीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर प्राथमिक विद्यालय रामपुर बेनीपुर ने सर्वाधिक अंक हासिल कर चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। प्राथमिक विद्यालय लंगड़ी पृथ्वीपुर दूसरे स्थान पर रहा।

प्रतियोगिता का शुभारंभ वरिष्ठ खेल प्रशिक्षक सुधीर चतुर्वेदी, इरशाद अहमद एवं दिनेश चौरसिया ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया। न्याय पंचायत प्रभारी दिनेश नारायण सिंह ने प्रतियोगिता का संचालन किया। 50, 100, 200 एवं 400 मीटर दौड़, लंबी कूद, कबड्डी, खो-खो, नाटक और लोकगीत सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं हुईं। बालक वर्ग की 50, 100 और 200 मीटर दौड़ में प्राथमिक विद्यालय रामपुर बेनीपुर के मोहम्मद अरहान ने प्रथम स्थान हासिल कर अपने वर्ग में चैंपियन बने। बालिका वर्ग में प्राथमिक विद्यालय लंगड़ी पृथ्वीपुर की अंशिका ने 50 और 100 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

### सेवा ज्योति यात्रा का आयोजन, विकसित भारत का दिया संदेश

**समृद्धि न्यूज़, बहराइच।** महाराज सिंह इंटर कॉलेज में बुधवार सुबह 11 बजे सेवा ज्योति यात्रा और विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन और वंदे मातरम् गीत के साथ हुई। करीब दो घंटे चले कार्यक्रम में केंद्र और प्रदेश सरकार की विकास योजनाओं की जानकारी दी गई।

लोगों से विकसित भारत के संकल्प से जुड़ने और इसमें सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया गया।

# गलत साधनों से सही मंजिल नहीं मिल सकतीः सीपी चंद

▸ बच्चों को गांधी से मिलाना होगा, तभी सार्थक होगा आयोजनः राहुल देव

▸ नई पीढ़ी को गांधी से जोड़ना समय की जरूरतः नवीन जोशी

▸ राहुल देव को महात्मा गांधी नवीन जोशी को आचार्य नरेंद्र देव सम्मान

**समृद्धि न्यूज़, बाराबंकी।**



गांधी को केवल पढ़ना और उनके विचारों पर चर्चा करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनके सिद्धांतों को जीवन में उतारना ही सच्ची श्रद्धांजलि है। सफलता की मंजिल कितनी भी बड़ी हो, उसे पाने के लिए गलत साधनों का सहारा नहीं लिया जा सकता। साध्य के साथ साधनों की पवित्रता भी जरूरी है। यह बात बुधवार को गांधी जयंती सप्ताह के समापन समारोह में मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य सीपी चंद ने कही। गांधी भवन में आयोजित समारोह के दौरान गांधी जयंती समारोह ट्रस्ट की ओर से वरिष्ठ पत्रकार एवं गांधीवादी अध्येता राहुल देव को महात्मा गांधी सम्मान तथा वरिष्ठ पत्रकार नवीन जोशी को आचार्य नरेंद्र देव सम्मान से अलंकृत किया गया। इससे पूर्व सीपी चंद, राहुल देव, नवीन जोशी और पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। सीपी चंद ने कहा कि जैसा साध्य होता है, साधन भी उसी अनुरूप होने चाहिए। गांधी का रास्ता हमें लक्ष्य के साथ उसे प्राप्त करने के साधनों की पवित्रता का संदेश देता है। गांधी को पढ़ने और समझने से अधिक जरूरी है कि उनके विचार हमारे आचरण का हिस्सा बनें। वरिष्ठ पत्रकार एवं गांधीवादी चिंतक राहुल देव ने कहा कि विश्व में महात्मा गांधी को जो सम्मान मिला, वह उनके विचारों की व्यापक स्वीकार्यता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि आज का हिंदुस्तान बच्चों के हाथों में है और भारत के निर्माण की बड़ी जिम्मेदारी नई पीढ़ी पर है। बच्चों को गांधी के जीवन और विचारों से परिचित कराना होगा। तभी ऐसे आयोजनों की वास्तविक सार्थकता होगी। वरिष्ठ पत्रकार नवीन जोशी ने कहा कि समय बदलने के बावजूद गांधी के सत्य, अहिंसा, सद्भाव और सामाजिक एकता के विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं। गांधी सप्ताह नई पीढ़ी को इन विचारों से जोड़ने का अभियान है। समारोह में सीपी चंद और अरविंद सिंह गोप ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने वाले बच्चों को पुरस्कार व उपहार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम अध्यक्ष मो. उमेर किदवई ने बच्चों की सहभागिता की सराहना की। संचालन पाटेश्वरी प्रसाद ने किया। इस मौके पर कार्यक्रम संयोजक राजनाथ शर्मा, शिवशंकर शुक्ला, हुमायूं नईम खान, टोरेंट गैस लि. के जनरल मैनेजर रजनीश उपाध्याय, मैनेजर वैभव अग्निहोत्री, अशोक शुक्ला, विजय प्रताप सिंह, अश्वनी शर्मा 'शिवा', आशीष श्रीवास्तव, ज्ञान सिंह यादव, उमेश रावत एडवोकेट, तौकीर कर्रार, असद उमर अंसारी, अरुण पाण्डेय, विनय कुमार सिंह, मृत्युंजय शर्मा, शऊर कामिल किदवई, अदिति शर्मा, अनवर महबूब किदवई, मो. सईद, आद्या शर्मा सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# लखनऊ में बाढ़ का कहर, प्लासियो तक पहुंचा गोमती का पानी

- नौवें दिन भी नहीं थमी गोमती, 40 हजार घरों में 5-6 फीट पानी
- फैजुल्लागंज में तीन लाख से ज्यादा लोग प्रभावित, गणेश विहार समेत कई इलाकों से पलायन
- बैकुंठ धाम जलमग्न, मंदिरों में घुसा पानी



फैजुल्लागंज इलाके में बाढ़ से जनजीवन पूरी तरह से अस्त व्यस्थ हो गया है। सड़कों पर भरे बाढ़ के पानी के चलते छोटे वाहनों की अवाजाही पूरी तरह से ठप हो गई। लोग नाव व ट्रैक्टर ट्रलियों के सहारे सरक्षित स्थान की ओर पलायन करते हुए। *स्वतंत्र फोटोग्राफर दीपचंद ने ये तस्वीरें उपलब्ध कराई।*

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

राजधानी में बाढ़ का संकट नौवें दिन भी कम होने के बजाय गहराता जा रहा है। गोमती नदी का जलस्तर लगातार बढ़ने से शहर के कई इलाकों में जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। फैजुल्लागंज सबसे ज्यादा प्रभावित है, जहां करीब 40 हजार घरों में पांच से छह फीट तक पानी भर गया है। तीन लाख से अधिक लोग बाढ़ से प्रभावित बताए जा रहे हैं। पानी घरों में घुसने के बाद बड़ी संख्या में परिवार ताला लगाकर सुरक्षित स्थानों की ओर पलायन कर रहे हैं। गणेश विहार समेत कई इलाकों में लोगों का घर छोड़ना जारी है।

बाढ़ की भयावहता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि शहर के प्रमुख धार्मिक स्थलों और श्मशान घाट तक पानी पहुंच गया है। बैकुंठ धाम पूरी तरह जलमग्न हो चुका है। शव रखने के लिए बने चबूतरे तक पानी में डूब गए हैं। ऐसे में अंतिम संस्कार से जुड़ी व्यवस्थाएं भी प्रभावित हो रही हैं। बाढ़ की चपेट में शहर के कई प्रमुख मंदिर भी आ गए हैं। खाटू श्याम मंदिर, हनुमंत धाम और चंद्रिका देवी मंदिर पानी से घिर गए हैं। लेटे हनुमान मंदिर के गर्भगृह में करीब 13 फीट तक पानी भर जाने के बाद इसे बंद करना पड़ा है। करीब दो दशक बाद ऐसी स्थिति बनी है, जब श्रद्धालुओं के लिए गर्भगृह को बंद करना पड़ा। चंद्रिका देवी मंदिर भी पानी कम होने तक बंद कर दिया गया है।

**रस्सी के सहारे पहुंच रही राहत सामग्रीः** फैजुल्लागंज और आसपास के जलभराव वाले इलाकों में जिंदगी बेहद मुश्किल हो गई है। घरों में कैद लोग पानी और भोजन के लिए राहत टीमों पर निर्भर हैं। कई जगह लोग रस्सी के सहारे बाल्टियों में राहत सामग्री खींचकर घरों तक पहुंचा रहे हैं। प्रभावितों का आरोप है कि हेल्पलाइन नंबरों पर फोन करने के बावजूद समय पर मदद नहीं मिल रही है। पानी और बिजली की समस्या ने संकट को और गंभीर बना दिया है। कई बस्तियों में बिजली आपूर्ति बाधित होने से लोगों को अंधेरे में रात गुजारनी पड़ रही है।

**एनडीआरएफ की तैनाती, राहत कार्य तेजः** बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव के लिए एनडीआरएफ की टीमें तैनात की गई हैं। जलभराव वाले इलाकों में फंसे लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने का काम किया जा रहा है। प्रशासन की टीमें भी प्रभावित इलाकों में निगरानी कर रही हैं। हालांकि, पानी लगातार बढ़ने से राहत कार्यों के सामने भी चुनौती बनी हुई है।

**50 हजार लोग कर चुके पलायनः** समाजवादी पार्टी के विधायक रविदास मल्होत्रा ने दावा किया कि बाढ़ की वजह से करीब 50 हजार लोग प्रभावित इलाकों से पलायन कर चुके हैं। उनका कहना है कि कई क्षेत्रों में लोगों के सामने घर छोड़ने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है। प्रभावित परिवारों का कहना है कि पानी, बिजली, भोजन और आवागमन–चारों मोर्चों पर संकट है।

**घरों पर ताले, सड़कों पर सन्नाटाः** फैजुल्लागंज, गणेश विहार और आसपास की बस्तियों में कई घरों पर ताले लटक रहे हैं। जिन परिवारों के पास सुरक्षित स्थान का विकल्प है, वे सामान समेटकर निकल रहे हैं। जिनके पास कहीं जाने की व्यवस्था नहीं है, वे ऊंचे स्थानों या घरों की ऊपरी मंजिलों पर रहने को मजबूर हैं। जलभराव के कारण गलियों और सड़कों पर सामान्य आवागमन लगभग ठप है। गोमती का जलस्तर लगातार बढ़ने के साथ अब सबसे बड़ी चिंता यह है कि पानी और कितने इलाकों में फैलता है। प्रशासन के सामने चुनौती सिर्फ लोगों को सुरक्षित निकालने की नहीं, बल्कि उन्हें पीने का पानी, भोजन, बिजली और स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की भी है।

नौ दिन बाद भी हालात सामान्य नहीं होने से बाढ़ प्रभावित इलाकों में लोगों का धैर्य जवाब देने लगा है। लोगों के चेहरे पर परेशानी साफ नजर आने लगी है।

## इकाना क्षेत्र में भी पानी का दबाव

गोमती का बढ़ता जलस्तर अब इकाना स्टेडियम और आसपास के क्षेत्रों में भी संकट बढ़ा रहा है। इकाना स्टेडियम के आसपास पानी भर गया है, जबकि प्लासियो मॉल की बाउंड्री वॉल तक पानी पहुंच चुका है। आसपास के कई इलाकों में जलभराव से आवागमन मुश्किल हो गया है। लोगों ने यह आरोप लगाया कि पानी लगातार बढ़ रहा है लेकिन इस बाढ़ को लेकर कोई ठोस कदम नही उठाया जा रहा है। यह भी लोगों में भ्रम है कि आखिर पानी आ कहां से रहा है। वही प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लेते हुए बचाव की रणनीति पर कार्य प्रारम्भ कर दिया है।

## गोमती में बाढ़ से 40 विद्यालयों में पढ़ाई ठप

गोमती नदी में आई बाढ़ के चलते सरकारी और निजी करीब 40 विद्यालयों में पढ़ाई प्रभावित हो गई है। कई स्कूलों में पानी घुसने के कारण बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए बीएसए ने विद्यालय बंद रखने के निर्देश दिए हैं। बख्शी का तालाब, काकोरी, गाजीपुर, घैला और जेहटा के विद्यालय बाढ़ से प्रभावित हैं।

### काकोरी में कमर तक पानी

काकोरी ब्लॉक के कई प्राथमिक विद्यालयों में कमर से ऊपर तक पानी भर गया है। बीएसए ने एआरपी को मौके पर भेजकर स्थिति की जानकारी ली, जिसके बाद विद्यालयों को अग्रिम आदेश तक बंद रखने के निर्देश दिए गए हैं। प्रभावित विद्यालयों में प्राथमिक विद्यालय टांडखेड़ा, प्राथमिक विद्यालय जेहटा प्रथम, प्राथमिक विद्यालय जेहटा द्वितीय, कंपोजिट विद्यालय सैथा और जूनियर प्राथमिक विद्यालय बंद है।

### बख्शी का तालाब में तीन फीट तक भरा पानी

बख्शी का तालाब क्षेत्र के छह सरकारी विद्यालयों में करीब तीन फीट तक पानी भर गया है। छोटे बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए इन विद्यालयों को बंद कर दिया गया है। इनमें प्राथमिक विद्यालय लासा, पूर्व माध्यमिक विद्यालय इकड़रिया कला, प्राथमिक विद्यालय इकड़रिया कला, प्राथमिक विद्यालय दूधरा, बेसिक विद्यालय यमखनवा और प्राथमिक विद्यालय बहादुरपुर शामिल हैं।

## खबरें एक नजर में

### एमएलसी चुनाव में छह पर्चे खारिज



**लखनऊ।** विधान परिषद के लखनऊ खंड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन–2026 के लिए बुधवार को हुई नामांकन पत्रों की जांच में छह पर्चे खारिज कर दिए गए। मंडलायुक्त/रिटर्निंग ऑफिसर विजय विश्वास पंत के अनुसार, नियमानुसार जांच के दौरान कमियां पाए जाने पर पांच नामांकन स्नातक खंड और एक शिक्षक खंड में निरस्त किया गया। स्नातक खंड में अवनीश कुमार वर्मा, कांति सिंह, रामचंद्र तिवारी, विनोद कुमार वर्मा और चंद्रभान मौर्य के पर्चे खारिज हुए। शिक्षक खंड में विद्यासागर का नामांकन निरस्त किया गया। पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराई गई।

### मलिहाबाद बीईओ पदमशेखर मौर्य को दी विदाई



**मलिहाबाद।** निवर्तमान खंड शिक्षा अधिकारी पदमशेखर मौर्य के सीनियर लेक्चरर, डायट रायबरेली पद पर पदोन्नति के बाद मलिहाबाद ब्लॉक संसाधन केंद्र पर बेसिक शिक्षा परिवार की ओर से सम्मान एवं विदाई समारोह आयोजित किया गया। समारोह का शुभारंभ मौर्य ने दीप प्रज्वलित एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष अवधेश कुमार व मंत्री फहीम बेग समेत जूनियर शिक्षक संघ और शिक्षामित्र संघ के पदाधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। एआरपी प्रीति सक्सेना व सत्य प्रकाश पांडेय ने उनके कार्यकाल की सराहना की। शिक्षकों ने पदोन्नति पर उन्हें शुभकामनाएं दीं। पदमशेखर मौर्य ने कहा कि मलिहाबाद में मिले सहयोग और सम्मान के लिए वे सदैव आभारी रहेंगे। उन्होंने शिक्षकों से समय प्रबंधन पर विशेष ध्यान देने का आग्रह किया। समारोह में बड़ी संख्या में शिक्षक–शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

### पैक्स कर्मचारियों का बकाया वेतन दे सरकार : संजय




**लखनऊ।** आम आदमी पार्टी (आआपा) के उत्तर प्रदेश प्रभारी एवं राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने प्रदेश की प्राथमिक कृषि ऋण सहकारी समितियों (पैक्स) के कर्मचारियों के कथित तौर पर लंबे समय से लंबित वेतन का मुद्दा उठाया है। उन्होंने राज्य सरकार से कर्मचारियों का बकाया वेतन तत्काल जारी करने की मांग की। लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय में बुधवार को पत्रकारों से बातचीत में संजय सिंह ने दावा किया कि प्रदेश की 7,266 पैक्स समितियों में से करीब 5,127 समितियों के सचिव, अकाउंटेंट और चौकीदार समेत अन्य कर्मचारियों को नियमित वेतन नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि करीब आठ वर्षों से वेतन भुगतान की समस्या बनी हुई है। सरकार के पास करीब नौ लाख करोड़ रुपये का बजट होने के बावजूद कर्मचारियों के वेतन के लिए 313 करोड़ रुपये की व्यवस्था नहीं होना चिंता का विषय है। संजय सिंह ने कहा कि आम आदमी पार्टी सहकारी समिति कर्मचारियों के आंदोलन का समर्थन करेगी और मुद्दे को सड़क से संसद तक उठाएगी। कर्मचारी प्रतिनिधि शैलेंद्र तिवारी ने 2,002 कैडर सचिवों में से 1,223 को नियमित वेतन नहीं मिलने का दावा किया। उन्होंने पदोन्नति समेत अन्य लंबित मामलों के समाधान की मांग की। संजय सिंह ने एसआईआर को लेकर भी सरकार पर निशाना साधा और नौ अक्टूबर को लखनऊ में प्रदेशव्यापी प्रदर्शन की घोषणा की। उन्होंने ईवीएम के बजाय बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग दोहराई।

## आयुष्मान भारत ने दिया स्वास्थ्य सुरक्षा का मजबूत कवच : ब्रजेश

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**



प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के आठ वर्ष पूरे होने पर बुधवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 'आयुष्मान संवाद' हुआ। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि आयुष्मान भारत करोड़ों गरीब और वंचित परिवारों के लिए स्वास्थ्य सुरक्षा का मजबूत कवच बना है।

उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य हर पात्र परिवार तक योजना का लाभ पहुंचाना है। गुणवत्तापूर्ण इलाज के लिए अस्पतालों की गुणवत्ता, फायर सेफ्टी, चिकित्सकों की उपलब्धता और डिजिटल हेल्थ रिकॉर्ड पर जोर दिया जा रहा है। योजना में पारदर्शिता के लिए डेटा एनालिटिक्स, फील्ड ऑडिट और तकनीक आधारित निगरानी मजबूत की गई है। संदिग्ध दावों और अनियमितताओं पर अस्पतालों के खिलाफ निलंबन, डी-एम्पैनलमेंट, जुर्माने और रिकवरी की कार्रवाई की जा रही है। पाठक ने कहा कि अच्छे अस्पताल सरकार के सहयोगी हैं, लेकिन अनियमितता के लिए कोई जगह नहीं है। उन्होंने पात्र लोगों से आयुष्मान कार्ड बनवाने की अपील की।

## किताबों में तलाश रहे युवा सफलता का मंत्र

- छींटाकशी के बीच साहित्य परिषद का काव्य समारोह व विमोचन

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**




सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। तैयारी ऐसी हो कि किस्मत भी घुटने टेक दे। 23वें राष्ट्रीय पुस्तक मेले में युवाओं के बीच प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी से जुड़ी किताबों की खूब मांग है। बलरामपुर गार्डन, अशोक मार्ग पर चल रहा मेला 11 अक्टूबर तक जारी रहेगा।

उपकार प्रकाशन के स्टाल पर प्रतियोगिता दर्पण के साथ यूपीएससी, राज्य सिविल सेवा, सीसैट, नेट-जेआरएफ समेत विभिन्न प्रवेश और भर्ती परीक्षाओं की हिंदी-अंग्रेजी पुस्तकें उपलब्ध हैं। एनसीईआरटी आधारित ऑब्जेक्टिव प्रश्न बैंक, करेंट अफेयर्स, सामान्य ज्ञान और रीजनिंग की किताबें भी युवाओं को पसंद आ रही हैं। स्कूली विद्यार्थियों के लिए बेसिक अर्थमेटिक जैसी पुस्तकें भी हैं। प्रभात प्रकाशन के स्टाल पर 'परीक्षा में मेरिट कैसे पाएं', 'आओ करें यूपीएससी क्रैक' और 'आईआईटी में प्रवेश कैसे' जैसी किताबें हैं। राजपाल के स्टाल पर 'प्रेम मंजूषा', 'भारत की आवाज' और 'आपका भविष्य आपके हाथ' जैसी प्रेरक पुस्तकें मौजूद हैं। याशिका, आर्यन बुक और पद्म बुक के स्टालों पर भी विद्यार्थियों के लिए उपयोगी सामग्री उपलब्ध है। क्रिएटर लाउंज में डॉ. उदय प्रताप सिंह ने अपनी चुनिंदा रचनाएं सुनाईं और पाठकों के सवालों के जवाब दिए। उन्होंने कहा कि सम्मान समारोह में मिला सम्मान ही महत्वपूर्ण है, पैसा नहीं। उन्होंने बताया कि सम्मान में मिली राशि का आधे से अधिक हिस्सा जरूरतमंदों की मदद में लगा दिया। कार्यक्रम में इंटर के 16 वर्षीय छात्र कार्तिकेय चंद्र के अंग्रेजी सस्पेंस-थ्रिलर कथा संग्रह 'द लाइट फ्लिकर्ड' का विमोचन लेखक महेंद्र अग्रवाल ने किया। शाम को वैदेही वेलफेयर फाउंडेशन और सूर्य नारायण फाउंडेशन के काव्य समारोह भी हुए। निःशुल्क प्रवेश वाले मेले का समय सुबह 11 से रात नौ बजे तक है। यहां खरीदी गई हर पुस्तक पर कम से कम 10 प्रतिशत छूट मिल रही है।

## बेगम अख्तर की जयंती पर सुरों से सजी महफिल

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**




प्रसिद्ध ग़ज़ल एवं ठुमरी गायिका बेगम अख्तर (अख्तरी बाई) की जयंती के अवसर पर आज भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय, लखनऊ के कला मंडपम सभागार में विशेष गायन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं ने अपनी भावपूर्ण प्रस्तुतियों के माध्यम से बेगम अख्तर की अमर संगीत साधना एवं उनकी विशिष्ट गायन शैली को श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बेगम अख्तर भारतीय संगीत जगत की ऐसी महान कलाकार थीं, जिन्होंने ग़ज़ल, ठुमरी और दादरा जैसी विधाओं को अपनी अनूठी गायकी से नई पहचान प्रदान की। भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय के इतिहास का गौरव रहा है की बेगम साहिबा यहाँ से जुड़ी रहीं और यहाँ के विद्यार्थियों तथा शिक्षकों को उनका सनिध्य मिला। उनकी गायकी में भाव, संवेदना और स्वर की गहराई का अद्भुत समन्वय देखने को मिलता है। उनकी संगीत साधना सदैव कलाकारों एवं विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत रहेगी। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. विवेक सरोज द्वारा बेगम अख्तर के जीवन, संगीत यात्रा एवं कला से संबंधित प्रश्नों के माध्यम से हुई। इसके पश्चात विश्वविद्यालय के शिक्षक विनायक सहाय ने सारंगी वादन के माध्यम से राग मुल्तानी प्रस्तुत किया। इसके बाद उन्होंने बेगम अख्तर की प्रसिद्ध ठुमरी हमरी अटरिया पे आ जा रे संवरिया प्रस्तुत कर वातावरण को सुरमयी बना दिया। इस प्रस्तुति में तबले पर मोहित दुबे तथा तानपुरे पर अर्पिता पंकज शुक्ल ने संगत की। इसके पश्चात विश्वविद्यालय की छात्रा रिया तिवारी ने बेगम अख्तर की प्रसिद्ध ग़ज़ल अभी फ़रमान आया है वहाँ से प्रस्तुत की। छात्रा शिवांगी पाण्डेय ने कुछ इशारे थे जिन्हें दुनिया समझ बैठे हम ग़ज़ल की भावपूर्ण प्रस्तुति दी।

## रसूखदार एक्सईएन पर आरोपों की जांच निर्णायक दौर में

- आरोपों के बीच टेंडर भी जांच के घेरे में
- शासन को भेजी जाएगी रिपोर्ट

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

लघु सिंचाई विभाग खंड सीतापुर के तत्कालीन एक्सईएन सुवेन्द्र कुमार के खिलाफ लगाए गए आरोपों की जांच अब निर्णायक दौर में पहुंच गई है।

पूर्व सांसद एवं भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा की शिकायत पर सीडीओ ने डीडीओ और एक्सईएन आरईडी की दो सदस्यीय जांच टीम गठित की थी। टीम विभागीय अभिलेखों, टेंडर प्रक्रिया और शिकायत में लगाए गए आरोपों से जुड़े दस्तावेजों की पड़ताल कर रही है। डीडीओ के मुताबिक जांच जल्द पूरी कर दी जाएगी। इसके बाद सीडीओ जांच आख्या शासन को भेजेंगी।

मामले में लखीमपुर खीरी की फर्म सुप्रीम इंटरप्राइजेज को टेंडर दिए जाने का मुद्दा प्रमुख है। शिकायत में आरोप है कि निर्धारित तिथि समाप्त होने के बाद भी फर्म को टेंडर दिया गया। साथ ही फर्म की ओर से लगाया गया चरित्र प्रमाण पत्र भी टेंडर की तिथि के बाद का बताया गया है। जांच टीम इन दस्तावेजों और टेंडर प्रक्रिया की वैधानिकता की जांच कर रही है।

शिकायत में एक्सईएन पर चहेती फर्मों और ठेकेदारों को कथित लाभ पहुंचाने, गुणवत्ताविहीन बोरिंग व पाइप सप्लाई कराने तथा किसानों को दिए जाने वाले समर्सिबल और एसेसरीज की खरीद में अनियमितता के आरोप लगाए गए हैं। फर्मों के पंजीकरण में सक्षम स्तर की अनुमति और शासनादेशों की अनदेखी तथा किसानों से अभद्र व्यवहार के आरोप भी शामिल हैं।

## यूकेजी छात्र अयांश ने राष्ट्रीय स्तर पर जीता गोल्ड मेडल




**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** सिटी मांटेसरी स्कूल, इंदिरा नगर के यूकेजी छात्र अयांश तिवारी ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय और राजधानी का नाम रोशन किया। ब्रेनोब्रेन किड्स एकेडमी प्राइवेट लिमिटेड की ओर से आयोजित 15वें नेशनल लेवल इंटर स्कूल कम्पटीशन 'बॉब वंडरकिड 2025' में अयांश ने गोल्ड टॉपर का खिताब हासिल किया। प्रतियोगिता में उसने ऑल इंडिया स्तर पर 682वां स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल जीता। बेटे की उपलब्धि से परिवार में खुशी का माहौल है। परिणाम घोषित होने पर पिता राहुल तिवारी भावुक हो उठे। अयांश की सफलता पर विद्यालय परिवार, शिक्षकों और स्थानीय लोगों ने उसे बधाई दी। इतनी कम उम्र में मिली यह उपलब्धि अन्य बच्चों के लिए भी प्रेरणादायी है।

**उपहार** | 10 लाख की आबादी को फायदा पहुंचाने की कवायद

## दीपावली पर मिलेगा सबसे ऊंचे फ्लाईओवर का गिफ्ट

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में का सबसे ऊंचा फ्लाईओवर दीपावली से चालू हो जाएगा। इसे फ्लाईओवर के चालू होने से लखनऊ की लगभग 10 लाख की आबादी को बड़ा लाभ मिलेगा।

लखनऊवालों को दिवाली पर मिलेगा सबसे ऊंचे फ्लाईओवर का गिफ्ट, 10 लाख की आबादी को फायदा

एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने फ्लाईओवर का निरीक्षण किया।



लखनऊवालों को दिवाली पर सबसे ऊंचे फ्लाईओवर का गिफ्ट मिलने जा रहा है। यहां ग्रीन कॉरिडोर परियोजना के अंतर्गत बन रहा लखनऊ का सबसे ऊंचा फ्लाईओवर इस दीपावली से चालू हो जाएगा। इससे डालीगंज से पक्का पुल तक का सफर महज 02 मिनट में पूरा होगा। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने मंगलवार को परियोजना का निरीक्षण किया। मौके पर यातायात सुचारू रूप से संचालित हो, इसके लिए उन्होंने टीले वाली मस्जिद के पास इंटीग्रेटेड रोटरी बनाने के निर्देश दिये हैं।

उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि पक्का पुल (हर्डिंग ब्रिज) से डालीगंज रोटरी के मध्य बना यह 2–लेन फ्लाईओवर 1.1 किलोमीटर लंबा है। रेलवे ब्रिज के ऊपर बने इस फ्लाईओवर की जमीन से ऊंचाई लगभग 25 मीटर है। फ्लाईओवर के स्ट्रक्चर का निर्माण पूरा हो चुका है और मौके पर डामरीकरण एवं स्ट्रीट लाइट्स का कार्य करवाया जा रहा है। अक्टूबर माह के अंत तक समस्त अवशेष कार्य पूर्ण कराकर इसे दीपावली से पहले चालू करने की योजना है।

इस फ्लाईओवर के शुरू होने से पक्का पुल से समतामूलक चौराहे तक सीधा आवागमन सुनिश्चित होगा और पुराने लखनऊ की लगभग 10 लाख की आबादी को बड़ा लाभ मिलेगा। निरीक्षण में पीआईयू के प्रभारी एके सिंह सेंगर, जोनल अधिकारी प्रभाकर सिंह, अधिशासी अभियंता अजीत कुमार एवं मनोज सागर समेत अन्य अधिकारी एवं अभियंता उपस्थित रहे।

इंटीग्रेटेड रोटरी से दौड़ेगा ट्रैफिक

फ्लाईओवर पर चढ़ने व उतरने वाले ट्रैफिक को सुरक्षित और सुगम रास्ता देने के लिए इंटीग्रेटेड रोटरी बनायी जाएगी। इसके अंतर्गत टीले वाली मस्जिद के पास एक नयी रोटरी बनेगी। वहीं, मरी माता मंदिर के पास पूर्व निर्मित रोटरी को री–मॉडल करके वाहनों के लिए 4–लेन पैसेज तैयार किया जाएगा। उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि आईआईटी, बीएचयू और वीएनआईटी नागपुर की संयुक्त टीम द्वारा सर्वे कराकर इंटीग्रेटेड रोटरी की ड्राइंग तैयार करायी गयी है।

अजय राय अयोध्या पहुंचे, रामलला दर्शन के बाद पद से हटाने पर भी बोले

पक्का पुल बनेगा पेडेस्ट्रियन ब्रिज

एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि सेतु निगम द्वारा पक्का पुल के पास गोमती नदी पर नया ब्रिज बनाया जा रहा है। इस ब्रिज के बनकर चालू होने के बाद पक्का पुल पर वाहनों का प्रवेश बंद कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि पक्का पुल को पैदल यात्रियों के लिए पेडेस्ट्रियन ब्रिज के रूप में उपयोग में लाने का प्रस्ताव है।

## डीएवी व नाका चौराहे पर नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**



सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत नवयुग कन्या महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाइयों एवं बी.एड. विभाग के संयुक्त तत्वाधान में जन-जागरूकता हेतु नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। नाटक के माध्यम से छात्राओं ने उपस्थित जनसमुदाय को महिलाओं की आत्मनिर्भरता, सुरक्षा और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। साथ ही, सरकार द्वारा महिलाओं के कल्याण हेतु चलाई जा रही विभिन्न जन-कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए समाज में बेटियों की शिक्षा और स्वावलंबन पर बल दिया।

इसी क्रम में शहर के व्यस्ततम चौराहा नाका चौराहे पर छात्राओं द्वारा नशा मुक्ति अभियान को ध्यान में रखकर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। छात्राओं ने व्यसन से परिवारों में होने वाले विघटन, शारीरिक व मानसिक दुष्परिणामों तथा आर्थिक हानि को कलात्मक ढंग से रेखांकित किया। नाटक ने आम जनता को नशे का त्याग कर एक स्वस्थ एवं प्रगतिशील समाज के निर्माण का संकल्प दिलाया।

महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. मंजुला उपाध्याय ने छात्राओं के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि युवा शक्ति ही समाज में सकारात्मक बदलाव की संवाहक है। सार्वजनिक स्थानों पर ऐसे आयोजनों से जन-सामान्य में जागरूकता का तेज़ी से प्रसार होता है।

नुक्कड़ नाटक के सफल मंचन में सानवी खन्ना, मधु यादव, श्रुति पाण्डे, गोल्डी गौतम, अंशिका सिंह, अंजली कुमारी,शिल्पा यादव, दर्शना उपाध्याय, निशा बानो, श्वेता शर्मा, अंजली गुप्ता, अंकिमा देवी, गूनी गुप्ता, अनुश्री त्रिपाठी, शिवांगी, अदिति गुप्ता आदि छात्राओं की मुख्य भूमिका रही।

# डीएम ने किया जनगणना फील्ड ट्रेनर्स प्रशिक्षण का शुभारंभ

**जिलाधिकारी ने शत प्रतिशत गणना के दिए निर्देश**

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।

जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने बुधवार को जीडी गोयनका में आयोजित जिला फील्ड ट्रेनर्स के तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया। यह प्रशिक्षण 7 से 9 अक्टूबर 2026 तक चलेगा।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि जनगणना के प्रथम चरण में जनपद की टीम ने पूर्ण मनोयोग और जिम्मेदारी के साथ कार्य किया, जिसके परिणामस्वरूप शाहजहाँपुर स्वगणना में प्रदेश में प्रथम तथा जनगणना में तृतीय स्थान पर रहा। उन्होंने इसके लिए सभी



अधिकारियों व कर्मचारियों को बधाई दी और द्वितीय चरण में भी इसी टीम भावना से उत्कृष्ट कार्य करने का आह्वान किया। डीएम ने बताया कि प्रथम चरण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी फील्ड ट्रेनर्स को 18 अक्टूबर 2026 को आयोजित सम्मान भोज में सपरिवार आमंत्रित कर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिए कि निर्धारित अवधि में प्रत्येक व्यक्ति की शत-प्रतिशत गणना सुनिश्चित की जाए, कोई भी पात्र व्यक्ति छूटने न पाए और कार्य को पूरी गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ किया जाए। अपर जिलाधिकारी/जिला जनगणना अधिकारी ने बताया कि द्वितीय चरण में यूपी, उत्तराखंड, पंजाब व गोवा में जनगणना होगी। स्वगणना 16 से 30 नवंबर 2026 तक, द्वितीय चरण की गणना 01 दिसंबर 2026 से 04 जनवरी 2027 की मध्यरात्रि तक, बेघर परिवारों की गणना 04 जनवरी 2027 को शाम 6 बजे से रात्रि 12 बजे तक तथा पुनरीक्षण कार्य 05 से 09 जनवरी 2027 तक किया जाएगा।।प्रशिक्षण स्टेट मास्टर ट्रेनर सर्वेश कुमार यादव, तहसीलदार न्यायिक सदर दीपेन्द्र कुमार, तहसीलदार न्यायिक पुवायां चिन्ता कुमार तिवारी, चकबंदी अधिकारी शाहजहाँपुर तथा सहायक अध्यापक पुवायां अनूप कुमार बरनवाल द्वारा दिया जा रहा है। इस दौरान एडीएम वित्त एवं राजस्व अरविंद कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## परशुरामपुरी के शंकर महाराज मंदिर पर कब्जे की कोशिश पुजारी को धमकी, मुकदमा दर्ज

**जलालाबाद, शाहजहांपुर।** परशुरामपुरी स्थित प्राचीन शंकर महाराज मंदिर पर कब्जे की कोशिश और पुजारी को जान से मारने की धमकी देने के मामले में परशुरामपुरी कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। घटना से श्रद्धालुओं में आक्रोश है। घटना 18 सितंबर की शाम की है। मंदिर के पुजारी गौरीशंकर त्रिवेदी भक्तों के बीच संध्या आरती करा रहे थे, तभी शास्त्री नगर निवासी कृष्ण मुरारी मिश्रा पुत्र नंदकिशोर मिश्रा अपने दो अज्ञात साथियों के साथ मंदिर परिसर में घुस आया। आरोप है कि उसने जीर्णोद्धार सामग्री हटाने और दो दिन के भीतर मंदिर परिसर खाली करने का फरमान सुनाया। विरोध करने पर आरोपी ने पुजारी के साथ अभद्रता करते हुए जान से मारने की धमकी दी, जिससे पुजारी परिवार भयभीत है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने बीएनएस की धारा 351(3) व 131 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# वन्यजीवों-जैव विविधता का संरक्षण प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।

वन्यजीव सप्ताह के अंतर्गत जीएफ कॉलेज के जंतु विज्ञान विभाग में सालिम अली जूलॉजिकल सोसायटी के तत्वावधान में ज्ञानवर्धक एवं रोचक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में वन्यजीवों,जैव विविधता, पर्यावरण संरक्षण एवं प्राकृतिक संसाधनों के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना रहा।इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. मोहसिन हसन खान ने कहा कि वन्यजीवों एवं जैव विविधता का संरक्षण प्रत्येक नागरिक की ज़िम्मेदारी है।उन्होंने विद्यार्थियों से पर्यावरण संरक्षण के प्रति संवेदनशील एवं जिम्मेदार भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।विभागाध्यक्ष प्रो अरीब अंजुम रहमान ने वन्यजीव संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि




प्रकृति में प्रत्येक जीव की अपनी महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने में जीव-जंतुओं के योगदान को रेखांकित किया।क्विज प्रतियोगिता में बीएससी एवं एमएससी के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में भारतीय वन्यजीव, जैव विविधता, संरक्षण परियोजनाओं, राष्ट्रीय उद्यानों, वन्यजीव अभयारण्यों तथा पर्यावरण से संबंधित प्रश्न पूछे गए।इस प्रतियोगिता में आफिया खान ने प्रथम,इंशा रहमान एवं शिफा ने द्वितीय तथा सायमा सबरीन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।वहीं महरीन एवं अफरोज हसन रजा खान को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। विजेताओं को प्राचार्य एवं विभागीय शिक्षकों द्वारा प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम को सफल बनाने में जंतु विज्ञान विभाग के डा. मो शोएब, डा. अरशद अली, डा. शाहिस्ता खान, डॉ सौम्या शर्मा और डॉ राजेश कुमार का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## खबरें एक नजर में

### स्वास्थ्य शिविर के दूसरे दिन उमड़ी भीड़

**शाहजहांपुर।** रोजा पावर सप्लाई कंपनी लिमिटेड में दूसरे दिन श्रमिक सम्मान स्वास्थ्य शिविर का आयोजन श्रम विभाग एवम फैक्ट्री प्रबंध तंत्र द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। जिसमें सीएचसी भावलखेड़ा, कर्मचारी राज्य बीमा योजना और वरुण अर्जुन मेडिकल यूनिवर्सिटी के डॉक्टरों की टीम ने श्रमिकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और उनकी शुगर और ब्लड प्रेशर के सात अन्य विभिन्न जांचे संपादित कराई गई। जिसमें लिपिड प्रोफाइल, यूरिन,टीएफटी, सीबीसी आदि प्रमुखता से की गई। शिविर के आज दूसरे दिन तक 770 श्रमिकों द्वारा अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया है। यह शिविर 8 अक्टूबर को भी आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर श्रम प्रवर्तन अधिकारी राजेश सिंह , श्रम प्रवर्तन अधिकारी नागेंद्र त्रिपाठी, मो शमीम, मो. नफीस इदरिशि,रोजा पावर सप्लाई लिमिटेड के एचआर पवन सिंह, मनीष कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे।



### डिवाइडर तोड़कर बना लिया निकास

**सेहरामऊ दक्षिणी, शााहजहांपुर।** लखनऊ पलिया हाइवे पर पड़ने वाले गाँव जलालपुर के पास किसी व्यक्ति ने डिवाइडर तोड़कर आवागमन शुरू करा दिया। डिवाइडर तोड़े जाने के बाद शासन स्तर से कोई कार्यवाही नहीं होने की क्षेत्र में चर्चा आम है। बुधवार की सुबह जलालपुर के पास पड़ने वाले पेट्रोल पम्प के पास से निकले हाइवे पर बने डिवाइडर का करीब 12 मीटर हिस्सा तोड़े जाने का वीडियो वायरल हो रहा है जिसकी जानकारी एन एच ए आई के अधिकारियों को होने के बाबजूद अभी तक किसी भी अधिकारी / कर्मचारी ने कोई ध्यान नहीं देने की चर्चा जोरों से क्षेत्र में चल रही है।



### पुवायां में किसानों का प्रदर्शन, सीओ और एसडीएम ने की वार्ता

**पुवाया,शाहजहांपुर।** भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) के आह्वान पर मंगलवार को किसानों ने विभिन्न समस्याओं को लेकर डाक बंगला पुवायां में प्रदर्शन किया। इस बीच सीओ पुवायां, प्रभारी निरीक्षक पुवायां एवं नायब तहसीलदार अमित कुमार के बीच थाने पर वार्ता हुई। वार्ता में प्रशासन द्वारा समस्याओं के समाधान हेतु 5 दिन का समय मांगा गया। संगठन पदाधिकारियों ने समय देने पर सहमति जताई, लेकिन डाक बंगला परिसर में धरना-प्रदर्शन यथावत जारी रखने की घोषणा की। वार्ता में जिलाध्यक्ष भारत सिंह यादव, जिला प्रभारी महेश चंद्र वर्मा, तहसील अध्यक्ष संजय मिश्रा, जिला मुख्य महासचिव डॉ. संतोष कुमार, जिला कोषाध्यक्ष मास्टर प्रयाग दत्त, जिला उपाध्यक्ष अभय सिंह मौजूद रहे। धरने पर नरवेंश कुमार, हरपाल, सुनील कुमार, मुंगालाल, सूरजपाल सहित सैकड़ों कार्यकर्ता बैठे रहे।



### लोकतंत्र की रक्षा को लेकर सपा का प्रदर्शन

**जलालाबाद, शाहजहांपुर।** लोकतंत्र की रक्षा, मताधिकार की सुरक्षा और निर्वाचन प्रक्रिया में निष्पक्षता की मांग को लेकर समाजवादी पार्टी ने बुधवार को जोरदार प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग की। प्रदर्शन के बाद सपा नेताओं ने राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। एसडीएम की अनुपस्थिति में ज्ञापन लिया गया। इस दौरान सपा विधानसभा अध्यक्ष सूरजपाल सिंह यादव, सपा नेत्री ज्योत्सना कश्यप, सूची कश्यप, डॉ. रागिनी सिंह, रामबीर सोमवंशी, अमन पांडेय, रामदास राठौर समेत बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।




# नंदीशाला में गोवंशों की बदहाली पर हिंदू युवा वाहिनी का हल्लाबोल

**सीडीओ को सौंपा ज्ञापन, 10 दिन का अल्टीमेटम**

समृद्धि न्यूज, शााहजहांपुर।

थाना कांट क्षेत्र के ग्राम दिलावरपुर (खनानपुर) स्थित गौशाला में गोवंशों की दयनीय स्थिति और अकाल मृत्यु को लेकर हिंदू युवा वाहिनी ने कड़ा रुख अपनाया है। संगठन के बरेली मंडल अध्यक्ष प्रदीप शर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने मुख्य विकास अधिकारी उत्कर्ष द्विवेदी को ज्ञापन सौंपकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। हाल ही में




सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में गौशाला के भीतर गोवंश बदहाल, बीमार एवं मृत अवस्था में पड़े दिखाई दिए थे। पूर्व शिकायतों के बावजूद कार्रवाई न होने पर संगठन में आक्रोश है। ज्ञापन देते हुए मंडल अध्यक्ष प्रदीप शर्मा एवं जिलाध्यक्ष दीपक त्रिपाठी ने कहा कि गौशाला में गोवंशों के साथ क्रूरता हो रही है और बजट का बंदरबांट कर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। उन्होंने वायरल वीडियो का संज्ञान लेकर जांच कराने, दोषी ठेकेदार, ग्राम प्रधान व जिम्मेदार कर्मचारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि यदि 10 दिनों के भीतर कार्रवाई व व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो संगठन उग्र आंदोलन व धरना-प्रदर्शन को बाध्य होगा। कार्यकर्ताओं ने बजट गबन की निष्पक्ष जांच, ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट करने, लापरवाह अधिकारियों को निलंबित करने तथा बीमार गोवंशों के तत्काल इलाज, चारा-पानी और शेड की सफाई की मांग की। इस दौरान अभिषेक सिंह, मोहित सिंह, मोहित यादव, दीपक, कृष्ण टंडन समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## विधायक सलोना कुशवाहा ने दिए दो डेडबॉडी फ्रीजर

**एक सीएचसी में, दूसरा दोद राजपुर मोक्षधाम में**




**तिलहर-शाहजहांपुर।** क्षेत्रीय भाजपा विधायक सलोना कुशवाहा ने विधायक निधि से दो डेड बॉडी फ्रीजर बॉक्स सीएचसी व मोक्ष धाम को प्रदान किए। सीएचसी में डेडबॉडी संरक्षण के लिए मोर्चरी में फ्रीजर उपलब्धता न होने पर विधायक सलोना कुशवाहा ने विधायक निधि से एक फ्रीजर बॉक्स चिकित्साधीक्षक डॉ ओमेंद्र राठौर की सुपुर्दगी में बतौर प्रतिनिधि सौरभ गुप्ता रवि द्वारा दिलवाया। इस मौक पर डॉ कमर उज्जमा, सोनू खन्ना, फार्मासिस्ट हरिशंकर वर्मा, नबी जान आदि मौजूद रहे। विधायक ने एक डेड बॉडी फ्रीजर दोद राजपुर स्थित मोक्ष धाम कमेटी को भी सुपुर्द कराया।

## दैवीय आपदा पीड़ित 7384 किसानों को मिले 5.06 करोड़ के चेक, विधायक चेतराम ने किया वितरण



**पुवायां,शाहजहांपुर।** तहसील सभागार में मंगलवार को दैवीय आपदा से पीड़ितों को राहत अनुदान वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पुवायां विधायक चेतराम ने 7384 किसानो को कुल 5,06,03,349 रुपये की धनराशि के चेक वितरित किए। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार किसान हितों के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। आपदा की घड़ी में सरकार हर पीड़ित किसान के साथ खड़ी है। कार्यक्रम में उप जिलाधिकारी सदानंद सरोज, तहसीलदार अनंगराज सिंह, मुनीश मिश्रा, पुनीत शर्मा, ओमेन्द्र चौधरी सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## कृषि यंत्रों पर अनुदान को 20 तक करें बुकिंग

**शाहजहांपुर।** वर्ष 2026-27 में कृषि विभाग में संचालित विभिन्न योजनाओ के अन्तर्गत कृषकों द्वारा 7 अक्टूबर से 20 अक्टूबर की रात्रि 12 बजे तक कृषि यन्त्र, कृषि रक्षा उपकरण, कृषि ड्रोन, फसल अवशेष प्रबन्धन के कृषि यंत्र, कस्टम हायरिंग सेन्टर, हाईटेक हब फार कस्टम हायरिंग, फार्म मशीनरी बैंक की स्थापना इत्यादि हेतु अवशेष कृषि यंत्रों की बुकिंग की जा रही है। डीडी कृषि पीके मिश्रा ने बताया किनिर्देशों की पात्रता के अनुसार बुकिंग की जानी है। लक्ष्य से अधिक बुकिंग की स्थिति में कृषकों का चयन नियमानुसार ई-लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा। कृषक किसी भी जानकारी के लिये अपने नजदीकी राजकीय कृषि बीज भण्डार अथवा उप कृषि निदेशक कार्यालय में सम्पर्क कर सकते है।

# सीएचसी में संचारी रोग नियंत्रण को लेकर आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों की बैठक

समृद्धि न्यूज, परशुरामपुरी, शाहजहाँपुर।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जलालाबाद में संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यकर्ताओं को संचारी रोगों के साथ ही टीबी की पहचान एवं बचाव के संबंध में जानकारी दी गई।

बैठक की अध्यक्षता प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. दिनेश सिंह ने की। संचारी रोग प्रभारी रोबिन कुमार ने कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए कि वे घर-घर संपर्क कर टीबी के संभावित मरीजों को चिन्हित करें। यदि किसी व्यक्ति को दो सप्ताह से अधिक समय से खांसी, शाम के समय बुखार, वजन कम होना अथवा भूख न लगना



जैसी शिकायत हो तो उसे तत्काल सीएचसी लाया जाए, जहां जांच के बाद निःशुल्क उपचार शुरू किया जाएगा। बैठक में बरसात के बाद मलेरिया व डेंगू से बचाव को लेकर भी जागरूकता पर जोर दिया गया। कार्यकर्ताओं से घरों के आसपास पानी जमा न होने देने, मच्छरदानी का प्रयोग करने एवं साफ-सफाई बनाए रखने के लिए लोगों को प्रेरित करने को कहा गया। बुखार होने पर झोलाछाप डॉक्टरों के बजाय सरकारी अस्पताल में जांच कराने की अपील की गई। एडीओ पंचायत रमेश चंद्र मिश्रा ने पंचायत स्तर से अभियान में सहयोग का भरोसा दिलाया। कहा कि ग्राम प्रधानों के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया जाएगा। इस दौरान सुपरवाइजर निधि सिंह, सिद्धार्थ गुप्ता, रीना कुमारी, डीटीओ करण कुमार सहित ब्लॉक क्षेत्र की सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

# धान की फसल डूबी, ड्रम के सहारे फसल निकाल रहे किसान

## किसानों ने मुआवजे के लिए फसल नुकसान का आकलन कराने की उठाई मांग

**खेतों में कई दिनों से भरा पानी, सड़ने लगी फसल**

समृद्धि न्यूज, जैतीपुर, शाहजहांपुर।

पिछले दिनों हुई लगातार बारिश अब किसानों के लिए मुसीबत बन गई है। खेतों में जलभराव होने से धान की खड़ी फसल को काटना मुश्किल हो रहा है। जुझारपुर गांव के निचले इलाके में खेतों में बारिश का पानी भरा होने के कारण किसान किसी तरह फसल को बाहर निकालकर अपनी गाढ़ी कमाई बचाने में जुटे हैं। कई किसान कटे हुए प्लास्टिक के ड्रम का सहारा लेकर



पानी से होकर धान की फसल को खेत से बाहर ला रहे हैं। खेतों में पानी अधिक होने के कारण सामान्य तरीके से फसल की कटाई संभव नहीं हो पा रही है। किसान पहले पानी से होकर धान की फसल काटते हैं और इसके बाद उसे ड्रम में रखकर पानी भरे खेत से बाहर निकाल रहे हैं। किसानों का कहना है कि बारिश का पानी लंबे समय तक खेत में भरा रहने से धान की फसल प्रभावित हो रही है। इससे दाने की गुणवत्ता खराब होने के साथ ही उत्पादन में भी कमी आने की आशंका है। कई जगह फसल गिरने और पानी में डूबे रहने से किसानों को अतिरिक्त मेहनत करनी पड़ रही है। किसानों के सामने एक ओर फसल बचाने की चुनौती है तो दूसरी ओर समय पर कटाई नहीं होने पर नुकसान और बढ़ने का डर है। किसानों ने बताया कि बारिश से हुए नुकसान के बावजूद अभी तक फसल क्षति का कोई सर्वे या आकलन नहीं कराया गया है। उनका कहना है कि यदि समय रहते नुकसान का आकलन करा लिया जाए तो प्रभावित किसानों को नियमानुसार मुआवजा मिल सकता है। किसानों ने प्रशासन से जलभराव वाले खेतों का निरीक्षण कराकर फसल नुकसान का सर्वे कराने और पात्र किसानों को मुआवजा दिलाने की मांग की है।

# बसपा की विधानसभा स्तरीय बैठक संपन्न

**लखनऊ सम्मेलन की तैयारियों पर मंथन**

**शाहजहांपुर।** तिलहर विधानसभा क्षेत्र की विधानसभा स्तरीय बैठक मुड़िया मोड़ स्थित एक विद्यालय में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष रामवीर सिंह एडवोकेट ने की। बैठक में बसपा जिलाध्यक्ष उदयवीर सिंह गौतम ने बताया कि 9 अक्टूबर को लखनऊ में विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित होने जा रहा है। इसके लिए 25 छोटी गाड़ियों एवं 5 बसों की व्यवस्था की गई है। प्रत्येक सेक्टर पर एक पॉइंट बनाया गया है, जहां कार्यकर्ता निश्चित समय पर एकत्र होंगे। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष उदयवीर सिंह, जिला



कार्यकारिणी सदस्य राजेंद्र कुमार गौतम, विधानसभा अध्यक्ष रामवीर सिंह एडवोकेट, विधानसभा प्रभारी रघुवीर गौतम, सेक्टर अध्यक्ष निराशा राम, संभावित प्रभारी प्रत्याशी डॉ. अजय शर्मा, अनुज राजवंशी, उपाध्यक्ष आसिफ मंसूरी, जिला कार्यकारिणी सदस्य फौजी उमेश सिंह, सेक्टर अध्यक्ष रविंद्र सिंह, पूर्व नगर महासचिव शुभम सिंह, रोहित कुमार सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन कृष्ण पाल गौतम ने किया।

# जीएफ कॉलेज की पुरुष शतरंज टीम ने शानदार प्रदर्शन कर प्रथम स्थान पाया

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।

एमजेपी रूहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली द्वारा आवंटित अंतर महाविद्यालयीय शतरंज पुरुष एवं महिला टूर्नामेंट 2026-27 का आयोजन ठाकुर रोशन सिंह संघटक राजकीय महाविद्यालय नवादा दरोबस्त,कटरा में किया गया, जिसमें जीएफ कॉलेज की पुरुष शतरंज टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया।इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए प्राचार्य प्रो. मोहसिन हसन खान ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों में अनुशासन,एकाग्रता,धैर्य और निर्णय लेने की क्षमता का विकास करते हैं।उन्होंने कहा कि शतरंज जैसी बौद्धिक खेल प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन महाविद्यालय के लिए गौरव की बात है।उन्होंने खिलाड़ियों को मेडल एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित भी किया।क्रीड़ा सचिव



डा. मो. शोएब एवं उपक्रीड़ा सचिव डा. मो. काशिफ नईम ने भी पूरी टीम को शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई दी और खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।टीम मैनेजर डा. इमरान अहमद खान के नेतृत्व मे पुरुष वर्ग के अंतर्गत सफलता प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों में मोहम्मद अज़ीम ने प्रथम स्थान ,मोहम्मद सालिम अली ने द्वितीय तथा प्रखर श्रीवास्तव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।वहीं महिला वर्ग में महाविद्यालय की प्रतिभा आर्यन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

# रोजा चौराहे से रेलवे कॉलोनी मार्ग पर सड़क निर्माण शुरू

**जेसीबी पहुंचते ही दुकानदारों में मचा हड़कंप, खुद हटाने लगे अतिक्रमण**

समृद्धि न्यूज, रोजा, शाहजहांपुर।

रोजा मुख्य चौराहे से रेलवे कॉलोनी जाने वाले जर्जर मार्ग के दिन अब बहुरने की उम्मीद जगी है। पूर्व चेयरमैन अजय कुमार गुप्ता के प्रयास से वार्ड संख्या एक के अंतर्गत नगर निगम ने सड़क निर्माण कार्य शुरू करा दिया है। निर्माण के लिए जेसीबी पहुंचते ही सड़क किनारे अतिक्रमण किए बैठे दुकानदारों में हड़कंप मच गया। कई दुकानदारों ने कार्रवाई से पहले ही अपना अतिक्रमण स्वयं हटाना शुरू कर दिया।

ठेकेदार के मुनीम अजय कुमार ने बताया कि नगर निगम की ओर से रोजा मुख्य चौराहे से लोको फोरमैन कोठी की ओर करीब 100 मीटर



सड़क निर्माण का ठेका मनीष अग्रवाल को दिया गया है। सड़क की निर्धारित चौड़ाई छह मीटर है और मौके पर भी छह मीटर चौड़ाई के निशान लगाए गए हैं।

हालांकि, सड़क निर्माण के साथ अतिक्रमण का मुद्दा भी अहम बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि सड़क निर्माण पर लाखों रुपये खर्च किए जा रहे हैं तो निर्माण से पहले सड़क की जमीन को पूरी तरह अतिक्रमण मुक्त किया जाना जरूरी है। अतिक्रमण हटाए बिना निर्माण होने पर भविष्य में दोबारा सड़क की जमीन पर कब्जे की आशंका बनी रहेगी। इससे राहगीरों को मिलने वाली सुविधा प्रभावित हो सकती है।

### साइड पटरी को लेकर भी सवाल

स्थानीय लोगों के सामने एक और सवाल सड़क की साइड पटरी को लेकर है। जब सड़क की चौड़ाई छह मीटर निर्धारित की गई है तो पैदल राहगीरों के सुरक्षित आवागमन के लिए साइड पटरी के लिए कितनी जगह छोड़ी जाएगी, यह अभी स्पष्ट नहीं है। लोगों का कहना है कि सड़क निर्माण के साथ पैदल चलने वालों के लिए पर्याप्त स्थान की व्यवस्था भी जरूरी है। स्थानीय लोगों ने नगर निगम से मांग की है कि सड़क निर्माण के साथ मार्ग को पूरी तरह अतिक्रमण मुक्त कराया जाए। साथ ही सड़क की चौड़ाई और साइड पटरी की सीमा स्पष्ट रूप से तय की जाए, ताकि सरकारी धन खर्च होने के बाद जनता को पूरी सुविधा मिल सके और मार्ग लंबे समय तक सुगम बना रहे।

## खबरें एक नजर में

### खेत में गिरे बिजली तार से किसान को लगा करंट

**तिलहर - शाहजहांपुर।** खेत के किनारे आरी वाले तार पर गिरे बिजली तार से किसान को करंट लग गया। परिजन तत्काल सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां से डॉक्टर ने गंभीरावस्था में जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। बुधवार को ग्राम फतेहपुर बुजुर्ग निवासी 60 वर्षीय रामअवतार खेत पर धान काट रहे थे। इसी दौरान खेत के किनारे लगे आरी वाले तारों पर 11 हजार वोल्ट की लाइन अचानक गिर गई। जिससे आरी वाले तार में करंट आ गया और रामअवतार उसकी चपेट में आकर झुलस गए। परिजन आनन फानन में उसे सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर गंभीरावस्था में मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने खाया जहरीला पदार्थ

**तिलहर - शाहजहांपुर।** संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई परिजन आनन फानन में सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर गंभीरावस्था में मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। वहीं एक अधेड़ को सांप ने डस लिया। उसे भी रेफर कर दिया गया। मंगलवार को देर शाम संदिग्ध परिस्थितियों में ग्राम मंसूरपुर गोटिया निवासी 30 वर्षीय धर्मवीर ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन सीएचसी लेकर पहुंचे जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर गंभीरावस्था में मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। उधर मंगलवार देर शाम नगर के मोहल्ला बहादुरगंज निवासी 38 वर्षीय दीपक गंगवार पुत्र राम कुमार गंगवार के सांप ने काट लिया जिससे उसकी हालत बिगड़ गई परिजन तत्काल सीएचसी लेकर पहुंचे जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर गंभीरावस्था में मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

### नाबालिग से छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार



**शाहजहांपुर।** थाना सदर बाजार पुलिस ने नाबालिग बालिका से छेड़छाड़ करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत 6 अक्टूबर को पीड़िता की तहरीर पर थाना सदर बाजार में मु.अ.सं. 553/26 धारा 74/351(2)/352 बीएनएस एवं 7/8 पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। आरोप था कि अभियुक्त ने नाबालिग से छेड़छाड़ कर विरोध करने पर गाली-गलौज व गला पकड़कर जान से मारने का प्रयास किया। मुखबिर की सूचना पर 7 अक्टूबर को सुबह 11.30 बजे पुलिस टीम ने डमिंग यार्ड ककरा कलां के पास से अभियुक्त सत्यपाल उर्फ आर्य पुत्र रामचन्द्र निवासी ककरा कलां, उम्र 30 वर्ष को गिरफ्तार किया। अभियुक्त का आपराधिक इतिहास भी सामने आया है। उसके विरुद्ध पूर्व में मु.अ.सं. 492/2022 धारा 380/457/411 के तहत मामला दर्ज है। गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उ.नि. अक्षय पंवार, का. दीपक कुमार व का. विशांत शामिल रहे।

### कांट की प्रशासक का प्रभार एसडीएम प्रियंका को मिला

**शाहजहांपुर।** नगर पंचायत कांट की अध्यक्ष मुनारा बेगम के अधिकार सीज होने के बाद अध्यक्ष के स्थान पर शासन के नियमानुसार डीएम ने एसडीएम न्यायिक प्रियंका चौधरी को कांट का प्रशासक बनाते हुए नगर पंचायत की जिम्मेदारी सौंपी है। जिसके बाद प्रियंका चौधरी ने नगर पंचायत कांट आफिस में जाकर विधिवत कार्यभार ग्रहण कर लिया है। उन्होंने ईओ नूरजहां से भी वहां चल रहे, कामकाजों की जानकारी ली। बता दें कि नगर पंचायत कांट की बोर्ड बैठक में चेयरमैन मुनारा बेगम के स्थान पर उनके बेटे रईस मियां के शामिल होने के मामले में शासन स्तर से दोबारा कार्यवाही करते हुए नोटिस जारी किया था। जांच के बाद शासन ने कांट चेयरमैन के वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकार सीज करते हुए प्रशासक नियुक्त करने की प्रक्रिया करने को दिशा-निर्देश दिए थे। जिसके बाद डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने एसडीएम न्यायिक सदर प्रियंका चौधरी को कांट नगर पंचायत का प्रशासक नियुक्त कर दिया है।

## सेवा संकल्प अभियान

# खिरनीबाग से शहीद उद्यान तक निकली सेवा ज्योति कलश यात्रा

**समृद्धि न्यूज़, शाहजहांपुर।**



सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत खिरनी बाग में सेवा ज्योति कलश यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष दुर्विजय शाक्य उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने सांसद अरुण कुमार सागर, राज्यसभा सांसद मिथिलेश कठेरिया, जलालाबाद विधायक हरिप्रकाश वर्मा, कटरा विधायक वीर विक्रम सिंह, तिलहर विधायक सलोन कुशवाहा, जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष डीपीएस राठौर, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ मां सरस्वती, पं. दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान वंदे मातरम का सामूहिक गायन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में सेवा, समर्पण एवं राष्ट्र सेवा की भावना को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से सेवा कलश की स्थापना की गई। एलईडी स्क्रीन पर प्रधानमंत्री के संबोधन का सजीव प्रसारण दिखाया गया, जिसमें उन्होंने विकसित भारत 2047 के निर्माण का सामूहिक संकल्प दिलाया। सेवा ज्योति कलश यात्रा में आमजन के साथ खिलाड़ी, जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के लोगों ने सहभागिता की। विभिन्न क्षेत्रों से आई पैदल, साइकिल एवं बाइक रैलियां खिरनी बाग पहुंचीं। अंत में मुख्य अतिथि द्वारा सेवा ज्योति कलश को रथ में रखकर खिरनी बाग से शहीद उद्यान तक पदयात्रा निकाली गई।

### सेवा संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रम, स्वच्छता व चित्रकला प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा



**कांट, शाहजहांपुर।** सेवा संकल्प यात्रा के तहत बुधवार को भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य ददरौल विधानसभा क्षेत्र के ब्लॉक कांट सभागार पहुंचे। कार्यक्रम में स्वच्छता को लेकर जागरुकता, चित्रकला एवं नाटक का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रस्तुतियों के माध्यम से स्वच्छता व सामाजिक जागरुकता का संदेश दिया। मुख्य अतिथि दुर्विजय सिंह शाक्य एवं विधायक अरविंद कुमार सिंह ने प्रतिभागी छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में जी-राम जी योजना, कृषि विभाग, विद्युत विभाग समेत विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं व आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने भी स्टॉल लगाकर विभागीय योजनाओं व उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई। इस दौरान लोगों को शासन की योजनाओं की जानकारी देकर लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख श्रीदत्त शुक्ला, महेश पाल सिंह, आनंद प्रताप सिंह, मंडल अध्यक्ष मनोज मिश्रा, सत्यपाल सिंह, सहायक खंड विकास अधिकारी अरविंद शर्मा, अजय भदौरिया, सीडीपीओ पूनम, विमल सिंह, हरजीत सिंह, दिलीप कुशवाह, आनंद चतुर्वेदी, गोविंद पांडे, संजीव गुप्ता समेत अन्य मौजूद रहे।

## परशुरामपुरी में गणेश पूजन के साथ 15 दिवसीय रामलीला मेले का शुभारंभ



**परशुरामपुरी, शााहजहांपुर।** जनगर में मंगलवार को विधि-विधान के साथ 15 दिवसीय रामलीला मेले का शुभारंभ किया गया। मेले की शुरुआत भगवान श्रीगणेश की आराधना एवं भूमि पूजन के साथ हुई। पहले दिन परशुराम मंदिर के महंत सत्यदेव पांडेय ने पूजा-अर्चना कर भगवान गणेश का आह्वान किया। मेला कमेटी के सदस्यों व श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम से जुड़े कार्यक्रमों के सफल आयोजन की कामना की। आगामी 15 दिनों तक रोजाना श्रीराम लीलाओं का मंचन तथा विभिन्न धार्मिक-सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे, जिसे लेकर नगरवासियों में उत्साह है। इस अवसर पर मनमोहन द्विवेदी उर्फ गोपाल, विनोद चंद्र शर्मा, मनोज अग्निहोत्री, अशोक द्विवेदी, रामू अग्निहोत्री, विजय मिश्रा गांधी, नीटू भारद्वाज, प्रशांत शुक्ला, अजय मिश्रा टीटू, संजीव अग्निहोत्री, आकाश मिश्रा, गौरीशंकर त्रिवेदी, नगर अध्यक्ष सुधीर गुप्ता, सुषमा शर्मा, ज्योति गुप्ता, विनोद राजपूत, अंकित दीक्षित, देवेश शुक्ला सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था के लिए कोतवाल अरविंद सिंह चौहान पुलिस बल के साथ मुस्तैद रहे।

## रोजा मंडी में धान की आवक बढ़ी, जाम से जूझे किसान

- मंडी के मुख्य मार्ग तक लगे धान के ढेर
- ट्रैक्टर-ट्रालियों की लंबी कतारों से घंटों प्रभावित रहा आवागमन

**समृद्धि न्यूज, रोजा, शाहजहांपुर।**



रोजा नवीन गल्ला मंडी में इन दिनों धान की आवक तेजी से बढ़ गई है। मंडी में धान की खरीद को लेकर व्यापारियों में प्रतिस्पर्धा के बीच जगह-जगह धान के ढेर लगे होने से मंडी की व्यवस्थाएं प्रभावित हो रही हैं। स्थिति यह है कि मंडी गेट से लेकर मुख्य मार्ग तक ट्रैक्टर-ट्रालियों की लंबी कतारें लग रही हैं। इससे किसानों के साथ ही आम लोगों को भी जाम की समस्या से जूझना पड़ रहा है।

धान की बढ़ती आवक के चलते मंडी इन दिनों गुलजार है। किसानों की फसल खरीदने के लिए कई व्यापारियों ने मंडी कार्यालय और बैंक के सामने मुख्य मार्ग तक धान के ढेर लगा रखे हैं। इससे धान लेकर मंडी पहुंचने वाली ट्रैक्टर-ट्रालियों के लिए परिसर में प्रवेश करना मुश्किल हो रहा है। कई ट्रैक्टर-ट्रालियां मंडी गेट के बाहर ही घंटों खड़ी रहती हैं। मंगलवार को मंडी में स्थिति और अधिक बिगड़ गई। मंडी परिसर के अंदर भी वाहनों की अधिक संख्या के कारण आवागमन बाधित रहा। जरूरी काम से मंडी पहुंचने वाले किसानों और कर्मचारियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं, मंडी गेट से पुराने हाईवे तक ट्रैक्टर-ट्रालियों की कतार लगने से जाम की स्थिति बनी रही। किसानों का कहना है कि घंटों जाम में फंसे रहने के बाद उनकी ट्रैक्टर-ट्राली मंडी के अंदर पहुंच पाती है और फसल को फड़ तक ले जाने में काफी समय लग रहा है। इससे किसानों को अनावश्यक परेशानी उठानी पड़ रही है। किसानों ने मंडी प्रशासन से धान की बढ़ती आवक को देखते हुए वाहनों के प्रवेश और निकासी की समुचित व्यवस्था कराने की मांग की है। उनका कहना है कि मंडी में जाम की समस्या का स्थायी समाधान किया जाए, ताकि किसानों को अपनी फसल बेचने के लिए घंटों कतार में न खड़ा रहना पड़े।

### नंगे पैर रपटा पुल पार करके बाढ़ग्रस्त ग्रामीणों से मिलने पहुंचे राजा झण्डी



**लखीमपुर खीरी।** विधानसभा निघासन क्षेत्र की ग्राम पंचायत बरोठा में ग्रामीणों के आमंत्रण पर झंडी स्टेट के राजा एवं भाजपा के प्रदेश संयोजक राजा राज राजेश्वर सिंह पहुंचे। बाढ़ प्रभावित ग्रामीणों से मिलने के लिए राजा राज राजेश्वर सिंह ने नंगे पैर रपटा पुल पार किया। गांव पहुंचते ही ग्रामीणों ने फूल-मालाओं से उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान ग्रामीणों ने क्षेत्र को बाढ़ की समस्या से राहत दिलाने के लिए उनके द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जमकर सराहना की। ग्रामीणों ने कहा कि निघासन क्षेत्र लंबे समय से बाढ़ की विभीषिका से जूझता रहा है। बीते वर्षों में राजा राज राजेश्वर सिंह ने बाढ़ की समस्या को गंभीरता से लेते हुए कई महत्वपूर्ण कार्यों के लिए प्रयास किए। ग्रामीणों के मुताबिक तमोलिनपुरवा बांध का निर्माण भी इसी दिशा में एक अहम कदम रहा, जिससे क्षेत्र में बाढ़ के प्रभाव को काफी हद तक कम करने में मदद मिली। ग्रामीणों ने कहा कि बाढ़ के दौरान लोगों की परेशानी को समझते हुए राजा राज राजेश्वर सिंह लगातार क्षेत्र में सक्रिय रहे हैं। उनके प्रयासों से बाढ़ प्रभावित गांवों में लोगों को राहत की उम्मीद मजबूत हुई है। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए राजा राज राजेश्वर सिंह ने कहा कि निघासन क्षेत्र को बाढ़ की समस्या से स्थायी राहत दिलाना उनकी प्राथमिकताओं में है। उन्होंने कहा, ऽजब तक निघासन विधानसभा क्षेत्र को बाढ़ से पूरी तरह मुक्ति नहीं दिला दूंगा, तब तक ये प्रयास लगातार जारी रहेंगे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता की समस्याओं के समाधान के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा। बाढ़ जैसी गंभीर समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित करने के लिए संबंधित स्तर पर लगातार प्रयास किए जाएंगे। राजा राज राजेश्वर सिंह के इस संकल्प पर ग्रामीणों ने भरोसा जताते हुए उनके प्रयासों की सराहना की।

## लिमिट खाते की रकम अदायगी न करने पर बैंक प्रशासन ने राइस मिल सील कर लिया कब्जे में

- मिलर ने लगाया बिना लीगल नोटिस भेजे कार्रवाई का आरोप

**समृद्धि न्यूज, तिलहर - शाहजहांपुर।**



बैंक लिमिट खाते की बड़ी रकम की अदायगी न करने पर हाइवे स्थित एक राइस मिल पर सर्किल थानों की भारी पुलिस बल व राजस्व विभाग के मजिस्ट्रेट के सानिध्य में बैंक प्रशासन ने राइस मिल को सील कर दिया। इस दौरान मिल स्वामी की ओर से कोर्ट द्वारा होल्ड किए जाने के दस्तावेज पेश किए लेकिन नतीजा शून्य रहा। आरोप है कि बिना लीगल नोटिस भेजे यह कार्यवाही की गई है। नगर के मोहल्ला नई बस्ती निवासी श्याम गुप्ता की हाइवे स्थित मैसर्स श्याम राइस मिल फर्म है। बुधवार सुबह जनपद की बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा का प्रशासनिक अमला सर्किल थानों की भारी पुलिस बल व राजस्व मजिस्ट्रेट नायब तहसीलदार रोहित कुमार के सानिध्य में मिल पर पहुंचे। इसकी खबर मिलते ही फर्म स्वामी श्याम गुप्ता भी परिजनों के साथ मौके पर पहुंच गए। लिमिट खाते की बड़ी रकम की अदायगी न किए जाने की बात कहते हुए अधिकारी मिल परिसर में पहुंचे और गोदाम आदि को सील करने लगे। इस पर फर्म स्वामी द्वारा विगत माह 50 लाख रुपये जमा किए जाने की रसीद व ट्रिब्युनल कोर्ट द्वारा ढाई करोड़ रूपये होल्ड किए जाने के दस्तावेज दिखाए गए। लेकिन बैंक अधिकारियों ने कोई बात सुनना गवारा नहीं समझा। मिल स्वामी का आरोप है कि निम्नानुसार 14 दिन पूर्व लीगल नोटिस बिना भेजे ही सीलिंग कार्यवाही की गई है। उधर नायब तहसीलदार ने रोहित कुमार बताया कि बैंक के अपने नियम हैं। जिसमे उनका हस्तक्षेप नहीं हो सकता। कार्यवाही के दौरान अधिकारियों ने मिल के मुख्य द्वार पर नीलामी फ्लैक्सी लगवाकर फोटोग्राफी करवाई। नायब तहसीलदार रोहित कुमार ने बताया कि बैंक ने सीलिंग कार्यवाही कर मिल कब्जे में लिया। इस मौके पर बैंक ऑफ बड़ौदा चीफ मैनेजर कुमार गौतम, लीगल डिपार्टमेंट से दर्शन जी, रिकवरी अधिकारी धीरज दीक्षित व रुपेश अवस्थी, दीपक रस्तोगी, संजीव पांडेय आदि शामिल रहे।

## दौड़े कदम तो बढ़े सपने... वाईडी मैदान में दिखा खिलाड़ियों का जोश

### 75वीं जनपदीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आगाज, मार्च पास्ट में दिखा अनुशासन, ट्रैक पर दिखी जीत की ललक

- डीएम ने खिलाड़ियों का बढ़ाया हौसला बोले- मैदान से निकलकर अंतरराष्ट्रीय पटल पर चमके जिले के सितारे

**समृद्धि न्यूज, लखीमपुर खीरी।**



मैदान सजा था, कदमताल शुरू हुई तो माहौल में रोमांच घुल गया। किसी की नजर फिनिश लाइन पर थी तो किसी के कदम जीत की ओर बढ़ रहे थे। युवराज दत्त इंटर कॉलेज का मैदान बुधवार को खिलाड़ियों के जोश, जुनून और जज्बे का गवाह बना। मौका था तीन दिवसीय 75वीं जनपदीय माध्यमिक विद्यालयीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के शुभारंभ का। डीएम अंजनी कुमार सिंह ने डीआईओएस विनोद कुमार मिश्र के साथ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इसके बाद खिलाड़ियों की मार्च पास्ट ने मैदान में अनुशासन और ऊर्जा का रंग भर दिया। डीएम ने मार्च पास्ट की सलामी ली। आसमान में छोड़े गए तिरंगे गुब्बारे शांति और सद्भाव का संदेश देते नजर आए तो लगा मानो खिलाड़ियों के सपनों ने भी आसमान की ओर उड़ान भर ली हो।

**जीत से ज्यादा जरूरी उसे बरकरार रखना = डीएमः** डीएम अंजनी कुमार सिंह ने खिलाड़ियों से कहा कि प्रतियोगिता में हिस्सा लेना ही अपने आप में उपलब्धि है। खेल बच्चों के शारीरिक ही नहीं, बल्कि मानसिक विकास की भी मजबूत नींव रखते हैं। उन्होंने कहा कि खेल का मैदान स्वस्थ प्रतिस्पर्धा, अनुशासन और संघर्ष करना सिखाता है। जीत मिले तो अभिमान नहीं और हार मिले तो प्रतिद्वंद्वी के प्रति ईर्ष्या नहीं होनी चाहिए। असली चुनौती जीत हासिल करने से ज्यादा उसे बरकरार रखने की है।उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि वे पूरे मनोयोग और मेहनत के साथ खेलें और आगे चलकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश और प्रदेश का नाम रोशन करें।

**ट्रैक पर प्रतिभा, मंच पर संस्कृति का रंगः** प्रतियोगिता के दौरान जहां ट्रैक पर खिलाड़ियों ने अपनी रफ्तार और दमखम दिखाया, वहीं श्री जय दुर्गे शिशु विद्या मंदिर गोयल की बालिकाओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से कार्यक्रम में रंग भर दिया। विभिन्न दौड़ प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल करने वाले खिलाड़ियों को डीएम ने मेडल पहनाकर सम्मानित किया। डीआईओएस विनोद कुमार मिश्र ने खिलाड़ियों से अनुशासन और खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि जीत-हार से ऊपर खेल भावना होती है और इसी भावना के साथ मैदान में उतरना चाहिए।

### उल्ल नदी के बढ़े जलस्तर से सुआगाड़ा -बनवारीपुर मार्ग पर जलभराव, मौके पर पहुंचे डीएम



**लखीमपुर खीरी।** उल्ल नदी में बढ़े जलस्तर का असर शहर से सटे सुआगाड़ा से बनवारीपुर जाने वाले सड़क मार्ग पर भी दिखाई दे रहा है। नदी का जलस्तर बढ़ने से सड़क के कुछ हिस्सों में जलभराव की स्थिति बनी हुई है, जिससे राहगीरों और स्थानीय लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आमजन की समस्या को देखते हुए डीएम अंजनी कुमार सिंह बुधवार को संबंधित अधिकारियों की टीम संग मौके पर पहुंचे और जलभराव की स्थिति का स्थलीय निरीक्षण किया। डीएम ने मौके पर सड़क मार्ग की स्थिति देखी और वहां मौजूद स्थानीय निवासियों से सीधे संवाद कर जलभराव की स्थिति के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने लोगों से पिछले वर्षों में जलभराव की स्थिति तथा इस वर्ष नदी का जलस्तर बढ़ने के बाद उत्पन्न परिस्थितियों के बारे में विस्तार से पूछा। स्थानीय निवासियों ने बताया कि वर्तमान में पानी का स्तर धीरे-धीरे कम हो रहा है। डीएम ने संबंधित अधिकारियों से जलस्तर और सड़क पर जलभराव की स्थिति पर लगातार नजर बनाए रखने को कहा। उन्होंने निर्देश दिए कि आमजन के आवागमन में किसी प्रकार की अनावश्यक परेशानी न हो, इसके लिए स्थिति के अनुरूप आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित रखी जाएं। साथ ही स्थानीय स्तर पर उत्पन्न होने वाली किसी भी समस्या की तत्काल जानकारी लेकर उसका समुचित समाधान कराया जाए।

## 12 से लखनऊ के इको गार्डन में प्रदेशव्यापी अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी

**समृद्धि न्यूज, लखीमपुर खीरी।**



राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के संविदा कर्मचारियों का आंदोलन अब और अधिक मुखर हो गया है। नियमितीकरण और समान कार्य-समान वेतन जैसी प्रमुख मांगों को लेकर पिछले कई दिनों से चल रहे विरोध प्रदर्शन के तहत, 7 अक्टूबर को भी जनपद के सभी सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर कर्मचारियों ने काला फीता बांधकर रोष व्यक्त किया। पूर्व निर्धारित रणनीति के अनुसार, अब यह आंदोलन अगले चरण में प्रवेश कर गया है और 8 अक्टूबर (आज) से 10 अक्टूबर तक जनपद मुख्यालय पर संपूर्ण कार्य बहिष्कार व धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) संविदा कर्मचारी संघ के बैनर तले लखीमपुर खीरी में स्वास्थ्य कर्मियों का गुस्सा लगातार तीसरे दिन भी जारी रहा। जिलेभर के सीएचसी, पीएचसी, टीबी अस्पताल, दोनों जिला अस्पतालों और मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में तैनात एनएचएम कर्मियों ने कोविड काल और विभिन्न राष्ट्रीय टीकाकरण अभियानों में अपनी जान जोखिम में डालकर सेवाएं देने का हवाला देते हुए सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। यूनियन के जिलाध्यक्ष विकास श्रीवास्तव, संरक्षक संजय राय और सीएमओ कार्यालय कार्यकारिणी अध्यक्ष लाला सिंह ने संयुक्त रूप से सरकार को याद दिलाया कि 10 दिन का अल्टीमेटम देने के बाद अब कर्मचारी अपनी मांगों को मनवाने के लिए सड़कों पर उतर आए हैं।

**कर्मचारियों की प्रमुख मांगेंः** सभी संविदा कर्मियों का स्वास्थ्य विभाग में नियमितीकरण, समान कार्य-समान वेतन का लाभ, 10 लाख रुपये की कैशलेस चिकित्सा सुविधा, महंगाई भत्ता, ईपीएफ और एचआरए का प्रावधान, अनुकंपा नियुक्ति और नियमित भर्तियों में 25फीसद कोटा निर्धारित करना शामिल हैं। प्रदेश नेतृत्व की तय रूपरेखा के तहत 5, 6 और 7 अक्टूबर को लगातार काला फीता बांधकर विरोध जताने के बाद, अब कर्मचारी 8 अक्टूबर से 10 अक्टूबर तक जनपद मुख्यालय पर शांतिपूर्ण कार्य बहिष्कार और धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि इस दौरान भी सरकार ने उनकी सुध नहीं ली, तो आगामी 12 अक्टूबर से लखनऊ के इको गार्डन में प्रदेशव्यापी अनिश्चितकालीन हड़ताल का आगाज कर दिया जाएगा। इस आंदोलन और विरोध गतिविधियों के दौरान डॉ. राकेश गुप्ता, डॉ. पूनम, डॉ. अक्षत अग्रवाल, डीपीएम अनिल यादव, डैम सतपाल सिंह, कुलदीप चौहान, विजय वर्मा, सचिन गुप्ता, अमित खरे, देवनंदन श्रीवास्तव और संतोष आनंद सहित बड़ी संख्या में एनएचएम पदाधिकारी और स्वास्थ्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## वृद्ध सेवा संस्थान का औचक निरीक्षण बुजुर्गों से जानी सुविधाओं की हकीकत

- सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने महिला व पुरुष वृद्धजनों से की बात



**पीलीभीत।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के आदेश एवं जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रविंद्र कुमार के निर्देश पर बुधवार को पूर्णकालिक सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अरुण क्रांति यशोदास ने वृद्ध सेवा संस्थान पीलीभीत का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वृद्धजनों से सीधे बातचीत कर उन्हें मिलने वाली सुविधाओं और स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी ली।निरीक्षण के दौरान संस्थान में रह रहे 13 महिलाओं और चार पुरुष वृद्धजनों से उनके स्वास्थ्य, खानपान तथा अन्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली गई। सचिव ने वृद्धजनों को फल एवं जरूरत की अन्य सामग्री भी वितरित की। उन्होंने वृद्ध पेंशन की स्थिति के बारे में भी जानकारी लेते हुए यह जाना कि किसी वृद्धजन को पेंशन मिलने में कोई परेशानी तो नहीं हो रही है। वृद्धजनों के स्वास्थ्य को लेकर सचिव ने चिकित्सकों की मेडिकल टीम को बुलाकर सभी का स्वास्थ्य परीक्षण कराया। जांच के बाद आवश्यकतानुसार दवाओं एवं स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों की जानकारी भी ली गई। उन्होंने रसोईघर का निरीक्षण कर वहां तैयार होने वाले भोजन की गुणवत्ता और वृद्धजनों के खानपान से संबंधित व्यवस्थाओं के बारे में भी जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान वृद्ध महिला मिथलेश ने अपनी पेंशन से संबंधित समस्या सचिव के सामने रखी। मामले को गंभीरता से लेते हुए अरुण क्रांति यशोदास ने तत्काल संबंधित विभाग के अधिकारियों से वार्ता की और समस्या के शीघ्र निस्तारण के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

## विकसित भारत के संकल्प से गूंजा पीलीभीत, सेवा के रंग में रंगा भाजपा का आयोजन

- कार्यक्रम में जुटे जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता

**समृद्धि न्यूज, पीलीभीत।**




सेवा, समर्पण और राष्ट्र निर्माण की भावना को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से भारतीय जनता पार्टी पीलीभीत के तत्वावधान में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के जनप्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियों और बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की। सभा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के वर्चुअल संबोधन का प्रसारण किया गया। प्रधानमंत्री के संबोधन के दौरान कार्यकर्ताओं और उपस्थित लोगों ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का सामूहिक संकल्प लिया।

**प्रधानमंत्री ने दिलाया 'वी विल डू इट' का संकल्पः** वर्चुअल संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को विकसित भारत के लक्ष्य से जोड़ते हुए 'वी विल डू इट' का संकल्प दिलाया। उन्होंने सेवा, समर्पण और राष्ट्र निर्माण को जनभागीदारी से जोड़ने पर जोर दिया। प्रधानमंत्री के संबोधन के दौरान कार्यक्रम स्थल पर मौजूद कार्यकर्ताओं में उत्साह दिखाई दिया। उपस्थित लोगों ने विकसित भारत के निर्माण में अपनी भूमिका निभाने का संकल्प लिया। सभा में वक्ताओं ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान केवल कार्यक्रमों की श्रृंखला नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग को राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया से जोड़ने का प्रयास है। सेवा की भावना को सामाजिक जिम्मेदारी से जोड़कर जरूरतमंदों तक सहायता पहुंचाना, सुशासन को मजबूत करना और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में योगदान देना प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में सेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चल रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत जिले में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। विकसित भारत संकल्प सभा इसी अभियान की महत्वपूर्ण कड़ी रही। कार्यक्रम में वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को जनभागीदारी से जोड़ने पर विशेष जोर दिया गया।

**राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार बोले सेवा को बनाएं जीवन का संकल्पः** गन्ना राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने कहा कि सेवा भारतीय संस्कृति की मूल भावना है। जब समाज का प्रत्येक व्यक्ति अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए राष्ट्रहित में योगदान देता है, तभी मजबूत और विकसित राष्ट्र का निर्माण होता है। सेवा संकल्प अभियान लोगों को इसी भावना से जोड़ने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का सपना केवल सरकार की योजनाओं से पूरा नहीं होगा। इसके लिए समाज के प्रत्येक वर्ग और प्रत्येक नागरिक की सहभागिता आवश्यक है। कार्यकर्ताओं को चाहिए कि वह सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जरूरतमंदों तक पहुंचाएं और समाज में सेवा एवं सहयोग की भावना को मजबूत करें।

### डिजिटल लाइब्रेरी एवं स्मृति हाल का डीएम ने किया औचक निरीक्षण



**पीलीभीत।** जिलाधिकारी आलोक कुमार ने बुधवार को नगर पालिका परिषद पीलीभीत के समीप निर्माणाधीन डिजिटल लाइब्रेरी एवं स्मृति हाल का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य की प्रगति, गुणवत्ता और निर्माण में प्रयोग की जा रही सामग्री का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों से परियोजना की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कार्यदायी संस्था के अधिकारी ने बताया कि परियोजना का करीब 80 प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। शेष कार्य के लिए अवशेष बजट अथवा धनराशि प्राप्त होते ही निर्माण को तेजी से पूरा कराया जाएगा। इस पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि संबंधित प्रक्रियाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराया जाए, जिससे निर्माण कार्य में अनावश्यक देरी न हो। डीएम ने कहा कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता और पारदर्शिता का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्य मानकों के अनुरूप कराया जाए और किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने शेष कार्य को समय से पूरा कराकर आमजन को जल्द सुविधा उपलब्ध कराने पर जोर दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि डिजिटल लाइब्रेरी एवं स्मृति हाल के तैयार होने से स्थानीय युवाओं, विद्यार्थियों और नागरिकों को आधुनिक पठन-पाठन सामग्री तथा डिजिटल संसाधनों की सुविधा मिल सकेगी।

## आतंक की अनदेखी करने वाला मौन

आतंकी हमले को विफल करने वाले भारतीय पायलट स्मित मच्छर की बहादुरी पर चुप्पी भी आतंक के खिलाफ लड़ाई को कमजोर करती है। आतंकवाद से लड़ाई केवल सुरक्षा बलों, खुफिया एजेंसियों और सरकारों की जिम्मेदारी नहीं है। यह लड़ाई समाज की उस वैचारिक सजगता पर भी निर्भर करती है, जो आतंक की हर कोशिश को बिना किसी राजनीतिक चश्मे के आतंक के रूप में पहचान सके। जब किसी आतंकी कृत्य की निंदा उसके स्वरूप के बजाय उसके राजनीतिक संदर्भ देखकर होने लगे तो आतंकवाद के खिलाफ सामूहिक लड़ाई कमजोर पड़ती है। फ्लाईदुबई के विमान में भारतीय कप्तान स्मित मच्छर के साथ हुई घटना इसका ताजा उदाहरण है। 30 सितंबर को दुबई से तेल अवीव जा रही उड़ान के दौरान सह-पायलट हमाम अल-हमामी ने कॉकपिट में कप्तान मच्छर पर हमला किया। विमान अचानक हजारों फीट नीचे आया। गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद मच्छर ने कॉकपिट का दरवाजा खोल दिया, जिससे यात्रियों और चालक दल के अन्य सदस्यों को अंदर पहुंचकर हमलावर को काबू करने का अवसर मिला। विमान को बाद में सऊदी अरब के तबूक में आपात स्थिति में उतारा गया। इस साहसिक कार्रवाई से विमान में सवार लोगों की जान बची।

संयुक्त अरब अमीरात ने बाद में इस घटना को आतंकी कृत्य बताया है। हमाम अल-हमामी की पृष्ठभूमि और उसकी विचारधारा को लेकर भी जांच चल रही है। कुछ रिपोर्टों में उसके पहले चरमपंथी विचारों को लेकर सवाल उठने और ओमान एयर में उसकी नौकरी प्रभावित होने की बात सामने आई है। हालांकि उसके किसी आतंकी संगठन से सीधे संबंध की पुष्टि अभी जांच का विषय है। ऐसे में स्मित मच्छर की बहादुरी को राजनीतिक चश्मे से देखना उचित नहीं। उन्होंने किसी देश, धर्म या विचारधारा के पक्ष में काम नहीं किया। उन्होंने अपने विमान में सवार यात्रियों की जान बचाने के लिए अपनी जान जोखिम में डाली। उनका साहस मानव जीवन की रक्षा का उदाहरण है। उनके साथ यात्रियों और चालक दल के उन सदस्यों का योगदान भी कम महत्वपूर्ण नहीं, जिन्होंने हमलावर को काबू करने में मदद की। दुर्भाग्य से आतंकवाद से जुड़ी घटनाओं के बाद एक दूसरा संकट भी सामने आता है–साजिश सिद्धांतों का। किसी आतंकी घटना की जांच पूरी होने से पहले ही उसे किसी देश की कथित योजना, राजनीतिक लाभ या फाल्स फ्लैग कार्रवाई बताने की प्रवृत्ति न केवल जांच को प्रभावित करती है, बल्कि वास्तविक सवालों से भी ध्यान भटका सकती है। हर घटना में षड्यंत्र तलाशना उतना ही अनुचित है, जितना बिना प्रमाण किसी निष्कर्ष पर पहुंच जाना। 9/11 और मुंबई के 26/11 हमले के बाद भी अनेक तरह की साजिश संबंधी धारणाएं सामने आई थीं। लेकिन आतंकवाद पर गंभीर विमर्श का आधार प्रमाण होना चाहिए, राजनीतिक सुविधा नहीं। यही कसौटी वर्तमान घटना पर भी लागू होनी चाहिए।

इसी तरह किसी आतंकी संगठन या उसकी हिंसक कार्रवाई के समर्थन में आने वाले बयानों की आलोचना भी उसी स्पष्टता से होनी चाहिए, चाहे वह किसी भी समुदाय या राजनीतिक समूह से संबंधित व्यक्ति की ओर से आए। हमास के 7 अक्टूबर 2023 के हमले में करीब 1,200 लोगों की हत्या और बंधक बनाए जाने के बाद पश्चिम एशिया में जो घटनाक्रम चला, उसने पूरे क्षेत्र को गहरे संकट में डाल दिया। इसलिए आतंकवाद के किसी भी रूप का समर्थन या उसके प्रति नरमी गंभीर प्रश्न खड़े करती है। लेकिन इस बहस में पूरे मुस्लिम समाज को किसी आतंकी संगठन या उसके समर्थकों से जोड़ना भी उचित नहीं होगा। भारत सहित दुनिया भर में ऐसे असंख्य मुस्लिम नागरिक हैं जिन्होंने आतंकवाद का विरोध किया है। आतंकवाद का मुकाबला करते समय समुदायों को संदेह की नजर से देखने के बजाय हिंसा और कट्टरपंथ के समर्थकों को स्पष्ट रूप से अलग करना जरूरी है। यही सामाजिक एकता और आतंकवाद विरोधी नीति दोनों के हित में है। इसलिए राजनीतिक दलों और उनके नेताओं से अपेक्षा स्वाभाविक है कि वे आतंकवाद के विरुद्ध अपना रुख स्पष्ट रखें। यदि किसी भारतीय पायलट ने अपनी जान जोखिम में डालकर सैकड़ों यात्रियों को बचाया है तो उसकी प्रशंसा करने में किसी को राजनीतिक गणित नहीं तलाशना चाहिए। किसी नेता की चुप्पी को उसके राजनीतिक कारणों से जोड़ना भी प्रमाण के बिना उचित नहीं, लेकिन सार्वजनिक जीवन में ऐसे मौकों पर स्पष्ट शब्दों में साहस की सराहना निश्चित रूप से सकारात्मक संदेश देती है। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में सबसे जरूरी बात यही है कि आतंक को आतंक कहा जाए और उसके विरोध को राजनीतिक लाभ-हानि के तराजू पर न तौला जाए। स्मित मच्छर की बहादुरी इसी मानवीय और सार्वभौमिक मूल्य की याद दिलाती है। आतंकवादी का धर्म या राष्ट्रीयता नहीं, उसका हिंसक कृत्य महत्वपूर्ण होना चाहिए। इसी स्पष्टता के साथ आतंकवाद का मुकाबला होगा तो उसके समर्थकों और उसके प्रति नरम रवैया रखने वालों के लिए भी समाज में जगह कम होगी।

## दो टूक




# महिला सुरक्षा की मुहिम में टकराव की जगह साझेदारी की जरूरत


डॉ. अरविंद नाथ तिवारी

दिल्ली में महिला सुरक्षा को लेकर हाल के प्रदर्शनों के दौरान लगे कुछ नारों ने सामाजिक विमर्श को एकबार फिर बहस के केंद्र में ला दिया है। ''एक कचौड़ी, दो समोसा, इन मर्दों का क्या भरोसा'', ''नारी अपने आप की, नहीं किसी के बाप की'', ''फूल नहीं, चिंगारी है, ये भारत की नारी है'' और ''ठंडे समोसे गर्म करो, मर्द जात शर्म करो'' जैसे नारे अपने अंदाज में नये और व्यंग्यात्मक जरूर हैं लेकिन इनके भीतर छिपे संदेश पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है।

महिला सुरक्षा आज समाज की सबसे महत्वपूर्ण चुनौतियों में से एक है। महिलाओं के साथ हिंसा, छेड़छाड़, यौन उत्पीड़न, घरेलू हिंसा और सार्वजनिक स्थानों पर असुरक्षा जैसी घटनाएं किसी भी सभ्य समाज के लिए चिंता का विषय हैं। ऐसी घटनाओं के खिलाफ आवाज उठाना महिलाओं का अधिकार है और समाज तथा शासन की जिम्मेदारी भी है। किसी महिला के साथ अपराध के लिए उसके पहनावे, व्यवहार या स्वतंत्रता को जिम्मेदार ठहराना न केवल गलत है बल्कि अपराधी के कृत्य से ध्यान भटकाने वाला तर्क भी है। महिला चाहे किसी भी पोशाक में हो, किसी भी समय घर से बाहर निकले या अपनी पसंद के अनुसार जीवन जिये, उसकी सुरक्षा उसका मूल अधिकार है।

महिला सुरक्षा की लड़ाई को पुरुष बनाम महिला के संघर्ष में बदल देना भी समाधान नहीं हो सकता, यदि कुछ नारों में ''मर्द जात'' को सामूहिक रूप से संदेह या शर्म का पात्र बनाया जाता है तो इससे समाज में संवाद की जगह टकराव बढ़ने का खतरा रहता है। किसी व्यक्ति के अपराध के लिए लिंग के आधार पर जिम्मेदार ठहराना उतना ही अनुचित है, जितना किसी महिला के साथ हुई घटना के लिए उसके पहनावे या जीवनशैली को दोष देना।

महिला सुरक्षा का प्रश्न पूरे समाज का प्रश्न है। अपराध करने वाला पुरुष हो सकता है लेकिन अपराध के खिलाफ आवाज उठाने वाला भी पुरुष हो सकता है। पिता अपनी



बेटी की सुरक्षा और सम्मान के लिए चिंतित होता है, भाई अपनी बहन के लिए खड़ा होता है, पति अपनी पत्नी के अधिकारों का सम्मान करता है और बेटा अपनी मां के सम्मान की रक्षा करता है। दूसरी ओर, महिलायें भी सामाजिक बदलाव की महत्वपूर्ण साझेदार हैं। इसलिए इस लड़ाई को स्त्री और पुरुष के बीच खाई पैदा करने वाली लड़ाई नहीं बल्कि सुरक्षित और सम्मानजनक समाज बनाने का साझा अभियान बनाना चाहिए।

यह भी समझना जरूरी है कि महिलाओं के कपड़े, रहन-सहन या उनकी स्वतंत्रता को महिला असुरक्षा का कारण बताना उचित नहीं है। किसी भी परिस्थिति में अपराध का उत्तरदायित्व अपराधी का ही होना चाहिए। साथ ही, स्वतंत्रता के नाम पर किसी भी व्यक्ति- चाहे वह पुरुष हो या महिला, को सामाजिक मर्यादा, कानून और दूसरे व्यक्ति के अधिकारों की अनदेखी करने का अधिकार नहीं दिया जा सकता। समाज में शालीनता और जिम्मेदारी की अपेक्षा दोनों से समान रूप से होनी चाहिए।

भारत का सामाजिक इतिहास इस बात का प्रमाण है कि बड़े परिवर्तन कभी केवल एक वर्ग के संघर्ष से संभव नहीं हुए। स्वतंत्रता आंदोलन में पुरुषों के साथ महिलाओं ने भी कंधे से कंधा मिलाकर संघर्ष किया। देश की आजादी किसी एक वर्ग की उपलब्धि नहीं बल्कि सामूहिक संघर्ष का परिणाम थी। इसी तरह सामाजिक कुरीतियां, अशिक्षा, गरीबी, हिंसा और अपराध के खिलाफ लड़ाई भी सामूहिक प्रयास से ही सफल होगी।

महिला सुरक्षा के लिए कानूनों का कठोर और निष्पक्ष पालन जरूरी है। पुलिस व्यवस्था को संवेदनशील बनाया जाना चाहिए। शिकायत दर्ज कराने से लेकर न्याय मिलने तक की प्रक्रिया आसान और तेज होनी चाहिए। सार्वजनिक परिवहन, बाजार, कार्यस्थल, शिक्षण संस्थानों और डिजिटल माध्यमों में महिलाओं की सुरक्षा के लिए प्रभावी व्यवस्था होनी चाहिए। इसके साथ ही बच्चों और युवाओं में बचपन से ही लैंगिक सम्मान, सहमति, संवेदनशीलता और जिम्मेदार व्यवहार की शिक्षा दी जानी चाहिए।

सिर्फ कानून बनाकर समाज नहीं बदलेगा। घर, विद्यालय, परिवार, मीडिया और सामाजिक संस्थाओं को भी अपनी भूमिका निभानी होगी। जिस प्रकार लड़कियों को सावधानी और आत्मरक्षा सिखाई जाती है, उसी प्रकार लड़कों को भी यह सिखाना होगा कि किसी महिला की इच्छा, गरिमा और व्यक्तिगत सीमा का सम्मान करना उनकी नैतिक और सामाजिक जिम्मेदारी है।

महिला आंदोलन की ताकत उसकी व्यापकता में है। यदि यह आंदोलन पुरुषों के प्रति नफरत का संदेश देने लगेगा तो उसका दायरा सीमित हो सकता है लेकिन यदि इसका संदेश यह हो कि ''हर महिला सुरक्षित हो, हर पुरुष जिम्मेदार हो और हर अपराधी कानून के सामने जवाबदेह हो'', तो समाज के अधिकांश लोग इसके साथ खड़े होंगे।

नारे आंदोलन की आवाज होते हैं लेकिन नारे समाज की दिशा भी तय करते हैं। इसलिए नारों में आक्रोश के साथ विवेक और संवाद की जगह भी होनी चाहिए। महिला को कमजोर समझना गलत है लेकिन पुरुष को जन्म से अपराधी मान लेना भी गलत है। जरूरत किसी एक वर्ग को दूसरे के विरुद्ध खड़ा करने की नहीं बल्कि दोनों को समान जिम्मेदारी के साथ खड़ा करने की है।

महिला सुरक्षा की असली लड़ाई तब जीती जायेगी, जब समाज में यह भावना मजबूत होगी कि महिला की स्वतंत्रता सम्मान के साथ सुरक्षित है, पुरुष की जिम्मेदारी कानून और नैतिकता से तय होती है और अपराधी की पहचान उसके लिंग से नहीं, उसके कृत्य से होती है। इसलिए सवाल केवल यह नहीं होना चाहिए कि ''मर्दों पर लगाम कैसे लगे?'' बल्कि सवाल यह भी होना चाहिए कि ऐसा समाज कैसे बने, जहां किसी महिला को असुरक्षित महसूस न करना पड़े और किसी पुरुष को केवल पुरुष होने के कारण संदेह की नजर से न देखा जाय, यही संतुलित दृष्टिकोण महिला सुरक्षा को वास्तविक सामाजिक आंदोलन में बदल सकता है।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

# यूपी में प्रियंका की भूमिका को लेकर उठते सवाल


स्वदेश कुमार

उत्तर प्रदेश की सियासी पिच पर साल 2027 के विधानसभा चुनावों को लेकर भले ही बाहर से इंडिया गठबंधन के अटूट होने का ढिंढोरा पीटा जा रहा हो, लेकिन परदे के पीछे जो कुछ पक रहा है, वह किसी पॉलिटिकल थ्रिलर से कम नहीं है। सतह पर मुकाबला सत्ताधारी बीजेपी से होना चाहिए, पर कांग्रेस के तेवर देखकर ऐसा लग रहा है मानो उनका असली निशाना भारतीय जनता पार्टी नहीं, बल्कि समाजवादी पार्टी और उसके मुखिया अखिलेश यादव हैं। दिल्ली के पावर गलियारों से लेकर लखनऊ के दफ्तरों तक, कांग्रेस जिस आक्रामक और जिद भरी शैली में जमीन मांग रही है, उसने राजनीतिक पंडितों को भी हैरान कर दिया है। सवाल यह उठ रहा है कि क्या प्रियंका गांधी वाड्रा 2027 के इस बड़े दंगल में बीजेपी को शिकस्त देने के बजाय समाजवादी पार्टी की सियासी जमीन पर कब्जा करने की कोई सुनियोजित स्क्रिप्ट लिख रही हैं? इस पूरी पटकथा की टाइमिंग और चेहरों को गौर से देखा जाए तो कई राज से पर्दा उठता है।

संसद भवन में राहुल गांधी और अखिलेश यादव की मुलाकात के बाद से ही यह साफ हो गया था कि उत्तर प्रदेश से जुड़े तमाम राजनीतिक और सांगठनिक फैसलों की धुरी पूरी तरह प्रियंका गांधी के हाथों में है। इस महत्वपूर्ण बैठक के तुरंत बाद जमीन पर जो बड़े फेरबदल हुए, वे किसी सामान्य प्रशासनिक बदलाव का हिस्सा नहीं बल्कि एक बड़े सियासी गेम प्लान का हिस्सा थे। कांग्रेस ने अपने आक्रामक तेवरों को धार देने के लिए ऐसे चेहरों को आगे करना शुरू कर दिया जो सीधे तौर पर सपा को असहज करने के लिए जाने जाते हैं।

आम आदमी पार्टी का दामन छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए राजेंद्र पाल गौतम को उत्तर प्रदेश का प्रभारी बनाया गया, तो वहीं तेज–तर्रार और हमेशा मुखर रहने वाले सहारनपुर के सांसद इमरान मसूद को कार्यकारी अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंप दी गई। इसके साथ ही, सौम्य छवि वाली आराधना मिश्रा मोना को प्रदेश अध्यक्ष की कमान देकर इस नई तिकड़ी को मैदान में उतारा गया। कांग्रेस ने इसके जरिए सवर्ण, दलित और मुस्लिम समीकरण साधने की कागजी कोशिश तो जरूर की, लेकिन इनके बयानों ने गठबंधन के भीतर भूचाल ला दिया है।

लखनऊ की धरती पर कदम रखते ही नवनियुक्त प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम ने यह कहकर सनसनी फैला दी कि कांग्रेस कोई छोटी–मोटी पार्टी नहीं है और वह आगामी विधानसभा चुनाव में आधे से कम सीटों पर किसी भी कीमत पर समझौता नहीं करेगी। उनके इस बयान के बाद इमरान मसूद ने तो जैसे मोर्चा ही खोल दिया। वह हर रोज मीडिया के तीखे कैमरों के सामने अखिलेश यादव की रणनीति, कार्यशैली और सीटों के बंटवारे पर सवाल खड़े करते नजर आते हैं। यहाँ आंकड़ों के आईने में कांग्रेस के इन दावों की हकीकत भी टटोलनी बेहद जरूरी हो जाती है। साल 2024 के लोकसभा चुनावों के परिणामों को अगर हम याद करें, तो जब अखिलेश यादव ने बड़े दिल का परिचय देते हुए कांग्रेस को उत्तर प्रदेश में 17 सीटें दी थीं, तब कांग्रेस इनमें से सिर्फ 6 सीटों पर ही जीत का स्वाद चख पाई थी। इसके विपरीत, समाजवादी पार्टी ने अकेले अपने दम पर 37 सीटों पर शानदार परचम लहराकर राज्य की सबसे बड़ी पार्टी होने का लोहा मनवाया था। लोकसभा चुनाव के इस जमीनी और बेहद कड़वे आंकड़े को पूरी तरह दरकिनार करके यदि कोई दल विधानसभा चुनाव में डेढ़ सौ सीटों की मांग या अत्यधिक दबाव की राज नीति करे, तो इसे सियासी नासमझी कहें या कोई गहरी साजिश? दिलचस्प बात यह है कि कांग्रेस नेताओं की इस लगातार बयानबाजी और खुले हमलों पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव पूरी तरह चुप्पी साधे हुए हैं। वह खुद सीधे तौर पर इन बयानों पर कुछ कहने से बच रहे हैं और अपनी पार्टी के अन्य नेताओं या प्रवक्ताओं के जरिए नपा–तुला पलटवार करवा रहे हैं। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि अखिलेश यादव की यह खामोशी उनकी कोई कमजोरी नहीं, बल्कि एक बेहद सोची–समझी और परिपक्व रणनीति है। वह अच्छी तरह भांप चुके हैं कि यदि उन्होंने इस वक्त कोई भी तीखा या आक्रामक पलटवार किया, तो सारा ठीकरा विपक्षी कलह पर फूट जाएगा और बीजेपी को इसका सीधा राजनीतिक फायदा मिल जाएगा। लेकिन इसके बावजूद, सपा के अंदरखाने कार्यकर्ताओं और स्थानीय नेताओं में इस बात को लेकर जबरदस्त उबाल है कि जिस पार्टी का खुद का जनाधार यूपी में लगातार सिमट चुका है, वह इतनी बड़ी हैसियत की मांग किस बिना पर कर रही है।

कांग्रेस की यह जिद और अकेले दम पर अपनी शर्तों पर राजनीति करने की आदत कोई नई नहीं है। इसके इतिहास के पन्नों को पलटेंगे तो ऐसी कई मिसालें मिलेंगी जहाँ कांग्रेस ने अपने ही सहयोगियों की लुटिया डुबोई है और गठबंधन धर्म को तार–तार किया है। साल 2017 के यूपी विधानसभा चुनाव के इतिहास को ही देख लीजिए, तब समाजवादी पार्टी ने कांग्रेस को सम्मानजनक रूप से 105 सीटें दी थीं, लेकिन कांग्रेस ने जिद पकड़कर 114 सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े कर दिए, जिसका नतीजा यह हुआ कि गठबंधन का पूरा चुनावी माहौल खराब हो गया और अंततः बीजेपी ने प्रचंड बहुमत की सरकार बना ली। यही नहीं, साल 2022 के विधानसभा चुनावों में जब प्रियंका गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस ने अपनी ताकत दिखाने के लिए सभी 403 सीटों पर अकेले ताल ठोकी थी, तब पार्टी का ऐसा सूपड़ा साफ हुआ कि रायबरेली और अमेठी जैसी पारिवारिक वीआईपी सीटों पर भी जमानतें खतरे में पड़ गईं और कुल वोट शेयर सिमटकर महज 2.34 प्रतिशत पर आ गया।

इतने बड़े धक्के के बाद भी यदि कांग्रेस का केंद्रीय नेतृत्व क्षेत्रीय दलों के साथ टकराव का रास्ता अपनाता है, तो यह उसकी राजनीतिक अपरिपक्वता को ही उजागर करता है। कांग्रेस की इस प्रवृत्ति का असर केवल उत्तर प्रदेश तक ही सीमित नहीं रहा है, बल्कि देश के दूसरे राज्यों में भी इंडिया गठबंधन के भीतर इसकी कई बानगी देखने को मिल चुकी है। हाल ही में हुए बिहार विधानसभा चुनावों के दौरान भी अंतिम समय तक सीट बंटवारे को लेकर चली अंतहीन खींचतान के चलते राजद और कांग्रेस के प्रत्याशी आपस में ही फ्रेंडली फाइट के नाम पर खुलकर भिड़ गए और उसका खामियाजा पूरे विपक्ष को उठाना पड़ा। ठीक इसी तरह, हरियाणा और पश्चिम बंगाल के चुनावों में भी क्षेत्रीय दलों के साथ ऐसा ही असहयोग वाला बर्ताव देखने को मिला, जहां कांग्रेस ने अपनी खोई हुई जमीन तलाशने के चक्कर में सहयोगियों की जीत की संभावनाओं को भी पूरी तरह पलीता लगा दिया। उत्तर प्रदेश जैसे विशाल हिंदी भाषी राज्य में, जहाँ बीजेपी जैसी मजबूत, अनुशासित और संसाधनों से लैस राजनीतिक मशीनरी से दो–दो हाथ करना है, यदि विपक्ष के भीतर ही सीटों के गणित और अहंकार को लेकर ऐसी तलवारें खिंची रहीं, तो यह मुकाबला परवान चढ़ने से पहले ही दम तोड़ देगा।

बहरहाल, आराधना मिश्रा को आगे कर कांग्रेस भले ही रिश्तों में नरमी और समन्वय का दिखावा कर रही हो, लेकिन इमरान मसूद और राजेंद्र पाल गौतम जैसे नेताओं के तीखे और आक्रामक तेवर यह चीख–चीखकर बता रहे हैं कि 2027 के रण से पहले सीट शेयरिंग का यह दंगल अभी और भयानक रूप लेने वाला है। क्या प्रियंका गांधी की परदे के पीछे की यह जिद बीजेपी के मजबूत विजय रथ को रोकने में मददगार साबित होगी या फिर समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन की इस नाव को बीच मझधार में ही डुबो देगी, यह तो आने वाला वक्त ही तय करेगा। फिलहाल, उत्तर प्रदेश की सियासी फिजाओं में एक ही सवाल सबसे बड़ा बना हुआ है कि क्या कांग्रेस अपनी पुरानी गलतियों से कोई सबक सीखेगी या फिर अपने ही सहयोगियों का भरोसा कुचलकर खुद को पूरी तरह हाशिए पर धकेल देगी?

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

## कोरस


संजय एम तराणेकर

### हरमन, तुमने क्यों छोड़ी कमान?

हरमन, तुमने क्यों छोड़ी कमान,
आज यह पूछ रहा है हिंदुस्तान।
जीत की राहों की तुम सरताज,
तुमसे रोशन हुआ देश का मान।

तुमने ही सिखाया हार नहीं होती,
हाँ,जब हौसलों में आग जगी हो।
राह में मुश्किलें जितनी भी आए,
मंज़िल फिर भी सामने खड़ी हो।

जहाँ बल्ले की हर एक चोट में,
हमारे भारत का ये विश्वास रहा।
यूं हर एक रन में संघर्ष तुम्हारा,
हरेक जीत में भी इतिहास रहा।

टीम को विश्व विजेता बनाकर,
तुमने अपना खूब फर्ज निभाया।
नई कप्तान को रास्ता दिखाकर,
नेतृत्व का गहन अर्थ समझाया।

वर्तमान कप्तानी छोड़ी, प्रेम नहीं,
देशवासियों से रिश्ता कैसे टूटेगा?
भारत की हरेक बेटी के सपनों में,
तुम्हारा ये साहस फिर से जुटेगा।

आँखों में शायद नमी भी रही हो,
दिल में यादों का बदस्तूर संसार।
पर यह विदाई भी कितनी सुन्दर,
जब पीछे हो विजयों का अम्बार।

# प्रेमानंद विवाद : यूट्यूबरों के कृत्यों और कंगारू कोर्ट का कारनामा


संजय सक्सेना

डिजिटल युग में भारत के भीतर सूचना तंत्र का लोकतांत्रिकरण जिस तेजी से हुआ है, उसने पारंपरिक मीडिया की सीमाओं को तोड़कर अभिव्यक्ति को एक नया खुला आसमान दिया है। इस बदलाव के सबसे बड़े केंद्र बनकर उभरे हैं देश के लाखों स्वतंत्र डिजिटल रचनाकार और यूट्यूबर, जिन्होंने समाज की आवाज बनने और जनसरोकार से जुड़े मुद्दों को उठाने का बीड़ा उठाया। लेकिन इसी व्यापक और बेलगाम होते जा रहे डिजिटल संसार का एक दूसरा स्याह और डरावना पहलू भी सामने आ रहा है।

नाम, शोहरत, व्यूज और मोटी कमाई यानी नाम और दाम की इस अंधी दौड़ में डिजिटल मंचों का एक बड़ा हिस्सा सनसनीखेज कंटेंट परोसने की ऐसी प्रयोगशाला बन चुका है, जो समाज, संवैधानिक मर्यादाओं और देश के शांतिपूर्ण ताने-बाने के लिए गहरी चिंता का विषय बनता जा रहा है। सरोकार की पत्रकारिता या रचनात्मकता का स्थान अब एजेंडा संचालित वीडियो, सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की कोशिशों, राजनीतिक विद्वेष और किसी प्रतिष्ठित शख्सियत की छवि को मिट्टी में मिलाने के सुनियोजित प्रयासों ने ले लिया है। सूचनाओं के इस महासागर में विश्वसनीयता और संवेदनशीलता पूरी तरह दरकिनार हो चुकी हैं, और अब स्थिति यह हो गई है कि क्लिक और एल्गोरिदम की रेटिंग के लिए समाज के सौहार्द को दांव पर लगाने से भी गुरेज नहीं किया जा रहा है।

इस अनियंत्रित दौर में कृत्रिम बुद्धिमत्ता अर्थात एआई की नई तकनीकों ने इस मनमानी को एक ऐसा घातक हथियार दे दिया है, जिसकी वजह से सच और झूठ के बीच का अंतर लगभग खत्म हो चुका है। डीपफेक, वॉयस क्लोनिंग और हेरफेर किए गए विजुअल्स का सहारा लेकर किसी भी सम्मानित नागरिक, राजनेता, अभिनेता या आध्यात्मिक गुरु के चेहरे को झूठी कहानियों में फिट कर दिया जाता है। इस एआई संचालित प्लेटफॉर्म का उपयोग अब वैचारिक नफरत फैलाने, फेक न्यूज को असली खबरों की तरह प्रस्तुत करने और किसी भी संवेदनशील घटना को दंगे की आग में झोंकने के उपकरण के रूप में किया जा रहा है। जब किसी भी घटना की सत्यता को परखे बिना सनसनीखेज थंबनेल और भड़काऊ बयानों के साथ वीडियो अपलोड किए जाते हैं, तो वह समाज में अराजकता फैलाने का जरिया बनते हैं। कई ऐसे मामले सामने आ चुके हैं, जहां केवल राजनीतिक दलों के खिलाफ नैरेटिव सेट करने या किसी विशिष्ट विचारधारा को लाभ पहुंचाने के लिए आधारहीन और मनगढ़ंत तथ्यों को डिजिटल मीडिया पर दिन-रात चलाया जाता है। यह खेल महज कुछ व्यूज तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके पीछे एक बड़ा व्यापारिक मॉडल काम कर रहा है, जो समाज में दरारें पैदा करके ही मुनाफा कमाता है।

डिजिटल कंटेंट क्रिएशन की इस आक्रामकता और संवेदनहीनता का एक ज्वलंत और हालिया उदाहरण प्रख्यात आध्यात्मिक संत प्रेमानंद महाराज और जाने-माने यूट्यूबर व पत्रकार शुभांकर मिश्रा के बीच उपजे हालिया विवाद में खुलकर सामने आया है। वृंदावन के एक आश्रम में हुई एक दुखद घटना और प्रेमानंद महाराज के शिष्य दीपक लोधी (रसिक दुलारी) की रहस्यमयी मौत के बाद, स्वतंत्र डिजिटल मीडिया ने इस मामले को सनसनी की तरह पेश करना शुरू कर दिया। शुभांकर मिश्रा ने अपने डिजिटल प्लेटफॉर्म पर इस घटनाक्रम की रिपोर्टिंग करते हुए और आश्रम की व्यवस्थाओं पर गंभीर सवाल उठाते हुए इसे बेहद संवेदनहीनता के साथ आश्रम 2.0 का नाम दे दिया, जिसकी तुलना एक विवादास्पद वेब सीरीज से की जाने लगी। उन्होंने अपने वीडियो के माध्यम से यह नैरेटिव सेट करने की कोशिश की कि क्या पूज्य महाराज जी को किसी व्यवस्था द्वारा हाईजैक कर लिया गया है। इस प्रकार की सतही तुलना और बिना किसी पुख्ता अदालती या पुलिसिया निष्कर्ष के देश के करोड़ों लोगों की आस्था के केंद्र संत प्रेमानंद महाराज को इस विवाद के घेरे में घसीटने के प्रयास ने संत समाज और उनके भक्तों को पूरी तरह झकझोर दिया।

इस अनुचित तुलना और संत की गरिमा पर उठाए गए सवालों के बाद वृंदावन से लेकर पूरे देश में व्यापक आक्रोश फैल गया, जहां लोगों ने भारी नाराजगी जताते हुए शुभांकर मिश्रा के पुतले तक फूंके। यद्यपि बाद में विवाद के गहराने पर उन्होंने सफाई देते हुए महाराज जी को पूजनीय और सम्मानीय बताया, लेकिन तब तक टीआरपी और व्यूज बटोरने के चक्कर में एक गंभीर और संवेदनशील



आध्यात्मिक छवि पर कीचड़ उछालने का काम पूरा हो चुका था। यह पूरी घटना दर्शाती है कि कैसे स्वतंत्र डिजिटल पत्रकारिता और यूट्यूबरों का एक बड़ा धड़ा केवल हेडलाइन हंटिंग और सनसनी के लिए तथ्यों की मर्यादा को भूल जाता है। इसी तरह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ एक महिला की डीपफेक और मॉर्फ्ड (छेड़छाड़ की गई) तस्वीरों का प्रकरण भी डिजिटल युग में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के दुरुपयोग और सोशल मीडिया पर फैलती अराजकता का एक बेहद गंभीर और डरावना उदाहरण था, जिसके खिलाफ कोर्ट में मामला चल रहा है। इस प्रकार की बेलगाम और आक्रामक डिजिटल गतिविधियों की वजह से न केवल समाज शर्मसार होता है, बल्कि कई बार निर्दोष लोगों और सम्मानित परिवारों का पूरा जीवन तबाह हो जाता है। क्योंकि समाज बिना सोचे-समझे उस वायरल झूठ को ही परम सत्य मान लेता है, जिससे पीड़ित व्यक्ति मानसिक अवसाद, सामाजिक बहिष्कार और गहरी ग्लानि के चक्रव्यूह में फंस जाता है। डिजिटल मंचों पर होने वाली इस तरह की पब्लिक लिंचिंग और कंगारू कोर्ट की व्यवस्था के कारण सभ्य समाज की गरिमा तार-तार हो रही है।

सवाल यह उठता है कि समाज और देश के लिए इतना बड़ा खतरा बन चुके इन विवादित यूट्यूबरों पर समय रहते कड़ी और त्वरित कार्रवाई क्यों नहीं हो पाती है? इसके पीछे भारतीय डिजिटल कानूनों की जटिलता और मौजूदा नियामक तंत्र की कमियां सबसे बड़ी वजह हैं। भारत में पारंपरिक प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के लिए प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया और विभिन्न प्रसारण नियम कानून बने हुए हैं, लेकिन यूट्यूब, इंस्टाग्राम और फेसबुक जैसे वैश्विक इंटरनेट मध्यस्थों (इंटरमीडियरीज) पर सीधे नियंत्रण की वैधानिक सीमाएं हैं। आईटी अधिनियम (इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एक्ट) की धारा 79 के तहत इन सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को सेफ हार्बर का संरक्षण प्राप्त है, जिससे वे अपने प्लेटफॉर्म पर यूजर द्वारा डाले गए कंटेंट की सीधी जिम्मेदारी से बच जाते हैं। इसके अतिरिक्त, इन यूट्यूबरों के खिलाफ मानहानि या समाज में द्वेष फैलाने के मामले दर्ज होने पर भी कानूनी प्रक्रिया इतनी लंबी और थकाऊ होती है कि त्वरित न्याय की उम्मीद धूमिल हो जाती है।

जब तक किसी विवादित या भ्रामक वीडियो को ब्लॉक करने या हटाने की सरकारी या न्यायिक प्रक्रिया पूरी होती है, तब तक वह वीडियो इंटरनेट के कोने-कोने में फैल चुका होता है और जितना संभव होता है उतना नुकसान कर चुका होता है। इसके अलावा, विदेशी धरती से संचालित होने वाले सर्वर और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर मिलने वाले संवैधानिक संरक्षण का बेजा इस्तेमाल भी इन पर नकेल कसने की राह में बड़ा रोड़ा साबित होता है।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9554964672**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### तालाब में डूबने से राजमिस्त्री की मौत

**सुमेरपुर।** पारा गांव निवासी राजमिस्त्री श्रीकृष्ण (42) पुत्र नन्दू वर्मा की तालाब में डूबने से मौत हो गई। मंगलवार शाम कस्बे से काम कर वह गांव लौट रहा था। रात करीब 10 बजे ग्रामीणों ने उसे सड़क पर देखा था। घर न पहुंचने पर परिजनों ने तलाश की, लेकिन पता नहीं चला। बुधवार सुबह ग्रामीणों ने बड़ी देवी तालाब में गमछा उतराता देखा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव बाहर निकलवाया। शिनाख्त श्रीकृष्ण के रूप में हुई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष पवन कुमार पटेल ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे कार्रवाई की जाएगी। मृतक के परिवार में दिव्यांग पत्नी लीलावती,पुत्रियां प्रियंका व प्रांशी तथा पुत्र करन व मनीष हैं।

### तीनों सरकारी खाद केंद्रों पर डीएपी खत्म, किसान परेशान

**सुमेरपुर।** रबी फसलों की बुवाई शुरू होते ही कस्बे के तीनों सरकारी खाद केंद्रों पर डीएपी खत्म हो गई है। क्षेत्रीय सहकारी समिति, क्रय-विक्रय सहकारी समिति और पीसीएफ किसान सेवा केंद्र पर स्टॉक शून्य है। किसानों का आरोप है कि सरकारी केंद्रों पर खाद नहीं मिलने से निजी दुकानदार डीएपी 1350 रुपये के बजाय करीब 1750 रुपये में बेच रहे हैं। किसान रामबहादुर, रामनरायन, दिनेश व विजय ने बताया कि रोज केंद्रों के चक्कर लगाने के बाद भी खाद नहीं मिल रही। बुवाई का समय निकलने से किसान चिंतित हैं।

### रिश्वत लेने के आरोप में उपनिरीक्षक पर मुकदमा दर्ज

**बिवांर।** थाना बिवांर में तैनात दारोगा मोहम्मद सुल्तान के खिलाफ बीते मंगलवार देर रात रिश्वत लेने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत सब इंस्पेक्टर पर दर्ज हुई एफआईआर में एक मुकदमे में सहयोग करने के नाम पर दरोगा ने पीड़ित से 25 हजार मांगे थे। बताते चलें कि ललपुरा थाना क्षेत्र के पौथिया बुजुर्ग निवासिनी कल्पना सिंह पत्नी धर्मेंद्र सिंह की पर आरोपी एसआई पर मुकदमा दर्ज किया गया है। महिला ने आरोप लगाया है कि आरोपी दरोगा ने महिला के विपक्षी बहुजबल सिंह आदि के चल रहे मुकदमें में उसके देवर जीतेन्द्र का सहयोग करने के नाम पर 25 हजार लिए थे और दूसरे अभियुक्त दीपांशु सिंह की जमानत में सहयोग के लिए 25 हजार और मांगे थे। महिला ने बताया कि जीतेन्द्र ने दरोगा से हुई बातचीत की कॉल रिकॉर्डिंग कर ली थी , उसी को वाइरल करने के बाद दरोगा पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। थाना प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि रिश्वत मांगने का ऑडियो वायरल होने के बाद एसपी मृगांक शेखर पाठक के आदेश पर उपनिरीक्षक पर कार्यवाही की गयी है।

### जल जीवन मिशन में लापरवाही, संस्था को ब्लैक लिस्ट करने के निर्देश

**हमीरपुर।** जल जीवन मिशन के तहत पेयजल आपूर्ति व्यवस्था का निरीक्षण करने अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) विजय सिंह ने सुमेरपुर विकासखंड के ग्राम मवई जार का दौरा किया। ग्रामीणों ने मोहल्ले में पेयजल आपूर्ति की समस्या बताई। मौके पर जल जीवन मिशन के जूनियर इंजीनियर और वर्तमान कार्यदायी संस्था आईटी इंटरनेशनल के कर्मचारी मौजूद रहे और व्यवस्था दुरुस्त करने की कार्रवाई की।निरीक्षण में पूर्व कार्यदायी संस्था जय मां लक्ष्मी कंस्ट्रक्शन द्वारा कराए गए कार्यों में कमियां मिलीं। पाइपलाइन, वाल्व और अन्य संरचनाओं की स्थिति स्पष्ट न होने से मरम्मत में परेशानी सामने आई। संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर प्रिंस राजपूत को तकनीकी टीम भेजने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन संस्था का कोई प्रतिनिधि मौके पर नहीं पहुंचा।एडीएम ने अधिशासी अभियंता जल निगम (ग्रामीण) को संस्था के खिलाफ विस्तृत रिपोर्ट शासन को भेजने और नियमानुसार ब्लैक लिस्ट की कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और ग्रामीणों को निर्बाध पेयजल उपलब्ध कराना प्राथमिकता है।

### विवाहिता की मौत मामले में पति समेत दो गिरफ्तार

**कुरारा (हमीरपुर)।** पारा गांव में विवाहिता आरती की मौत के मामले में पुलिस ने नामजद पति अनुरुद्ध कोरी और जेठ कारेलाल को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। दो अक्टूबर को आरती ने आत्महत्या कर ली थी। मृतका के भाई की तहरीर पर पति समेत ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न और हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने दोनों आरोपियों को पारा मोड़ के पास से गिरफ्तार किया।

### विद्यार्थियों के विकास को रचनात्मक कौशल जरूरी: प्रो. पुनीत

**झांसी।** बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग में विजयदेव नारायण साही की जयंती पर रचनात्मक कौशल की भूमिका विषय पर संगोष्ठी हुई। अध्यक्षता प्रो. पुनीत बिसारिया ने की।उन्होंने कहा कि रचनात्मक कौशल से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, मौलिक चिंतन और अभिव्यक्ति क्षमता बढ़ती है। डॉ. श्रीहरि त्रिपाठी ने कहा कि रचनात्मकता नए विचारों और समस्याओं के समाधान में सहायक है। अन्य वक्ताओं ने भी विचार रखे। संचालन करिश्मा राजपूत ने किया। संगोष्ठी में छात्र-छात्राएं और शोधार्थी उपस्थित रहे।

### हत्यारे पति को आजीवन कारावास की सजा

**झांसी।** करीब आठ साल पहले जबरन पत्नी बनाकर साथ रखने से मना करने पर महिला की हत्या के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (आवश्यक वस्तु अधिनियम) शिव कुमार तिवारी की अदालत ने दोषी नरेश श्रीवास को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 15 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता देवेश श्रीवास्तव ने बताया कि दो सितंबर 2018 को रानीपुर के खुशीपुरा निवासी कन्हैया लाल की बेटी नीलम से नरेश श्रीवास ने जबरन पत्नी बनाकर साथ चलने को कहा। विरोध करने पर उसने गड़ासे से हमला कर नीलम की हत्या कर दी। बचाने पहुंचे उसके भाई राहुल और बहन पूजा पर भी हमला कर उन्हें घायल कर दिया। मामले में धारा 302 और 307 के तहत मुकदमा दर्ज हुआ। साक्ष्यों एवं गवाहों के आधार पर अदालत ने धारा 302 में आजीवन कारावास व 10 हजार रुपये अर्थदंड तथा धारा 307 में सात वर्ष के कठोर कारावास व पांच हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई।

### जनगणना राष्ट्र का सबसे बड़ा प्रशासनिक कार्य: डीएम

**झांसी।** जनगणना के दूसरे चरण यानी जनसंख्या गणना की तैयारियों के तहत बुधवार को रानी लक्ष्मीबाई केंद्रीय विश्वविद्यालय के मशरूम हॉल एवं हनी बी हॉल में फील्ड ट्रेनरों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू हुआ। शुभारंभ जिलाधिकारी एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी गौरांग राठी के वर्चुअल संबोधन से हुआ।जिलाधिकारी ने कहा कि जनगणना राष्ट्र का महत्वपूर्ण प्रशासनिक कार्य है। इसमें आंकड़ों की शुद्धता एवं गोपनीयता का विशेष ध्यान रखा जाए। घर-घर होने वाली गणना में प्रत्येक व्यक्ति की जानकारी सही दर्ज होना जरूरी है। प्रशिक्षण में गणना प्रक्रिया, प्रपत्रों, दिशा-निर्देशों और संभावित चुनौतियों की जानकारी दी जा रही है।जिला जनगणना अधिकारी पल्लवी मिश्रा ने बताया कि 7 से 9 अक्टूबर तक 78 फील्ड ट्रेनरों को दो बैच में प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षित ट्रेनर 22 अक्टूबर से 2 नवंबर के बीच प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण देंगे। प्रशिक्षण के दौरान जनगणना सामग्री का भी वितरण किया गया। राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनरों ने प्रशिक्षण दिया।

### डीएम ने श्रमिक स्वास्थ्य शिविर प्रचार वाहन को किया रवाना

**चित्रकूट।** श्रम विभाग की योजनाओं और श्रमिक स्वास्थ्य परीक्षण शिविरों के प्रचार-प्रसार के लिए जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर से प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके बाद जल जीवन मिशन के निर्माण स्थल भभंट राजापुर में आयोजित श्रमिक स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में श्रमिकों की जांच की गई। शिविर में 20 श्रमिकों का हीमोग्लोबिन, 41 का रैंडम ब्लड शुगर (आरबीएस), 52 का रक्तचाप और वायरल मार्कर परीक्षण किया गया। साथ ही श्रम विभाग की ओर से श्रमिकों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए आवश्यक जानकारी भी दी गई। सहायक श्रमायुक्त आर.के. गुप्ता ने बताया कि त्रिदिवसीय स्वास्थ्य परीक्षण अभियान के तहत अगले चरण में गुरुवार को कर्वी के लेबर अड्डे पर सुबह आठ बजे से स्वास्थ्य शिविर लगाया जाएगा। विभाग ने अधिक से अधिक श्रमिकों से शिविर में पहुंचकर स्वास्थ्य परीक्षण कराने की अपील की है।

# कुछेछा में डीएम ने किया तिल की क्रॉप कटिंग का निरीक्षण

**समृद्धि न्यूज़, हमीरपुर।**



जिलाधिकारी अशोक कुमार ने ग्राम कुछेछा में तिल की फसल के क्रॉप कटिंग प्रयोग का स्थलीय निरीक्षण किया। कृषक सुनील गुप्ता के गाटा संख्या 142 में निर्धारित मानकों के अनुसार फसल कटाई कराकर तौल कराई गई। तौल में 5 किलो 100 ग्राम फलियों का वजन मिला। सांख्यिकी विभाग की टीम और संबंधित अधिकारियों की मौजूदगी में हुए प्रयोग के आधार पर उत्पादन का आकलन किया गया। डीएम ने बताया कि क्रॉप कटिंग से फसल उत्पादन का वैज्ञानिक आकलन किया जाता है। प्राप्त आंकड़ों के आधार पर औसत उपज निर्धारित होती है। औसत उत्पादन कम रहने पर किसानों को सामूहिक फसल बीमा का लाभ मिलता है। उन्होंने अधिकारियों और राजस्व कर्मियों को क्रॉप कटिंग के कार्य पारदर्शी एवं नियमानुसार कराने तथा आंकड़ों के संकलन में शुद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# सपा कार्यकर्ताओं ने चुनाव आयुक्त का पुतला फूंकने का किया प्रयास, पुलिस ने रोका

**समृद्धि न्यूज़, हमीरपुर।**






समाजवादी पार्टी कार्यालय में बुधवार को कार्यकर्ता एकत्रित हुए और चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला फूंकने का प्रयास किया। सूचना पर सदर कोतवाल विनोद कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और कार्यकर्ताओं से वार्ता कर स्थिति को नियंत्रित किया। कार्यक्रम मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष मिसबाहुल हसन उर्फ लाला प्रधान के नेतृत्व में हुआ। प्रदर्शन में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रत्याशी युगांक मिश्रा, नईम खान, सैयद उमर, रिजवान खान, रवि यादव एडवोकेट, मोहम्मद जुनैद, राघवेंद्र यादव लकी, विवेक यादव, कन्हैया कश्यप, बीटू यादव, संजय श्रीवास, सभासद सुभान कुरैशी, अजय निषाद, सुधीर निषाद सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## इलाहाबाद-झांसी खंड स्नातक निर्वाचन के 15 नामांकन वैध

**झांसी।** इलाहाबाद-झांसी खंड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से विधान परिषद निर्वाचन-2026 के लिए दाखिल 19 नामांकन पत्रों में से 15 वैध पाए गए, जबकि चार नामांकन पत्र निरस्त कर दिए गए। रिटर्निंग अधिकारी एवं मंडलायुक्त बिमल कुमार दुबे ने बताया कि संवीक्षा के दौरान भाजपा के अशोक कुमार राठौर और समाजवादी पार्टी के डॉ. मान सिंह यादव के नामांकन वैध पाए गए।चार नामांकन पत्र त्रुटिपूर्ण शपथ पत्र, अभ्यर्थी अथवा प्रस्तावकों के हस्ताक्षर न होने और अपूर्ण जानकारी के कारण निरस्त किए गए। धनंजय कुमार के दोनों नामांकन पत्र, आलोक दुबे, प्रीतम कुमार और रमेश चंद्र कुशवाहा के नामांकन निरस्त हुए। संवीक्षा के दौरान सहायक रिटर्निंग अधिकारी कुंवर पंकज सहित निर्वाचन कार्मिक मौजूद रहे।

# सेवा ज्योति कलश यात्रा में उमड़ी भीड़ विकसित भारत का लिया संकल्प




**हमीरपुर।** सेवा संकल्प अभियान के तहत बुधवार को अंबेडकर पार्क से गांधी पार्क तक सेवा ज्योति कलश यात्रा निकाली गई। मुख्य अतिथि महिला कल्याण निगम की अध्यक्ष कमलावती सिंह, सदर विधायक डॉ. मनोज कुमार प्रजापति, राठ विधायक मनीषा अनुरागी और भाजपा जिलाध्यक्ष शकुंतला निषाद ने सहभागिता की। अंबेडकर पार्क में एलईडी स्क्रीन के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन का सजीव प्रसारण किया गया। उपस्थित लोगों को विकसित भारत की शपथ दिलाई गई और वंदेमातरम् का सामूहिक गायन हुआ। गांधी पार्क में महात्मा गांधी की प्रतिमा के समीप सेवा ज्योति कलश स्थापित किया गया। इसके बाद यात्रा स्पोर्ट्स स्टेडियम पहुंची। स्टेडियम में बच्चों द्वारा बनाई गई रंगोली में केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं को प्रदर्शित किया गया। विधायक डॉ. मनोज कुमार प्रजापति ने रंगोली की सराहना की।

## विकास प्रदर्शनी का समापन, योजनाओं की दी जानकारी

**हमीरपुर।** अंबेडकर पार्क में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की ओर से आयोजित तीन दिवसीय विकास प्रदर्शनी का बुधवार को समापन हुआ। अंतिम दिन महिला कल्याण निगम की अध्यक्ष कमलावती सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष शकुंतला निषाद सहित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रदर्शनी में कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, रोजगार, सामाजिक सुरक्षा तथा ग्रामीण और शहरी विकास से जुड़ी योजनाओं और उपलब्धियों को चित्रों व पोस्टरों के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। महिला कल्याण निगम अध्यक्ष ने प्रदर्शनी की सराहना करते हुए कहा कि इससे लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी एक ही स्थान पर मिल रही है। जिला सूचना अधिकारी सतीश कुमार ने प्रदर्शित योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# प्रभारी एडीओ का कार्यभार ग्रहण, प्रधानों में खुशी

**समृद्धि न्यूज़, मौदहा।**



प्रभारी सहायक विकास अधिकारी का कार्यभार ग्रहण करने से क्षेत्र के ग्राम प्रधानों में खुशी की लहर दौड़ गई और विकास की गति तेज होने की उम्मीदें जागृत हो गईं। ग्राम प्रधानों ने माला पहनाकर खुशी जाहिर की। बताते चलें कि जिला पंचायत राज अधिकारी के निर्देशानुसार मौदहा विकासखंड में ग्राम पंचायत अधिकारी नितेश कुमार चंदेल को प्रभारी सहायक विकास अधिकारी पद पर तैनात किया गया है। शासन की ओर से जब तक स्थायी एडीओ की तैनाती नहीं होती, तब तक वह कर्तव्य का निर्वहन करेंगे।बुधवार को नितेश चंदेल द्वारा कार्यभार ग्रहण करने पर क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। ग्राम प्रधानों ने माला पहनाते हुए खुशी जाहिर की और बताया कि क्षेत्रीय विकास को गति मिलने की उम्मीद जागृत हुई है।इस अवसर पर अरतरा ग्राम प्रधान महरीदीन प्रजापति, खैर प्रधान जगतपाल, भुलसी प्रधान लल्लूराम, सुशील सिंह, अमित, नरेंद्र आदि मौजूद रहे।

## श्रृद्धा और विश्वास से भक्ति करने पर ही कल्याण संभव: ऋषि सरकार



**झांसी।** पितृ पक्ष के उपलक्ष्य में संगीतमय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन 4 अक्टूबर से ग्वालियर – कानपुर बाईपास हाईवे रोड स्थित सनफ़ान अशोक सिटी में किया जा रहा है। श्री संकट मोचन सरकार पीठाधीश कथा व्यास श्री ऋषि जी सरकार ने चतुर्थ दिवस पर संगीतमय श्रीमद भागवत कथा का बखान करते हुए कहा कि ईश्वर की भक्ति तो सभी करते हैं, लेकिन श्रद्धा और विश्वास होने पर ही कल्याण संभव है। इसलिए घंटों दिखावे के लिए पूजा अर्चना करने से अच्छा पूर्ण आस्था और विश्वास से एक बार ईश्वर का स्मरण करना ही बहुत है। इसके पूर्व कथा पारीछत श्रीमति निशी –संजय चौरसिया ने परिजनों सहित श्रीमद भागवत ग्रन्थ की आरती उतारी। इस अवसर पर रश्मि राय, वंदिता अग्रवाल, अनीता वर्मा, नीलम सिंह,ऋचा तिवारी, साधना व्यास, पुष्पा निरंजन सहित भारी संख्या में कालोनीवासी, राजेंद्र चौरसिया, अनुज चौरसिया, शंकर लाल, सुशीला चौरसिया, पूर्वा, संदीप चौरसिया, विभा, दिलीप चौरसिया, गीतान्शी, प्रदीप चौरसिया,सरोज,डॉ राजेश चौरसिया एड, ममता चौरसिया, आरडब्ल्यूए अध्यक्ष विनय उपाध्याय, अर्पित राय, नव्या, ईशान, शैव्या, दिवित, अध्या, काश्वी, नीवा आदि सहित अन्य भक्तगण उपस्थित रहे।

## खैर इंटर कॉलेज में 70वें एथलेटिक्स युवक क्रीड़ा समारोह का आगाज 9 से

**गुरसरांय (झांसी)।** खैर इंटर कॉलेज के बालिका अनुभाग क्रीड़ास्थल पर दो दिवसीय 70वां एथलेटिक्स युवक क्रीड़ा समारोह 9 और 10 अक्टूबर को आयोजित होगा। इसमें गरौठा और टहरौली तहसील के माध्यमिक विद्यालयों के खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे ।9 अक्टूबर को प्रतियोगिता का शुभारंभ क्षेत्राधिकारी गरौठा पीयूष पांडेय करेंगे। 10 अक्टूबर को समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में उपजिलाधिकारी गरौठा सुनील कुमार विजयी खिलाड़ियों को शील्ड व पुरस्कार प्रदान करेंगे। प्रधानाचार्य धनप्रकाश तिवारी ने बताया कि आयोजन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। प्रबंधक मनोहर राव नेवालकर, अध्यक्ष देवेश पालीवाल, जिला विद्यालय निरीक्षक रती वर्मा सहित आयोजक मंडल ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं।

# 178 नवाचार विचारों में चुने गए शीर्ष 25 युवाओं को रोजगार सृजन का संदेश

**समृद्धि न्यूज़, झांसी।**



बुंदेलखंड विश्वविद्यालय में सेवा संकल्प अभियान के तहत गांधी ऑडिटोरियम में 'सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज 2026' का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों से प्राप्त 178 नवाचार एवं स्टार्टअप विचारों में से शीर्ष 25 का मंचीय प्रदर्शन किया गया। चयनित विद्यार्थियों को प्रशंसा-पत्र एवं सम्मान प्रदान किया जाएगा द्य कुलपति प्रो. मुकेश पाण्डेय ने कहा कि युवाओं को रोजगार तलाशने के बजाय रोजगार सृजित करने की सोच विकसित करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को अपने विचारों को भविष्योपयोगी स्टार्टअप में बदलने का मंच प्रदान करते हैं।प्राप्त विचारों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता, स्वास्थ्य, कृषि, खाद्य तकनीक, शिक्षा, पर्यावरण, ग्रामीण विकास और सामाजिक समस्याओं के समाधान से जुड़े नवाचार प्रमुख रहे। इनमें 'सॉल्वएआई', 'मिस पानीपुरी', 'कृषिटेक', 'होम मेडिकेशन' और 'लिथोस्कैन एआई' शामिल रहे।मुख्य वक्ता निपेंद्र भट्ट ने कहा कि सफल स्टार्टअप की शुरुआत आसपास की वास्तविक समस्याओं की पहचान से होती है। आईक्यूएसी निदेशक प्रो. सुनील के. कबिया, वित्त अधिकारी प्रमोद कुमार सिंह, मुख्य कार्यकारी अधिकारी शशिकांत राय और कुलसचिव ज्ञानेंद्र कुमार ने भी विद्यार्थियों को नवाचार एवं उद्यमिता के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में शिक्षक, शोधार्थी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# भाजपा की सेवा ज्योति यात्रा, पीएम मोदी का मार्गदर्शन सेवा पथ पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है: शंकरलाल

> पीएम मोदी के 25 वर्ष के सेवाकाल पर विकसित भारत संकल्प सभा

**समृद्धि न्यूज़, उरई(जालौन)।**



भारतीय जनता पार्टी ने बुधवार को झलकारी बाई पार्क में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन व राष्ट्रसेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने पर विकसित भारत संकल्प सभा 'सेवा ज्योति यात्रा' का आयोजन किया। मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री शंकरलाल लोधी रहे, अध्यक्षता जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित ने की। मुख्य अतिथि ने बताया कि सेवा ज्योति कार्यक्रम के तहत जिले की तीनों विधानसभाओं के 19 मंडलों से बाइक रैलियां निकलीं। विधानसभा वार एकत्रीकरण के बाद सभी बाइकें कोच बस स्टैंड पर पहुंचीं। वहां कार्यकर्ताओं ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का लाइव प्रसारण सुना, उसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाइव संबोधन सुना। सभा के बाद मशाल जुलूस निकाला गया, जो झलकारीबाई चौराहे से पीली कोठी तक गया। समापन पर मुख्य अतिथि ने कहा कि प्रधानमंत्री के 25 वर्षों का सार्वजनिक जीवन राष्ट्रसेवा, जनकल्याण और अंत्योदय को समर्पित रहा है। उनका मार्गदर्शन सेवा पथ पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। सेवा की ज्योति से विकसित भारत के संकल्प को नई ऊर्जा मिले, यही हमारा संकल्प है। इस दौरान सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, मूलचंद्र निरंजन, जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी, मंत्री प्रतिनिधि अरविंद चौहान, जिला प्रभारी भुवन प्रकाश गुप्ता, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमित समाधिया, रेखा वर्मा सहित वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे।

# इलाहाबाद-झांसी खण्ड स्नातक निर्वाचन निष्पक्ष कराने के डीएम ने दिए निर्देश



**महोबा ।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उत्तर प्रदेश विधान परिषद खण्ड स्नातक के 05 एवं खण्ड शिक्षक के 06 निर्वाचन क्षेत्रों से 11 निर्वाचित सदस्यों, जिनका कार्यकाल दिनांक 06 दिसम्बर, 2026 को समाप्त हो रहा है, के द्विवार्षिक निर्वाचन कराये जाने हेतु दिनांक 22 सितम्बर, 2026 को कार्यक्रम घोषित किया गया है। आयोग द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार दिनांक 23 अक्टूबर, 2026 को मतदान होना नियत है। उक्त के क्रम में उत्तर प्रदेश विधान परिषद इलाहाबाद-झाँसी खण्ड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के द्विवार्षिक निर्वाचन-2026 में मतदान को सकुशल सम्पन्न कराए जाने हेतु समस्त प्रभारी/ सह प्रभारी अधिकारियों के साथ जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभास कुमार की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। आयोजित बैठक में जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा बैठक में उपस्थित समस्त प्रभारी/ सह प्रभारी अधिकारियों को द्विवार्षिक निर्वाचन-2026 में मतदान के दृष्टिगत समस्त व्यवस्थाएं ससमय पूर्ण कराए जाने एवं निर्वाचन को निष्पक्ष, सकुशल एवं निर्बाध रूप से पूर्ण कराए जाने हेतु दिशा-निर्देश दिए गए।

## मुख्य चुनाव आयुक्त की बर्खास्तगी को सपा का प्रदर्शन

**उरई(जालौन)।** मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की बर्खास्तगी की मांग को लेकर बुधवार को समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं ने शहर में प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष दीपराज गुर्जर के नेतृत्व में कार्यकर्ता सिटी सेंटर से नारेबाजी करते हुए अंबेडकर चौराहे पहुंचे। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ भी नारे लगाए गए। कार्यकर्ताओं ने कागज से बने प्रतीकात्मक पुतले को जलाने का प्रयास किया, लेकिन कोतवाल आनंद कुमार सिंह ने मौके पर पहुंचकर पुतला कब्जे में ले लिया। प्रदर्शन के दौरान कुछ देर क्षेत्र में हलचल रही। पुलिस ने यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए भी सतर्कता बरती। सपा ने मुख्य चुनाव आयुक्त को पद से हटाने के साथ निर्वाचन आयोग की स्वतंत्र एवं लोकतांत्रिक कार्यप्रणाली सुनिश्चित करने की मांग की।

# सेवा संकल्प अभियान के तहत 10 स्थानों पर लगे स्वास्थ्य शिविर

**चित्रकूट।** सेवा संकल्प अभियान के तहत आयुष विभाग और जिला प्रशासन की पहल पर होम्योपैथिक विभाग की ओर से जिले में लगातार तीन दिन निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किए गए। चार से सात अक्टूबर के बीच विभिन्न स्थानों पर लगे शिविरों में 1214 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क औषधियां वितरित की गईं। साथ ही संक्रामक रोगों से बचाव, स्वच्छता और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति भी जागरूक किया गया। जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी दिलीप सिंह ने बताया कि अभियान के तहत चार और पांच अक्टूबर को रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित शिविर में 28, श्री मत्तगजेंद्रनाथ स्वामी मंदिर रामघाट में 118 और दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय में 157 लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं दी गईं। इसी प्रकार में छह अक्टूबर को लाइना बाबा हनुमान मंदिर में आयोजित शिवर में 194, नादी हनुमान मंदिर पहाड़ी में 128 तथा राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज मानिकपुर में 160 लोगों का परीक्षण किया गया। इसी क्रम में बुधवार को राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज बरगढ़ में आयोजित शिविर में 158, बजरंग इंटर कॉलेज सपहा में 101 और तहसील परिसर मऊ में 170 लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं मिलीं। चिकित्सकों ने मरीजों की जांच कर आवश्यकतानुसार दवाएं उपलब्ध कराई और स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों की जानकारी दी।

## जनगणना अधिकारियों और फील्ड ट्रेनरों को दिया प्रशिक्षण

**बांदा।** जिलाधिकारी अमित आसेरी ने बुधवार को भारत की जनगणना-2027 के दूसरे चरण (जनसंख्या की गणना) को फील्ड ट्रेनर (एफटीएस) का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया। तीन दिवसीय प्रशिक्षण में अधिकारियों और फील्ड ट्रेनरों को जनगणना की पूरी प्रक्रिया, जिम्मेदारियों और जरूरी सावधानियों की जानकारी दी गई। बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य जनगणना कार्य में शामिल अधिकारियों और कर्मचारियों को पूरी प्रक्रिया से परिचित कराना है। अधिकारियों को जनगणना के दौरान कार्य करने और विशेष सावधानी बरतने की जानकारी दी। डीएम ने फील्ड ट्रेनरों को जनगणना कार्य को व्यवस्थित और पारदर्शी तरीके से पूरा कराने पर जोर दिया।

# सेवा ज्योति यात्रा में उमड़ा जनसैलाब, विकसित भारत के संकल्प का शंखनाद

> प्रभारी मंत्री की अगुवाई में हजारों बाइकसवारों ने लिया हिस्सा

**समृद्धि न्यूज़, बांदा।**



बाइकों पर सवार भाजपाई, हाथों में मशाल लिए जिले के प्रभारी मंत्री और सदर विधायक समेत जनप्रतिनिधियों के साथ सड़कों पर उमड़ा जनसैलाब बुधवार को देखते ही बन रहा था। मौका था देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में 25 वर्ष पूरे होने पर आयोजित सेवा ज्योति यात्रा और विकसित भारत संकल्प सभा का। मुख्यालय की सीमा अतर्रा रोड स्थित जमुनादास महावीरन मंदिर से शुरू होकर सेवा ज्योति यात्रा शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए महाराणा प्रताप चौराहे पर समाप्त हुई। इसके पहले मंदिर के पास आयोजित विकसित भारत संकल्प सभा के दौरान नई दिल्ली स्थित केंद्रीय भाजपा कार्यालय से प्रधानमंत्री मोदी ने सभी को वर्चुअल माध्यम से संबोधित किया और विकसित भारत-2047 का संकल्प दिलाया। शहर के अतर्रा रोड स्थित महावीरन मंदिर में विकसित भारत संकल्प सभा और सेवा ज्योति यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रगीत वंदेमातरम के सामूहिक गायन के साथ हुआ। सभी ने खड़े होकर राष्ट्रगीत का सम्मान किया और वंदेमातरम का गान किया। कार्यक्रम स्थल पर स्कूली बच्चों ने मोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करके जहां पूरे माहौल को राष्ट्रभक्ति की भावना से ओतप्रोत कर दिया, वहीं 25 वर्ष जनसेवा से राष्ट्रसेवा विषय पर आधारित रंगोली सजाकर सभी मंत्रमुग्ध कर दिया। भारत संकल्प सेवा चौक पर स्थापित सेवा ज्योति कलश का अनावरण करते हुए जिले के प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने जनसेवा से राष्ट्रसेवा का संदेश दिया। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने अपने वर्चुअल संबोधन में भाजपाइयों को संगठन की एकजुटता और राष्ट्रसेवा को सर्वोपरि रखने की नसीहत दी। वहीं देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी वर्चुअल संबोधन करते हुए अपने 25 वर्ष के कार्यकाल का बखान किया और अपने जीवन की दुश्वारियों की चर्चा की।

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मैंने अपने भाई देवेन्द्र, वीरसिंह, अजीत सिंह, शकुनचन्द्र व नन्दराम के गलत आचरण के चलते अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। उन सभी के द्वारा किये गये किसी भी कृत्यों के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार का कोई सरोकार नहीं होगा। **किशनचन्द्र पुत्र स्व0 प्रहलाद, निवासी ग्राम फतेहउल्लापुर, थाना कमालगंज, जनपद-फर्रुखाबाद।**

**कार्यालय ग्रा0पं0 चांदपुर वि0ख0 नवाबगंज, फर्रु0**

पत्रांक:मीमो/राज्य वित्त/15वां वित्त योजना के अन्तर्गत वितीय वर्ष 2026-27 दिनांक 07/10/2026

**निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त/15वां वित्त योजना के अन्तर्गत वर्ष 2026-27 में ग्राम पंचायत चांदपुर विकास खण्ड नवाबगंज द्वारा निम्नलिखित कार्यों में सामग्री विवरण के अनुसार कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 08/10/2026 से दिनांक 14/10/2026 को अपरान्ह 03:00 बजे तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदा दिनांक 14/10/2026 को अपरान्ह 5 बजे गठित समिति एवं निविदादाताओं एवं उनके प्रतिनिधि के समक्ष ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा एवं अन्य प्रपत्र दिनांक 08/10/2026 से दिनांक 14/10/2026 तक सुबह 10 बजे से अपरान्ह 05 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में 500/- रुपये का भुगतान करके प्राप्त की जा सकती है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | ग्राम पंचायत चांदपुर में बहुउद्देशीय पंचायत घर निर्माण कार्य | 1808641 | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्ते-** निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

**प्रशासक/प्रधान (बबिता सिंह) ग्राम पंचायत चांदपुर, नवाबगंज सचिव (प्रवीन कुमार)**

# 60 लाख से जगमगाएगा रामपथ गमन व लखनऊ-बलिया हाईवे

- पालिकाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने पूजन-अर्चन कर कार्य का किया शुभारंभ

**समृद्धि न्यूज, सुलतानपुर।**

नगर को सुंदर और रोशन बनाने के लिए नगर पालिका परिषद ने रामपथ गमन व लखनऊ-बलिया हाईवे पर करीब 60.68 लाख रुपये की लागत से सजावटी एलईडी लाइटें लगाने का काम शुरू कराया है। पालिकाध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल ने मेडिकल कॉलेज/जिला अस्पताल तिराहे पर पूजन-अर्चन कर कार्य का शुभारंभ किया।उन्होंने बताया कि प्रथम चरण में आजाद पार्क से मालगोदाम चौराहे तथा दूसरे चरण में गभड़िया से अमहट तक डिवाइडर पर विद्युत पोल, डबल ब्रैकेट और दोनों ओर एलईडी लाइटें लगाई जाएंगी। आगामी नवरात्र, दशहरा और दुर्गापूजा मेले से पहले काम पूरा कराने का लक्ष्य है।पालिका की ओर से गोलाघाट से पयागीपुर तक पहले ही डिवाइडर पर तिरंगा स्ट्रिप लाइटें लगाई गई हैं। इसके साथ हाईमास्ट, खराब प्रकाश बिंदुओं और रिक्त खंभों पर भी मरम्मत व नई लाइटें लगाने का कार्य कराया जा रहा है। इस मौके पर सभासद दिनेश चौरसिया, रमेश सिंह टिन्नू और मार्ग प्रकाश प्रभारी अजय कुमार तिवारी मौजूद रहे।



शिलान्यास करते पालिकाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल

## दुर्गापूजा को लेकर शांति समिति की बैठक

- 97 प्रतिमाएं होंगी स्थापित, चार घाटों पर होगा विसर्जन

**समृद्धि न्यूज, कुड़वार सुल्तानपुर।**

दुर्गापूजा, दशहरा और रामलीला को लेकर बुधवार को स्थानीय थाने में प्रभारी निरीक्षक प्रवीण कुमार यादव की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। इसमें पंडाल अध्यक्षों, ग्राम प्रधानों और क्षेत्र के संभ्रांत लोगों के साथ पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने पर चर्चा हुई।

प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि क्षेत्र में 97 दुर्गा प्रतिमाएं स्थापित की जाएंगी। 11 अक्टूबर को कलश स्थापना और अष्टमी से पूजा व मेला शुरू होगा।

प्रतिमाओं का विसर्जन पूर्णिमा के दूसरे दिन कुड़वार, भंडरा, मिठनेपुर और कटावां घाट पर कराया जाएगा। प्रत्येक पंडाल से 10 स्वयंसेवकों की सूची थाने में उपलब्ध कराने और पंडालों में सीसीटीवी लगाने के निर्देश दिए गए।

कुड़वार कस्बे में रूट डायवर्जन और कुछ स्थानों पर ढीले बिजली तारों की समस्या भी उठी। प्रभारी निरीक्षक ने कार्रवाई का आश्वासन दिया। डीजे सीमित आवाज में बजाने, वाइब्रेशन न करने तथा पंडालों में बालू की बाल्टी व पानी रखने के निर्देश दिए। विसर्जन के दौरान नशे से दूर रहने की अपील की गई।



पीस कमेटी की बैठक करते थाना प्रभारी

## दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में बाइक सवार घायल

**समृद्धि न्यूज, चांदा, सुलतानपुर।** क्षेत्र के ईशीपुर गांव के पास अंडरपास के समीप बुधवार को दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में धौरहरा निवासी शेर बहादुर सिंह पुत्र तिलकधारी सिंह घायल हो गए। बताया जाता है कि वह बाइक से काम निपटाकर घर लौट रहे थे। ईशीपुर अंडरपास के पास सामने से आ रही बाइक से उनकी बाइक की टक्कर हो गई। टक्कर के बाद वह सड़क पर गिरकर घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। ग्रामीणों ने घायल को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर कमैचा पहुंचाया, जहां चिकित्सकों की देखरेख में उनका इलाज चल रहा है।

## प्रेम कुमार का कहानी संग्रह 'सबक' 'शब्द साधक सम्मान 2026' के लिए चयनित, प्रतापगढ़ में हर्ष

**समृद्धि न्यूज, प्रतापगढ़।**

साहित्यिक उर्वर भूमि प्रतापगढ़ के वरिष्ठ कहानीकार एवं साहित्यकार प्रेम कुमार त्रिपाठी 'प्रेम' के चर्चित कहानी संग्रह 'सबक' का चयन काव्य कला सेवा संस्थान, मोहरनिया, सीतापुर (उत्तर प्रदेश) द्वारा 'शब्द साधक सम्मान 2026' के लिए किया गया है।

संस्थान के अध्यक्ष अवनीश त्रिवेदी 'अभय' द्वारा जारी पत्र के अनुसार, यह चयन प्रविष्टियों के निष्पक्ष एवं सम्यक मूल्यांकन के पश्चात किया गया है।

यह सम्मान आगामी 29 नवंबर 2026 को आयोजित होने वाले संस्थान के वार्षिकोत्सव समारोह में प्रदान किया जाएगा।



वरिष्ठ कहानीकार प्रेम कुमार त्रिपाठी 'प्रेम' की साहित्यिक साधना अत्यंत व्यापक है।

अब तक उनके सात कहानी संग्रह और एक लघु कथा संग्रह प्रकाशित होकर सराहे जा चुके हैं, जबकि उनका नया दीर्घ कथा संग्रह 'काली स्याही' जल्द ही प्रकाशित होकर पाठकों के बीच होगा।

वर्तमान में वे 'प्रतापगढ़ में प्रेमचंद: एक अवलोकन' नामक महत्वपूर्ण शोध ग्रंथ पर कार्य कर रहे हैं।

अमर कथाकार मुंशी प्रेमचंद को अपना प्रेरणास्रोत मानने वाले प्रेम कुमार त्रिपाठी ने उनकी 90वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए गर्व से कहा कि बेल्हा का यह अंचल अत्यंत सौभाग्यशाली है, जहाँ महान कथाकार मुंशी प्रेमचंद ने अध्यापन कार्य किया था।

इतना ही नहीं, विश्व प्रसिद्ध उपन्यास 'गोदान' का ताना-बाना भी इसी धरती पर बुना गया था। प्रेम कुमार त्रिपाठी की इस राष्ट्रीय उपलब्धि से प्रतापगढ़ के साहित्यिक गलियारों में हर्ष का माहौल है और प्रबुद्धजनों ने उन्हें इस आगामी प्रतिष्ठित सम्मान के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं।

## निजी अस्पतालों व क्लीनिकों की होगी विशेष जांच

- डीएम के निर्देश पर अभियान
- तीन कार्य दिवस में मांगी कार्रवाई रिपोर्ट

**समृद्धि न्यूज, सुलतानपुर।**

जिले में निजी चिकित्सा प्रतिष्ठानों के संचालन को लेकर मिल रही शिकायतों और प्रसारित खबरों का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह ने विशेष जांच के निर्देश दिए हैं। उनके निर्देश पर सीएमओ की निगरानी में जिलेभर के नर्सिंग होम, निजी क्लीनिक, पॉलीक्लीनिक और डायग्नोस्टिक सेंटरों का निरीक्षण एवं सत्यापन कराया जाएगा।

अभियान में प्रतिष्ठानों के वैध पंजीकरण, अनुमोदित चिकित्सा सेवाओं, चिकित्सकों की शैक्षिक एवं वैधानिक योग्यता और संबंधित पंजीकरण की जांच होगी। उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं, उपकरणों और मौके पर संचालित सेवाओं का भी सत्यापन किया जाएगा। यह भी देखा जाएगा कि कोई प्रतिष्ठान पंजीकरण अथवा अनुमति के दायरे से बाहर चिकित्सा या शल्य चिकित्सा सेवाएं तो नहीं दे रहा है।

सीएचसी अधीक्षक/प्रभारी और नामित नोडल अधिकारियों को अपने क्षेत्र के सभी निजी चिकित्सा प्रतिष्ठानों की जांच की जिम्मेदारी दी गई है। जरूरत पड़ने पर एसडीएम, सीओ और थाना प्रभारी से समन्वय किया जाएगा। अपंजीकृत या अवैध चिकित्सा गतिविधि मिलने पर नियमानुसार विधिक कार्रवाई होगी।सीएमओ के निर्देश के अनुसार निरीक्षण की संक्षिप्त रिपोर्ट और की गई कार्रवाई की अनुपालन आख्या तीन कार्य दिवस में उपलब्ध करानी होगी। अभियान के बाद अवैध संचालन की शिकायत मिलने पर संबंधित क्षेत्र के अधिकारियों की जिम्मेदारी भी तय की जाएगी।

## रानीगंज जीजीआईसी में महिलाओं व छात्राओं को दी गई कानून व कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी

**समृद्धि न्यूज, रानीगंज-प्रतापगढ़।**

जीजीआईसी बरहदा में आयोजित विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव व सिविल जज सीनियर डिवीजन शाम्भवी द्वितीय ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया। प्रधानाचार्या कुसुम मौर्य द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि ने छात्राओं को पॉक्सो एक्ट 2012 तथा निःशुल्क कानूनी सहायता योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि आर्थिक रूप से असमर्थ लोग मुफ्त अधिवक्ता प्राप्त कर सकते हैं और वैवाहिक विवादों को प्री-लिटिगेशन स्तर पर ही सुलझा सकते हैं।



कार्यक्रम में आंवला उत्पाद में आत्मनिर्भरता के लिए स्वयं सहायता समूहों और उत्कृष्ट कार्य के लिए 5 छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान पुस्तकालय व कौशल विकास कक्ष का उद्घाटन और वृक्षारोपण भी संपन्न हुआ। शिविर में पुलिस और साइबर सेल टीम ने टोल-फ्री नंबर व साइबर सुरक्षा की जानकारी दी, जबकि सीएचसी की डॉ. सुषमा ने सर्वाइकल कैंसर रोकथाम और प्रोबेशन विभाग ने कन्या सुमंगला योजना के लाभ बताए। पीएलवी दिनेश मिश्र ने आपसी विवादों को गांव में चौपाल लगाकर या लीगल एड क्लिनिक के माध्यम से सुलझाने का सुझाव दिया। इस अवसर पर कई पराविधिक स्वयंसेवक मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय राजमार्ग पर खड़ा कंटेनर बना आग का गोला



**बछरावां-रायबरेली।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत लखनऊ प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर कुंदनगंज गांव के पास स्थित पेट्रोल पंप के निकट बुधवार की दोपहर 2 बजे के आसपास हाईवे किनारे खड़े ट्रक कंटेनर में संदिग्ध कारणों से आग लग गई।

आग लगने के बाद देखते ही देखते ट्रक कंटेनर आग के गोले में तब्दील हो गया और धू-धू कर जलने लगा। थोड़ी ही देर में उस ट्रक कंटेनर से धुएं का गुबार उठना शुरू हो गया और हाईवे से गुजर रहे वाहन चालकों में अफरा तफरी का माहौल कायम हो गया। वहीं आसपास मौजूद लोगों के द्वारा तत्काल घटना की सूचना फायर ब्रिगेड एवं भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों व कर्मचारियों को दी गई। परंतु फायर ब्रिगेड के देरी से पहुंचने के कारण ट्रक कंटेनर का लगभग आधा हिस्सा आग की चपेट में आकर राख में तब्दील हो गया। वही जानकारी यह भी प्राप्त हुई है कि उक्त घटना में किसी भी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई है और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के द्वारा मौके पर पहुंचकर हाईवे पर पुनः आवागमन शुरू कर दिया गया है।

## उप मुख्यमंत्री ने सीएमओ डॉ. भारत भूषण को किया सम्मानित

**एबीएचए सैचुरेशन में सुलतानपुर प्रदेश में प्रथम**

**समृद्धि न्यूज, सुलतानपुर।**

जनसंख्या के सापेक्ष ABHA सैचुरेशन में सुलतानपुर ने प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया है। बुधवार को लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित 'आयुष्मान संवाद' कार्यक्रम में इस उपलब्धि पर जिले को सम्मानित किया गया। उप मुख्यमंत्री एवं चिकित्सा स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्री ब्रजेश पाठक ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. भारत भूषण को सम्मान प्रदान किया।

कार्यक्रम का आयोजन आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के आठ वर्ष और आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के पांच वर्ष पूरे होने के अवसर पर किया गया था। इस दौरान प्रदेश के विभिन्न जिलों में डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं और ABHA आधारित पंजीकरण में उत्कृष्ट कार्य करने वाली स्वास्थ्य इकाइयों को सम्मानित किया गया।



सीएमओ डॉ. भारत भूषण ने उपलब्धि का श्रेय चिकित्सकों, स्वास्थ्यकर्मियों, आशा, एएनएम और स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम के सामूहिक प्रयासों को दिया। उन्होंने कहा कि डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं को और मजबूत करते हुए अधिक से अधिक नागरिकों को ABHA से जोड़ा जाएगा। ABHA के माध्यम से नागरिक अपने स्वास्थ्य संबंधी रिकॉर्ड डिजिटल रूप से सुरक्षित रख सकते हैं।

## दो पक्षों में हुई मारपीट तीन घायल

**समृद्धि न्यूज, बछरावां-रायबरेली।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत गुलाब खेड़ा मजरे मलपुर गांव में बीते मंगलवार की देर रात तकरीबन 11 बजे के आसपास मामूली बात को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। जिसमें एक पक्ष से सुनील कुमार पुत्र रामेश्वर उम्र 40 वर्ष निवासी गुलाब खेड़ा मजरे मलपुर थाना बछरावां, वहीं द्वितीय पक्ष से रामकुमार पुत्र चतुरी उम्र 45 वर्ष एवं उनकी पत्नी रामावती उम्र 40 वर्ष निवासी गुलाब खेड़ा मजरे मलपुर थाना बछरावां गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार विवाद के बाद हुई मारपीट के पश्चात रामकुमार के द्वारा घटना की सूचना डॉयल 112 पुलिस को दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची डॉयल 112 पुलिस के द्वारा उक्त मारपीट की घटना में घायल सुनील को एंबुलेंस के माध्यम से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावा पहुंचाया गया।

## कछरा पुल के पास शारदा सहायक नहर में महिला का क्षत-विक्षप्त शव मिला

**समृद्धि न्यूज, रानीगंज-प्रतापगढ़।**

**हत्या की आशंका**

रानीगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत कछरा पुल के समीप बुधवार को शारदा सहायक नहर में एक अज्ञात महिला का संदिग्ध परिस्थितियों में शव तैरता मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, महिला का शव काफी क्षत-विक्षत स्थिति में था। शव की हालत देखकर स्थानीय लोगों ने आशंका जताई है कि महिला की हत्या किसी अन्य स्थान पर कर साक्ष्य छिपाने के उद्देश्य से उसके शव को नहर में फेंका गया है। इस संवेदनशील घटना की सूचना के बाद भी काफी देर तक पुलिस के मौके पर न पहुँचने से स्थानीय ग्रामीणों में भारी असंतोष और आक्रोश छा गया। ग्रामीणों का आरोप है कि सूचना देने के बावजूद पुलिस का रवैया बेहद ढुलमुल रहा।

मामले की गंभीरता को देखते हुए जब रानीगंज थाना प्रभारी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि पुलिस टीम ने मौके पर पहुँचकर शव को कब्जे में ले लिया है और उसे पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस का कहना है कि मृतका की शिनाख्त के प्रयास जारी हैं और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा।

## जीआईसी मैदान में जिला स्तरीय तीन दिवसीय सरस मेला का हुआ शुभारंभ

**स्वयं सहायता समूहों ने निर्मित उत्पादों व विभिन्न विभागों के स्टॉलों का किया अवलोकन**

**समृद्धि न्यूज, रायबरेली।**

जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के तत्वावधान में जीआईसी मैदान में आयोजित जनपद स्तरीय तीन दिवसीय सरस मेला-2026 का उद्घाटन किया, इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अंजूलता, परियोजना निदेशक डीआरडीए उपायुक्त एनआरएलएम मुनेश चन्द्र, जिला विकास अधिकारी वर्षा सिंह उपस्थित रही। इसके पश्चात स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा स्वनिर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी एवं बिक्री के लिए लगाए गए स्टॉलों तथा विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए 28 स्टॉलों का अवलोकन किया गया और



महिलाओं द्वारा तैयार किए जा रहे उत्पादों एवं उनके व्यवसायिक प्रयासों की सराहना की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं अपने हुनर एवं मेहनत के बल पर विभिन्न प्रकार के उत्पाद तैयार कर रही हैं तथा उन्हें बाजार उपलब्ध होने से उनकी आय में वृद्धि हो रही है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की प्रतिभा को उचित मंच एवं बाजार उपलब्ध कराकर उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत बनाने की दिशा में सरस मेला महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। महिलाओं द्वारा तैयार किए जा रहे उत्पाद न केवल उनके परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत कर रहे हैं, बल्कि जनपद, प्रदेश एवं देश का नाम भी रोशन कर रहे हैं। सरस मेले में स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा तैयार किए गए विभिन्न प्रकार के हस्तशिल्प, खाद्य पदार्थ, घरेलू उपयोग की सामग्री, परंपरागत एवं स्थानीय उत्पादों सहित अन्य उत्पादों की प्रदर्शनी एवं बिक्री की जा रही है। इस अवसर उपायुक्त उद्योग परमहंस मौर्य, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी महिमा, जिला समाज कल्याण अधिकारी आर.वी. सिंह, एलडीएम सुबोध मिश्रा, जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी संतोष कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं, लाभार्थी एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

## तालाबों का संरक्षण आने वाली पीढ़ियों के लिए जल सुरक्षा की गारंटी : राजेंद्र मौर्य

**समृद्धि न्यूज, कटरा मेदनीगंज-प्रतापगढ़।**

'सेवा मेरा योगदान' अभियान के तहत सदर विधानसभा क्षेत्र के भुआलपुर किला गांव में 'मेरा तालाब, मेरी जिम्मेदारी' जल संरक्षण एवं स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद सदर विधायक राजेंद्र कुमार मौर्य ने ग्रामीणों के साथ मिलकर जल संरक्षण का संदेश दिया।

सदर विधायक ने कहा कि तालाब ग्रामीण जीवन और जल व्यवस्था की अनमोल धरोहर हैं। इनका संरक्षण केवल सरकार की ही नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति की सामूहिक जिम्मेदारी है। जलस्रोतों को स्वच्छ रखकर हम न केवल भूजल स्तर में सुधार कर सकते हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए जल सुरक्षा भी सुनिश्चित कर सकते हैं। उन्होंने प्लास्टिक कचरे को जलस्रोतों के लिए सबसे बड़ा खतरा बताते हुए इससे दूर रहने की अपील की।



कार्यक्रम का सफल नेतृत्व एंटी प्लास्टिक गैंग एवं पर्यावरण सेना प्रमुख 'ग्रीनमैन' अजय क्रांतिकारी ने किया। उनके मार्गदर्शन में पर्यावरण सेना के कार्यकर्ताओं और स्थानीय ग्रामीणों ने श्रमदान कर तालाब से प्लास्टिक व जमा कचरे को पूरी तरह साफ किया।

## फांसी के फंदे से लटकता मिला महिला का शव

**समृद्धि न्यूज, शिवगढ़ रायबरेली।** एक महिला ने अपने साड़ी से फन्दा लगाकर आत्महत्या कर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। थाना क्षेत्र के नगरपंचायत स्थित अंबेडकर नगर वार्ड 9 के अगरखेड़ा में विवाहिता सुनीता मौर्या पत्नी विनोद कुमार मौर्य उम्र 35 वर्ष ने अपने घर के अंदर धन्नी के सहारे साड़ी का फंदा बनाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। बीती रात पर परिजनों ने इसकी सूचना पीआरवी को दी। मौके पर पहुंची पीआरवी के कर्मचारियो द्वारा शव को अपने कब्जे में लेकर स्थानीय थाने में सूचना दी। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने मृतका सुनीता मौर्य के शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## मेरे ऊपर लगे अरोप बेबुनियाद व निराधारः रावत

**समृद्धि न्यूज, महराजगंज रायबरेली।** बीते कई दिनों से सोशल मीडिया सहित मीडिया में एक जनप्रतिनिधि पर गंभीर आरोप लगाये जा रहे है। मामले में विधानसभा बछरावां से रनर अप प्रत्याशी लक्ष्मी कांत रावत ने सारे आरोपों को सिरे खारिज करते हुए मामले को राजनीतिक बताया है। गढ़ी खास के मौजूदा ग्राम प्रधान एवं बछरावां विधान सभा से रनर अप प्रत्याशी रहे लक्ष्मी कांत रावत ने महराजगंज में मंगलवार को पत्रकार वार्ता कर पूरे घटना क्रम की जानकारी देते हुए बताया कि 2 अक्टूबर को सुबह सोकर उठने के बाद गांव के ग्रामीणों से जब उन्हें मालूम हुआ कि गांव की एक नाबालिग बेटी को शीतला प्रसाद पासी का लड़का लेकर भाग गया है, तो एक जनप्रतिनिधि होने के नाते उन्होंने खोजबीन शुरू की और दोनों को लखनऊ से बरामद कर पुलिस थाने में पुलिस की सुपुर्दगी में दे दिया। वही लड़की की माँ ने कई बार फोन करके कहां की थाने मत जाना दोनों को घर लाओ यही मामला समझ लिया जाएगा। फिर भी उन्होंने जिम्मेदार नागरिक होने के नाते दोनों को पुलिस की सुपुर्दगी में दिया। इसी घटना के बाद हम पर तरह तरह के झूठे आरोप लगाए जा रहे है जो कि सरासर गलत है यदि हमे मामले को दबाना होता या किसी एक पक्ष का साथ देना होता तो लड़का लड़की को थाने नहीं ले जाता।



## मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ सपा का जोरदार प्रदर्शन

**समृद्धि न्यूज, प्रतापगढ़।**

अंबेडकर चौराहे पर बुधवार को उस समय भारी हंगामा मच गया, जब मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच तीखी झड़प हो गई। प्रदर्शन के दौरान सपा कार्यकर्ताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त का पुतला फूंकने का प्रयास किया, जिसे मौके पर तैनात पुलिस बल ने रोकने की कोशिश की। इस दौरान पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच काफी देर तक तीखी नोकझोंक और धक्का-मुक्की होती रही।

इस विरोध प्रदर्शन में रानीगंज विधायक डॉ. आरके वर्मा, पट्टी विधायक राम सिंह पटेल, पूर्व विधायक राजकुमार पाल, शांति सिंह, शांतनु सिंह, वकार अहमद और मनीष पाल समेत बड़ी संख्या में सपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।



पुतला दहन को लेकर बढ़े विवाद के बाद पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए कड़ा रुख अपनाया। पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच काफी समय तक तनातनी बनी रही, जिसके बाद पुलिस ने कई सपा नेताओं और कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेकर कोतवाली नगर भेज दिया। सपा नेताओं को पुलिस हिरासत में लिए जाने की खबर मिलते ही पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं में भारी रोष फैल गया। विधायक और अन्य वरिष्ठ नेताओं ने हिरासत में लिए गए कार्यकर्ताओं की तत्काल रिहाई की मांग करते हुए अंबेडकर चौराहे पर ही धरना शुरू कर दिया।

## कहासुनी के बाद पति ने पत्नी की लाठी से पीटकर की हत्या

**समृद्धि न्यूज, बछरावां-रायबरेली।** कई दिनों से पति-पत्नी के बीच चल रहा विवाद मौत का कारण बन गया। शौच से लौट रही महिला को रास्ते में रोककर, कहासुनी के बाद लाठी से हमला कर पति ने पत्नी को मौत के घाट उतार दिया। विदित हो कि बुधवार सुबह 7 बजे बछरावां थाना क्षेत्र के हसनपुर गांव में एक पति और पत्नी के बीच विवाद में पत्नी की लाठी से मारकर पति ने हत्या कर दी। बछरावां थाना क्षेत्र में 12 घंटे के अंदर लगातार दूसरी हत्या के बाद पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल व्याप्त हो गया। सुबह-सुबह हत्या की घटना की जानकारी होते ही क्षेत्र में हड़कंप पहुंच गया।हसनपुर गांव में बुधवार तड़के करीब पांच वर्ष से अलग रह रहे पति ने पत्नी की लाठी से पीटकर हत्या कर दी।

## डीएम ने मतदान स्थल व स्ट्रॉग रूम का किया निरीक्षण



**समृद्धि न्यूज, सलोन-रायबरेली।**

नगर पंचायत अध्यक्ष पद के उप चुनाव को लेकर बुधवार को जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका और अपर जिलाधिकारी प्रशासन सिद्धार्थ कुमार ने सर्वोदय विद्यापीठ इंटर कॉलेज में बनाए जा रहे मतदान केंद्र, स्ट्रांग रूम और मतगणना स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया। अधिकारियों ने व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव संपन्न कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मतदान बूथों के साथ शौचालय, हैंडपंप, रैंप, दरवाजे और खिड़कियों की स्थिति देखी। उन्होंने विद्यालय परिसर में साफ-सफाई, पेयजल और विद्युत व्यवस्था का भी जायजा लिया।

# जेपी एजुकेशन एकेडमी की एनसीसी प्रभारी बनीं लेफ्टिनेंट

समृद्धि न्यूज, गुरसहायगंज, कन्नौज।

जेपी एजुकेशन एकेडमी की एनसीसी प्रभारी ममता शर्मा को लेफ्टिनेंट की उपाधि प्रदान की गई। कमान अधिकारी कर्नल विजेंद्र शारदा ने समारोह के दौरान उनके कंधे पर सितारा लगाकर उन्हें लेफ्टिनेंट का दायित्व सौंपा। इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है। शिक्षकों और एनसीसी कैडेट्स ने ममता शर्मा को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की। कमान अधिकारी कर्नल विजेंद्र शारदा ने कहा कि एनसीसी विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और राष्ट्र सेवा की भावना विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने ममता शर्मा को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में एनसीसी कैडेट्स को बेहतर प्रशिक्षण और मार्गदर्शन मिलेगा। विद्यालय प्रबंधक इंद्र कुमार गुप्ता ने कहा कि ममता शर्मा का लेफ्टिनेंट बनना जेपी एजुकेशन एकेडमी के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि विद्यालय में शिक्षा के साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है। एनसीसी के माध्यम से छात्र-छात्राओं में अनुशासन, नेतृत्व और देशभक्ति की भावना को मजबूत किया जा रहा है। ममता शर्मा की नई जिम्मेदारी से एनसीसी गतिविधियों को और गति मिलेगी। प्रधानाचार्य अमरेंद्र सिंह ने कहा कि ममता शर्मा ने एनसीसी प्रभारी के रूप में पूरी लगन और जिम्मेदारी के साथ कार्य किया है। लेफ्टिनेंट की नई जिम्मेदारी उनके समर्पण और कार्यक्षमता का सम्मान है। उन्होंने विश्वास जताया कि उनके मार्गदर्शन में विद्यालय के एनसीसी कैडेट्स अनुशासन और राष्ट्रसेवा के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करेंगे।



कंधे पर सितारा लगाते कमान अधिकारी।

लेफ्टिनेंट ममता शर्मा ने कहा कि वह पूरी निष्ठा के साथ अपने दायित्व का निर्वहन करेंगी। उनका प्रयास रहेगा कि कैडेट्स को अनुशासन के साथ नेतृत्व क्षमता और राष्ट्र सेवा के लिए तैयार किया जाए। इस अवसर पर सिद्धार्थ गुप्ता, विनोद सेंगर, विजय मिश्र, कुलदीप तिवारी सहित पूरे विद्यालय स्टाफ ने ममता शर्मा को बधाई दी। एनसीसी कैडेट्स ने भी अपनी प्रभारी को लेफ्टिनेंट बनने पर शुभकामनाएं दीं।

# सपा की मासिक बैठक में सरकार बनाने का संकल्प



समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ।

पूर्व सपा विधायक अरविंद सिंह यादव के कैंप कार्यालय में हुई मासिक बैठक में 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव में समाजवादी सरकार बनाने का संकल्प लिया गया पूर्व विधायक ने कार्यकर्ताओं से स्नातक एवं शिक्षक प्रत्याशियों को विजयी बनाने के लिए मजबूती से जुटने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सपा सरकार के कार्यकाल में छिबरामऊ विधानसभा क्षेत्र के गांव-गांव को सड़कों से जोड़ा गया तथा बिजली व्यवस्था पहुंचाने का काम किया गया। भाजपा सरकार ने किसान खाद के लिए परेशान हैं और खेती प्रभावित हो रही है। आरोप लगाया कि खाद की आपूर्ति में किसानों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बैठक के दौरान सीतापुर से सौरव यादव के नेतृत्व में पहुंची साइकिल यात्रा को पूर्व विधायक ने झंडी दिखाकर सैफई के लिए रवाना किया। आदिल परवेज के संचालन में हुई बैठक में स्नातक चुनाव प्रभारी दिनेश गुप्ता, विधानसभा अध्यक्ष उमेश पाल, प्रधान कमलेश, बजरंग चौहान, स्वदेश पाल, समोद सिंह फौजी, अमित सिंह, टिल्लू यादव, अमन खान, नगर अध्यक्ष मुकीम खान, डॉ. मतीन, धीरज कटेरिया और अंकुर सिंह यादव मौजूद रहे।

## तर्पण

### माता-पिता ने सिखाया सच्चाई की राह पर चलना : प्रवीन दुबे



स्वर्गीय राम बेटी





स्वर्गीय माया देवी

स्वर्गीय चंद्रशेखर दुबे



छिबरामऊ, कन्नौज। मेरे पिता स्वर्गीय चंद्रशेखर दुबे एवं माता स्वर्गीय माया देवी दुबे ने हमेशा सच्चाई के मार्ग पर चलना सिखाया। उन्होंने हमेशा जरूरतमंदों की मदद करने की प्रेरणा दी और धन को कभी प्राथमिकता नहीं दी। वह रिश्तों को सहेजने में विश्वास रखते थे। मेरे पिताजी ने नगर में पश्चिमी बाईपास पर साझेदारी में इंडियन ऑयल का पेट्रोल पंप खोलकर व्यवसाय की शुरुआत की थी। उनके मार्गदर्शन में ही मैंने 19 जनवरी 2000 को टीवीएस बाइक व स्कूटी की एजेंसी का शोरूम खोला। इसका शुभारंभ तत्कालीन सहकारिता मंत्री चाचा रामप्रकाश त्रिपाठी ने किया था। वह मेरे पिताजी के अभिन्न सहयोगी थे। मेरे पिताजी 17 नवंबर 2004 को और माताजी 15 मई 2023 को हमें रोता बिलखता छोड़ गए लेकिन उनके ब्रह्मलीन होने के बाद भी ऐसा लगता है जैसे वह हमारे आस-पास ही हैं। उनकी दी हुई शिक्षा व सीख आज हमारे काम आ रही है। संत तुल्य पिता व माता जी के बताए रास्ते पर चलने से मेरा व्यापार दिन दूना रात चौगुना बढ़ रहा है और मेरी सामाजिक प्रतिष्ठा भी बढ़ती जा रही है। आप जहां कहीं भी हों, अपना आशीर्वाद हमेशा बनाए रखना। आपके बताए मार्ग पर हम सदैव चलते रहेंगे। पितृपक्ष व श्रद्धा के महापर्व पर आपको शत-शत नमन। प्रवीन दुबे,नगर उपाध्यक्ष अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल सूरज टीवीएस, पश्चिमी बाईपास, छिबरामऊ।

# राम के अयोध्या लौटते ही हुआ राम राज्याभिषेक



समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ।

ऐतिहासिक श्री गंगेश्वरनाथ मंदिर परिसर में श्रीगोविंद सत साहित्य प्रचार समिति एवं प्रभात फेरी मंडल की ओर से चल रहे नवदिवसीय श्रीराम कथा एवं दुर्लभ सत्संग का समापन हो गया। अंतिम दिवस ऋषिकेश से पधारे ब्रह्मचारी संत श्रीकिशन दास जी महाराज ने भगवान राम के वनवास पूर्ण कर अयोध्या लौटने और श्रीराम राज्याभिषेक की कथा का बेहद भावपूर्ण वर्णन किया। कथा के प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठेब्रह्मचारी संत श्रीकिशन दास जी महाराज ने कहा कि भगवान श्रीराम का अयोध्या लौटना केवल एक राजा के वापस आने की घटना नहीं, बल्कि सत्य, धर्म और मर्यादा की विजय का प्रतीक है। उन्होंने कथा से जुड़े विभिन्न प्रसंगों को सुंदर ढंग से प्रस्तुत करते हुए कहा कि श्रीराम ने अपने आचरण से समाज को त्याग, प्रेम, सेवा और कर्तव्य का संदेश दिया। उनके आदर्शों पर चलकर ही समाज में सुख, शांति और सद्भाव स्थापित किया जा सकता है।

वहीं दुर्लभ सत्संग की बेला में ऋषिकेश से पधारे ब्रह्मचारी संत स्वरूप दास जी महाराज ने श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक जीवन के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि सत्संग मनुष्य के जीवन को सही दिशा देता है और भगवान के प्रति आस्था को मजबूत करता है। कथा के मुख्य यजमान नगर पालिका अध्यक्ष मनोज दुबे व उनकी शिक्षिका पत्नी नीरू दुबे ने भगवान श्रीराम की आरती उतारी। इसके बाद श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया। कथा के अंत में कमेटी के अध्यक्ष सुशील पांडेय एडवोकेट ने सभी संत जनों अतिथियों और श्रद्धालु भक्तों का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि नगर व क्षेत्र वासियों के सहयोग से ही यह 16वीं कथा सफलतापूर्वक संपन्न हुई है।

## सीतापुर से सैफई जा रही साइकिल यात्रा का स्वागत



छिबरामऊ, कन्नौज। समाजवादी पार्टी के संस्थापक एवं पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि के अवसर पर सीतापुर से सैफई के लिए निकली साइकिल यात्रा का नगर में संत रेस्ट हाउस पर समाजवादी कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने साइकिल यात्रियों का फूल-मालाओं से अभिनंदन किया और समाजवादी विचारधारा को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। नगर अध्यक्ष रवि गुप्ता, रंजू पाल, सुरेश सिंह यादव और सपा नेता गोविंद यादव ने साइकिल यात्रा को पार्टी का झंडा दिखाकर सैफई के लिए रवाना किया। वरिष्ठ सपा नेता शैलेंद्र 'बबल प्रधान' ने कहा कि नेताजी ने जीवनभर किसानों, मजदूरों, पिछड़ों और वंचितों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया। उनके विचार और समाजवादी मूल्य आज भी कार्यकर्ताओं को प्रेरणा देते हैं। यात्रा के माध्यम से नेताजी के विचारों और संघर्ष को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश दिया जाएगा। इस दौरान गौरव यादव सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ सपा का पैदल मार्च आज

कन्नौज। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ समाजवादी पार्टी बुधवार को विरोध प्रदर्शन करेगी। सपा कार्यकर्ता नसरापुर स्थित पार्टी कार्यालय से कलेक्ट्रेट तक पैदल मार्च निकालेंगे। पार्टी पदाधिकारियों के नेतृत्व में प्रस्तावित जुलूस के दौरान चुनाव प्रक्रिया और मतदाता सूची पुनरीक्षण से जुड़े मुद्दों को लेकर विरोध जताया जाएगा। सपा नेताओं का कहना है कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर कार्यकर्ताओं और मतदाताओं के बीच कई तरह की चिंताएं हैं। इन्हीं मुद्दों को लेकर पार्टी कार्यकर्ता मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचेंगे और प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन सौंप सकते हैं। प्रदर्शन को लेकर पार्टी कार्यालय पर कार्यकर्ताओं के जुटने की तैयारी की गई है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस भी सतर्क रहेगी।

## भगवान शिव के दिव्य प्रसंग सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु

छिबरामऊ, कन्नौज। ग्राम अतिराजपुर के गमा देवी मंदिर प्रांगण में आयोजित भव्य संगीतमय श्री शिवमहापुराण कथा सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो गए। कथा व्यास आचार्य पं अभय बीरचंद्र त्रिपाठी के मुखारविंद से प्रवाहित शिव महिमा की अमृत वर्षा को सुनकर पंडाल में मौजूद सैकड़ों भक्त भावविभोर हो उठे। पूरा परिसर हर-हर महादेव और नमः शिवाय के जयकारों से गुंजायमान हो गया। चतुर्थ दिवस की कथा का शुभारंभ मुख्य यजमान लला दीक्षित परिवार द्वारा पोथी पूजन और आरती के साथ हुआ। इसके बाद कथाव्यास ने शिव महापुराण के अत्यंत दिव्य प्रसंगों का वर्णन किया। कथा में भगवान शिव और माता पार्वती के अलौकिक विवाह उत्सव का अद्भुत प्रसंग सुनाया गया। कथावाचक अभय त्रिपाठी ने बताया कि शिव और शक्ति का मिलन केवल एक विवाह नहीं, बल्कि संसार में लोक-कल्याण और धर्म की स्थापना का प्रतीक है। महाराज जी ने भक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि मानव जीवन की सार्थकता भगवान शिव की भक्ति और सत्संग में ही है। कलयुग में शिव नाम का जाप ही मात्र मनुष्य को सभी कष्टों से मुक्ति दिला सकता है। कथा के दौरान जैसे ही भगवान शिव की बारात और विवाह का प्रसंग आया, पंडाल में शिव-पार्वती विवाह की सजीव भव्य झांकी प्रस्तुत की गई। इसे देखकर श्रद्धालु झूम उठे और भजनों पर जमकर नृत्य किया।

## खबरें एक नजर में

### ट्रैक्टर की टक्कर से अधेड़ की मौत, मची चीख पुकार



जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़। दुकान बंद कर घर जा रहे अधेड़ को बीते मंगलवार देर शाम अज्ञात ट्रैक्टर के चालक ने टक्कर मार दी। इससे उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। जबकि हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर समेत मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। फतेहपुर जसोदा निवासी मनोज सक्सेना पुत्र नंदलाल सक्सेना बीते मंगलवार की देर शाम लगभग 08.30 बजे अपनी दुकान बंद कर के जीटी रोड से पैदल घर जा रहा था। तभी पीछे से आ रहे अज्ञात ट्रैक्टर के चालक ने उनको टक्कर मार दी। इससे मनोज घायल हो गए। सूचना मिलते ही पहुंची108 एंबुलेंस की मदद से घायल को जिला अस्पताल भेजा। वहां उपचार के दौरान चिकित्सक ने मनोज को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम करा कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### 3 सांसद नहीं जिता पाए तो 403 सीटों का क्या करेंगे: असीम



कन्नौज। सेवा संकल्प अभियान के तहत बुधवार को पीएसएम डिग्री कॉलेज मैदान में कार्यक्रम हुआ। राज्य मंत्री असीम अरुण, ऊर्जा राज्य मंत्री कैलाश राजपूत, विधायक अर्चना पांडेय और पूर्व सांसद सुब्रत पाठक मौजूद रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन सुनने के बाद सेवा कलश यात्रा निकाली गई। पत्रकारों से बातचीत में असीम अरुण ने कहा कि भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है और 2047 से पहले विकसित राष्ट्र बनने का लक्ष्य हासिल करेगा। एसआईआर को लेकर विपक्ष के हंगामे पर उन्होंने कहा कि प्रक्रिया फर्जी मतदाताओं को हटाने के लिए थी। अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए बोले कि जो अपने राज्यसभा सांसद पूरे तीन नहीं कर पाए, वे 403 सीटों का क्या करेंगे?

### पिता की तलाश में एसपी दरबार पहुंचे मासूम



कन्नौज। पिता के लापता होने से परेशान मासूम बच्चे मंगलवार को एसपी कार्यालय पहुंचे। भावुक बच्चों ने पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार से गुहार लगाई—पापा को ढूंढ दीजिए। मामला गुरसहायगंज थाना क्षेत्र के बिर्रा गांव का है। अमर सिंह ने प्रार्थनापत्र देकर बेबी और आकाश पर राजेश को नौकरी लगवाने के बहाने ले जाकर गायब करने का आरोप लगाया है। आरोप है कि सात अक्टूबर को दोनों घर पहुंचे और बच्चों व उनके बाबा को धमकाकर कमरे में बंद कर दिया। इसके बाद करीब पांच लाख रुपये के जेवर-नकदी और पल्सर बाइक ले जाने की बात कही गई है। परिजनों का आरोप है कि शिकायत के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई। बच्चों के बाबा अमर सिंह आंखों से दृष्टिहीन हैं और चलने-फिरने में भी काफी परेशानी होती है। एसपी ने जांच कर कार्रवाई का भरोसा दिया।

### प्री-कैंप में योजनाओं की जानकारी, पात्र लाभार्थी किए चिह्नित

कन्नौज। एक नवंबर को प्रस्तावित मेगा वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर से पहले तहसील सदर सभागार व परिसर में प्री-कैंप आयोजित किया गया। जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नरेंद्र कुमार झा के निर्देशन में लगे शिविर में विभिन्न विभागों ने स्टाल लगाकर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पीमेला ने स्टालों का निरीक्षण कर योजनाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि प्री-कैंप का उद्देश्य कमजोर वर्ग, महिलाओं और बच्चों समेत पात्र लोगों को योजनाओं से जोड़ना है। विभागों को अधिक से अधिक पात्र लाभार्थी चिह्नित कर मेगा कैंप में लाभान्वित कराने के निर्देश दिए गए। पराविधिक स्वयंसेवक ग्रामीण-शहरी क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चला रहे हैं।

# मिर्गी से पीड़ित युवक की तालाब में डूबने से मौत

समृद्धि न्यूज,जलालाबाद।

कोतवाली गुरसहायगंज क्षेत्र के मैकूपुरवा गांव में बुधवार सुबह तालाब में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। युवक मिर्गी की बीमारी से पीड़ित और मानसिक रूप से भी अस्वस्थ बताया जा है। ग्राम पंचायत फतेहपुर जसोदा के मजरा मैकूपुरवा निवासी मोहित यादव (25) पुत्र स्वर्गीय विजय बहादुर बुधवार सुबह करीब 5.45 बजे ग्राम भुरजानी स्थित तालाब में डूब गया। घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। सूचना पर पहुंचे कोतवाल ध्यानेन्द्र प्रताप सिंह व चौकी प्रभारी धर्मेन्द्र सिंह ने मौके पर पहुंच कर शव को तालाब से बाहर निकलवाया। इसके बाद शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के बड़े भाई सर्वेश कुमार व पिता विजय बहादुर की पहले ही मौत हो चुकी है। मृतक परिवार में अकेला पुरुष था और अविवाहित था। इसकी चार बहनों की पहले ही शादी हो चुकी है। मां शकुंतला देवी का रो- रोकर बुरा हाल है। तहसीलदार व लेखपाल ने घटना की जानकारी देकर आर्थिक मदद दिलाने का भरोसा दिलाया है। मृतक के चाचा शिशुपाल ने पुलिस को तहरीर देकर घटना की जानकारी दी और कार्रवाई की मांग की है।



# खाड़ेदेवर में पेयजल संकट पर ग्रामीणों का धरना खत्म

समृद्धि न्यूज, गुरसहायगंज, कन्नौज।

तहसील छिबरामऊ के ग्राम खाड़ेदेवर में कई दिनों से पेयजल आपूर्ति ठप होने से नाराज ग्रामीणों ने बुधवार सुबह से धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया था। गांव में लगी सोलर पेयजल टंकी से सप्लाई बंद होने के कारण पूरे गांव में पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ था। महिलाओं को दूर-दराज से पानी लाना पड़ रहा था। धरने की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों में आक्रोश को देखते हुए छिबरामऊ विधायक अर्चना पांडे खुद मौके पर पहुंच गईं। विधायक ने धरना स्थल पर पहुंचकर ग्रामवासियों से सीधे संवाद किया और उनकी समस्या को गंभीरता से सुना। ग्रामीणों ने बताया कि सोलर पैनल और मोटर में खराबी के कारण पिछले कई दिनों से नलों में पानी नहीं आ रहा है, शिकायत के बाद भी सुनवाई नहीं हो रही है। ग्रामीणों की बात सुनने के बाद विधायक अर्चना पांडे ने तत्काल मौके से ही जल निगम के अधिशासी अभियंता से फोन पर बात की। उन्होंने अधिकारियों को कड़ी क्लास लगाते हुए अगले दो घंटे के अंदर गांव की पेयजल व्यवस्था को हर हाल में सुचारू करने के निर्देश दिए। विधायक ने कहा कि पेयजल जैसी मूलभूत सुविधा में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और खराब मोटर व सोलर सिस्टम को तत्काल ठीक कराया जाए। विधायक के इस त्वरित आश्वासन और अधिकारियों को दिए गए निर्देश के बाद ग्रामीणों ने अपना धरना प्रदर्शन समाप्त कर दिया। ग्रामीणों ने विधायक का आभार जताते हुए कहा कि विधायक के आने से उन्हें उम्मीद है कि अब जल्द ही पानी की समस्या खत्म हो जाएगी। इस दौरान मौके पर कई ग्रामवासी, महिलाएं और भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## सेवा संकल्प अभियान कार्यक्रम में खाली पंडाल चर्चा में



कन्नौज। सदर क्षेत्र के पीएसएम डिग्री कॉलेज मैदान में आयोजित सेवा संकल्प अभियान कार्यक्रम के दौरान पंडाल में अपेक्षाकृत कम भीड़ नजर आने की चर्चा रही। कार्यक्रम में भाजपा की ओर से बड़ी संख्या में लोगों के जुटने की तैयारी की गई थी। मौके से सामने आए दृश्यों में पंडाल के कई हिस्सों में कुर्सियां खाली दिखाई दीं। हालांकि, पंडाल की कुल क्षमता और वास्तविक उपस्थिति के आधिकारिक आंकड़े सामने नहीं आए हैं, इसलिए खाली पंडाल के प्रतिशत को लेकर किए जा रहे दावों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है। प्रधानमंत्री के संबोधन के दौरान भी कुछ लोग पंडाल से बाहर जाते दिखाई दिए। कार्यक्रम में जिले के राज्य मंत्री असीम अरुण और कैलाश राजपूत के अलावा पूर्व मंत्री अर्चना पांडेय भी मौजूद रहीं। जनप्रतिनिधियों और पार्टी पदाधिकारियों की मौजूदगी के बावजूद कार्यक्रम स्थल पर अपेक्षित भीड़ नहीं दिखने की चर्चा स्थानीय स्तर पर रही। हालांकि, भीड़ कम रहने के कारणों को लेकर आयोजकों या भाजपा की ओर से कोई स्पष्ट आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। पूर्व सांसद सुब्रत पाठक के कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने के बाद कुछ हिस्सों में भीड़ बढ़ी और कई सीटें भरती नजर आईं। पंडाल की क्षमता करीब तीन हजार लोगों की बताई गई, हालांकि वास्तविक उपस्थिति का कोई आधिकारिक आंकड़ा सामने नहीं आया। ऐसे में पंडाल के कितने हिस्से में भीड़ रही या कितना खाली था, इसकी स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी।

कार्यक्रम में जुटी भीड़ के बीच निकलते दिखे कई लोग

# सामूहिक प्रयासों से पूरा होगा 'विकसित भारत' का लक्ष्य : असीम



समृद्धि न्यूज,कन्नौज।

पीएसएम कॉलेज बुधवार को सेवा ज्योति के रंग में नजर आया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम के सजीव प्रसारण में तिर्वा, छिबरामऊ और कन्नौज विधानसभा क्षेत्रों से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता जुटे। सेवा कलश में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत हुई। पीएम का संबोधन सुन कार्यकर्ताओं ने विकसित भारत के निर्माण का संकल्प लिया। राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार एवं सदर विधायक असीम अरुण ने कहा कि प्रधानमंत्री के 'विकसित भारत' के लक्ष्य को सामूहिक प्रयासों से पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 2047 से पहले भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में तेजी से कदम बढ़ रहे हैं। साथ ही नशे के खिलाफ सख्त अभियान चलाने की बात कही। शराब, गांजा और अन्य मादक पदार्थों के अवैध कारोबार पर प्रभावी कार्रवाई का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम स्थल पर सूचना विभाग की जनकल्याणकारी योजनाओं की चित्र प्रदर्शनी, रंगोली और विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए। इसके बाद सेवा ज्योति यात्रा निकाली गई। पीएसएम कॉलेज से शुरू हुई यात्रा प्रमुख मार्गों से होते हुए रेलवे क्रॉसिंग स्थित हनुमान मंदिर के पास पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा में कार्यकर्ताओं ने सेवा, समर्पण और राष्ट्र निर्माण का संदेश दिया।

सेवा ज्योति यात्रा में दिखा कार्यकर्ताओं का जोश

# नवोदय विद्यालय में छात्र से मारपीट का आरोप

कन्नौज। जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा सात के छात्र शौर्य प्रताप के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। छात्र के पिता संजीव कुमार ने विद्यालय के ही छात्रों पर बेटे को आवासीय परिसर में बंधक बनाकर पीटने का आरोप लगाया है। पिता के मुताबिक, घटना की शिकायत विद्यालय के प्रधानाचार्य से की गई, लेकिन अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद गुरसहायगंज कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई। आरोप है कि पुलिस ने भी मामले में उचित कार्रवाई नहीं की। कार्रवाई न होने से परेशान पिता ने अब पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर मामले की जांच और आरोपित छात्रों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने बेटे को न्याय दिलाने की गुहार लगाई है। मामले को लेकर विद्यालय प्रबंधन और पुलिस की कार्यवाई पर सवाल उठ रहे हैं।



- आवासीय परिसर में बंधक बनाकर पीटने का आरोप
- पिता ने एसपी से लगाई कार्रवाई की गुहार

# एथलेटिक्स में एमएमएम इंटर कॉलेज का जलवा, जीते 8 मेडल

समृद्धि न्यूज, गुरसहायगंज, कन्नौज।

छिबरामऊ तहसील स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में मदन मोहन मालवीय इंटर कॉलेज गुरसहायगंज के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 8 मेडल जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया। अंडर-17 बालक वर्ग में कक्षा 9 के सचिन ने ट्रिपल जंप में स्वर्ण पदक और 100 मीटर दौड़ में रजत पदक जीता। कक्षा 12 अ के शैलेश यादव ने 1500 मीटर दौड़ में कांस्य पदक, कक्षा 10 के गोपाल ने गोला फेंक में कांस्य और तार गोला फेंक में कांस्य पदक प्राप्त किया। वहीं अंडर-19 बालक वर्ग में कक्षा 12 अ के रविकांत ने 400 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक, ट्रिपल जंप में कांस्य और लंबी कूद में कांस्य पदक हासिल किया। प्रतियोगिता में आलोक, सूर्यांश और अभिषेक को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। विद्यालय में आयोजित समारोह में प्रधानाचार्य शैलेश गुप्ता एवं शारीरिक शिक्षक अभिषेक कुमार वर्मा ने पदक विजेता छात्रों को प्रमाण पत्र और ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया और 8 व 9 अक्टूबर को होने वाली जनपदीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए अग्रिम शुभकामनाएं दीं।



शारीरिक शिक्षक अभिषेक कुमार वर्मा ने कहा बच्चों की कड़ी मेहनत और अनुशासन का ही परिणाम है कि आज इतने मेडल आए हैं। हमारा लक्ष्य जनपदीय प्रतियोगिता में भी स्वर्ण पदक जीतना है, जिसके लिए विशेष तैयारी कराई जा रही है। प्रबंधक विजय सिंह कनौजिया ने कहा यह हमारे विद्यालय के लिए गर्व का क्षण है। ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों में प्रतिभा की कमी नहीं है, बस उन्हें सही मार्गदर्शन और सुविधाएं चाहिए। प्रबंधन हमेशा खिलाड़ियों के साथ खड़ा है।

इस अवसर पर बृजेश कुमार गंगवार, रिचा राजपूत सुनील सिंह, करतार सिंह यादव, पुष्पेंद्र कुमार सिंह, दुर्गा अमीर हम्जा इम अश्वय वर्मा, राकेश यादव, राकेश सक्सेना, आनंद राजन, अवनीश पटेल, मुकेश कुमार, शशि देवी, शाहिद सहित समस्त शिक्षक, कर्मचारी और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# नगर पंचायत ने किया मोहल्लों का निरीक्षण



समृद्धि न्यूज, समधन, कन्नौज।

नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती आसमा बेगम व अधिशासी अधिकारी सुश्री दिव्या गुप्ता द्वारा नगर के मोहल्ला इस्लामनगर व रामनगर में सफाई व्यवस्था, नाला सफाई एवं नाला निर्माण को लेकर निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों पर तत्काल सफाई कराने के निर्देश दिए गए। नाला निर्माण के संबंध में बताया गया कि शासन स्तर से डीपीआर बनने के बाद संपूर्ण निर्माण कार्य करवाया जाएगा। नगर पंचायत अध्यक्ष आसमा बेगम ने कहा नगर की सफाई हमारी पहली प्राथमिकता है। इस्लामनगर और रामनगर में निरीक्षण के दौरान कुछ स्थानों पर गंदगी मिली, जिस पर तुरंत सफाई के निर्देश दिए गए हैं। नाले के निर्माण के लिए प्रस्ताव शासन को भेजा गया है, डीपीआर स्वीकृत होते ही निर्माण कार्य शुरू करा दिया जाएगा। नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाना हमारा लक्ष्य है। अधिशासी अधिकारी दिव्या गुप्ता ने कहा मोहल्ला इस्लामनगर और रामनगर में नालियों में कचरा जमा होने से जलभराव की समस्या सामने आई है। संबंधित सफाई कर्मचारियों को तत्काल सफाई कर नालों को दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए हैं। जहां नए नाले की आवश्यकता है, वहां शासन द्वारा डीपीआर की प्रक्रिया पूर्ण कराकर स्थायी समाधान कराया जाएगा। लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों पर कार्रवाई भी की जाएगी।

## सूचना

मेरे पहले बने पासपोर्ट में गलती से मेरा नाम ALIM HUSEN पुत्र IQBAL AHMED पड़ गया था जबकि मेरे आधार कार्ड सहित अभिलेखों में मेरा नाम ALIM HUSEN पुत्र IQBAL दर्ज है अब मुझे ALIM HUSEN पुत्र IQBAL के नाम से ही जाना-पहचाना जाए।

**आलिम हुसैन (ALIM HUSEN) पुत्र इकबाल (IQBAL)**
**निवासी गांव जमालनगर गैर पहतेमाली कोतवाली सफीपुर।**

मेजर एस.डी.सिंह पी.जी. आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एण्ड हास्पिटल-फतेहगढ़

# हंसिये से काटकर महिला की निर्मम हत्या, पोता गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज,नवाबगंज।**

कस्बे के तिराहा निवासी जगमोहन शर्मा के घर बुधवार दोपहर उस समय सनसनी फैल गई, जब उनके अपने ही पोता सत्यम ने 55 वर्षीया लक्ष्मी शर्मा की हंसिये से काटकर बेहद बेरहमी से हत्या कर दी। घटना के बाद आरोपी नाती चारपाई पर बैठा रहा, जिसे मौके पर पहुंचे होमगार्ड ने तत्परता दिखाते हुए दबोच लिया।


मृतका की फाइल फोटो


जांच पड़ताल करती पुलिस

कस्बे के तिराहा निवासी जगमोहन शर्मा और उनके भाई रामरतन शर्मा एक ही मकान में रहते हैं। जगमोहन शर्मा की कोई संतान न होने के कारण उन्होंने अपने साले की पुत्री शिल्पी को गोद लिया था। बुधवार को जगमोहन अपनी गोद ली हुई बेटी को दवा दिलाने जनपद इटावा के थाना जसवंतनगर गए हुए थे। घर पर उनकी पत्नी लक्ष्मी शर्मा अकेली थीं। इसी दौरान उनके परिवार के ही पोता ने धारदार हंसिये से हमला कर लक्ष्मी शर्मा की हत्या कर दी। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर एकत्र हो गए। घर का दरवाजा अंदर से बंद था। सूचना मिलते ही बवना तिराहे पर तैनात होमगार्ड तारा सिंह मौके पर पहुंचे और दरवाजा खुलवाकर अंदर प्रवेश किया। अंदर आरोपी चारपाई पर बैठा हुआ था, जिसे होमगार्ड ने तुरंत पकड़ लिया और फोन के जरिए घटना की सूचना थाने को दी। सूचना पर थाना प्रभारी राजीव कुमार पुलिस बल के साथ पहुंचे। घटनास्थल के कमरे की दीवारों पर खून के छींटे और जमीन पर महिला का लहूलुहान शव पड़ा मिला। दीवारों और जमीन पर फैले खून के निशानों से आशंका जताई जा रही है कि महिला की हत्या घर की गैलरी में की गई और बाद में शव को घसीटकर कमरे के अंदर डाला गया। आरोपी की बहन ने बताया कि जब वह बाजार से लौटी तो काफी देर बाद दरवाजा खुला, जिसके तुरंत बाद आरोपी ने उसे बांधकर कमरे में बंद कर दिया था। घटना की सूचना पर थाना मऊदरवाजा के गांव नगला कलार से पहुंचे मृतका के मायके पक्ष के लोगों ने जमीनी विवाद को लेकर हत्या किए जाने का गंभीर आरोप लगाया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए क्षेत्राधिकारी मोहम्मदाबाद आलोक कुमार सिंह ने फॉरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल का जायजा लिया और साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आरोपी से पूछताछ जारी है। क्षेत्राधिकारी आलोक कुमार सिंह ने घटना के संदर्भ में जगमोहन से जानकारी ली। उन्होंने बताया शिल्पी को गोद लिए जाने से हमलावर उनसे रंजिश मानता है।

उसका कहना है यदि वह शिल्पी को गोद न लेती तो उनका मकान व जमीन उसे मिल जाती। मिथलेश कुमारी ने बताया कि हमलावर चोरी की कई घटनाओं को अंजाम दे चुका है। कुछ दिन पूर्व उसने शिल्पी का मोबाइल भी चोरी कर बेच दिया था। सीओ आलोक कुमार सिंह ने बताया कि संपत्ति के चलते हत्या की गई है। तहरीर मिलने पर प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। घटना के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

# पास्को एक्ट के मामले में अभियुक्त पर दोष सिद्ध

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।**

▸ सजा के बिंदु पर 8 अक्टूबर की तिथि नियत

अपर जिला जज एंव सत्र न्यायाधीश विशेष पाक्सो एक्ट प्रथम न्यायाधीश मेराज अहमद ने दुषकर्म व पास्को के आरोपी राजीव पुत्र राकेश बाल्मीकि निवासी पुनपालपुर मेरापुर को दोषी करार देते हुए न्यायिक में लेकर जेल भेज दिया।

सजा के बिंदु पर 8 अक्टूबर की तिथि नियत की है। विगत दो वर्ष पूर्व थाना मेरापुर क्षेत्र के ग्राम के युवक ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि पांच वर्षीय पुत्री घर के पास लगे नल पर पानी पीने गई थी। पड़ोस का ही राजीव हमारी पुत्री को बहला फुसलाकर पड़ोस में बनी शौचालय में ले गया। पुत्री की चिल्लाने की आवाज सुनकर कई लोग आ गय। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया था। विवेचक ने साक्ष्य के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता प्रदीप सिंह की कुशल पैरवी के आधार पर न्यायाधीश मेराज अहमद ने राजीव को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिंदु पर 8 अक्टूबर की तिथि नियत की है।

# पब्लिक स्कूल एसो. की बैठक में 8 नए संस्थानों ने ली सदस्यता


बैठक में मौजूद पदाधिकारी

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।**

पब्लिक स्कूल एसोसिएशन की बैठक बुधवार को राजेपुर ब्लॉक स्थित प्रियंका कॉन्वेंट स्कूल अमृतपुर में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता सर्वेंद्र सिंह ने की तथा मंच संचालन सचिव देव कुमार शर्मा ने किया। बैठक के दौरान क्षेत्र में शिक्षा के स्तर को सुधारने और निजी शिक्षण संस्थानों की समस्याओं पर गहन चर्चा की गई। क्षेत्र के 8 प्रमुख शिक्षण संस्थानों के प्रबंधकों/प्रतिनिधियों ने पब्लिक स्कूल एसोसिएशन की सदस्यता ग्रहण की। जिसमें राजेश्वर सिंह विद्यावती शिक्षा संस्थान, जटपुरा राजेपुर, अमित कुमार प्रियंका कॉन्वेंट स्कूल अमृतपुर, सत्यभान सिंह राम जानकी प्राथमिक विद्यालय अमृतपुर, योगेश दुबे स्वामी रामाधार विद्या मंदिर गूजरपुर, गगनदीप राठौर राम ग्लोबल स्कूल अमृतपुर, सुरजीत सिंह स्वामी विवेकानंद जूनियर हाई स्कूल हुसैनपुर राजपुर, परशुराम श्रीवास्तव आर.आर पब्लिक स्कूल अमृतपुर, निर्देश कुमार भागीरथी शिक्षण संस्थान कुंडरी सारंगपुर के नाम शामिल है। सभी सदस्यों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। बैठक में एसोसिएशन के अध्यक्ष मुकेश सिंह राठौर, राम औतार कुशवाहा, विजेंद्र वर्मा तथा अनुपम बाजपेई उपस्थित रहे।

# सीएम ने की चिकित्सीय योगदान के लिए डॉ. वैभव पाठक की सराहना


डॉ. वैभव पाठक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के डॉक्टरों और चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े लोगों के सेवा भाव और योगदान की सराहना की है। जारी एक पत्र के माध्यम से मुख्यमंत्री ने कोतवाली रोड फतेहगढ़ के निवासी डॉ. वैभव पाठक को संबोधित करते हुए चिकित्सकों के कार्यों को नमन किया है। सूरज डायग्नोस्टिक सेंटर के डायरेक्टर एवं रेडियोलॉजिस्ट यूके गोल्ड मेडलिस्ट डॉ. वैभव पाठक के चिकित्सीय कार्यों की सराहना की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पत्र में लिखा कि हमारे समाज में चिकित्सक को भगवान का दूसरा रूप माना जाता है, क्योंकि वे अपने ज्ञान, कौशल और सेवा भाव से रोगियों को जीवन की नई आशा प्रदान करते हैं। उन्होंने कोविड महामारी जैसी विषम परिस्थितियों में डॉक्टरों द्वारा अपनी परवाह किए बिना लाखों नागरिकों की रक्षा करने के प्रयासों का विशेष रूप से उल्लेख किया। सीएम ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य सरकार प्रदेश में सुदृढ़ और सर्वसुलभ स्वास्थ्य व्यवस्था के निर्माण के लिए लगातार कार्य कर रही है। इस परिवर्तन को स्थायी बनाने के लिए स्वस्थ नागरिक आवश्यक हैं, क्योंकि एक स्वस्थ उत्तर प्रदेश ही समर्थ और विकसित उत्तर प्रदेश का आधार बनेगा। मुख्यमंत्री ने उम्मीद जताई कि डॉक्टर ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने, स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने और जरूरतमंदों की सेवा करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहेंगे।

# सीपी ग्राउंड जटवारा में वार्षिक रामलीला मंचन शुरू

**समृद्धि न्यूज,कायमगंज।**


गणेश पूजन के दौरान समिति के पदाधिकारी

▸ गणेश पूजन के साथ हुआ शुभारंभ

सीपी ग्राउंड जटवारा में वार्षिक रामलीला मंचन देर रात शुरू हो गया। श्री राम लीला समिति की ओर से गणेश पूजा और आरती के साथ रामलीला का शुभारंभ किया गया। समिति के अध्यक्ष सत्य प्रकाश अग्रवाल, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, संजय बंसल, पवन गुप्ता, प्रहलाद नारायण अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, राम प्रकाश यादव, दीपक राज अरोड़ा, डॉ. संतोष गौड़, मनोज गुप्ता और ब्रजेश कौशल ने आरती उतारी। समिति अध्यक्ष सत्य प्रकाश अग्रवाल ने बताया कि इस साल वृंदावन के अवधेश शर्मा की रासलीला मंडल के कलाकार रामलीला का मंचन करेंगे। सीपी ग्राउंड में हर दिन रात 9:30 बजे से मध्यरात्रि 12 बजे तक रामलीला का आयोजन किया जाएगा। 12 अक्टूबर को निकलेगी राम बारात रामलीला के दौरान 12 अक्टूबर को शिवाला मंदिर से राम बारात निकाली जाएगी। राम बारात शहर के मुख्य रास्तों से होते हुए रामलीला मंचन स्थल तक पहुंचेगी। आयोजन को लेकर समिति की ओर से तैयारियां की जा रही हैं। 20 अक्टूबर को मंडी समिति प्रांगण में रावण दहन किया जाएगा। इसके अगले दिन 21 अक्टूबर को पुरानी गल्ला मंडी में भरत मिलाप का आयोजन होगा। इसी दिन सीपी सभागार में कवि सम्मेलन भी होगा। इसके बाद राम के राज्याभिषेक के साथ वार्षिक रामलीला का समापन किया जाएगा।

## खबरें एक नजर में

### सीएम सामाजिक कार्यकर्ताओं को भेजा सराहना पत्र


शिवम मिश्रा व रिषी सेंगर को पत्र सौंपती डीएम व एसपी

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शिवम मिश्र के निस्वार्थ समाजसेवा, जनता की समस्याओं को उठाने और अंतिम व्यक्ति तक पहुँचने के प्रयासों की सराहना की है। वहीं संवेदनशीलता और समाज के प्रति समर्पण व सेवाभाव के लिए मुख्यमंत्री ने पत्रकार रिषी सेंगर के कार्यों की सराहना कर प्रशंसा पत्र भेजा है। वर्तमान सरकार ने कानून के राज को प्राथमिकता देकर भयमुक्त माहौल बनाया है। सरकार द्वारा गरीब, वंचित, महिला, युवा और किसानों के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं को ज़रूरतमंदों तक पहुँचाने में सामाजिक कार्यकर्ताओं से सहयोग की अपेक्षा की गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में सबका साथ सबका विकास के भाव से एक सशक्त सुरक्षित और अवसर-युक्त उत्तर प्रदेश के निर्माण का आह्वान किया गया है।

### 11 कार्टन अवैध आतिशबाजी के साथ तीन गिरफ्तार


पुलिस हिरासत में आरोपी

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।** थाना कादरीगेट पुलिस ने अवैध आतिशबाजी के एक बड़े जखीरे के साथ तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। कादरीगेट पुलिस ने 06 अक्टूबर को क्षेत्रांतर्गत स्थित रिलायंस पेट्रोल पंप के पास, नारायणपुर स्थित डीडी मोटर्स गैराज से तीन व्यक्तियों को रंगे हाथों पकड़ा। पुलिस ने इनके पास से भारी मात्रा में अवैध पटाखे और आतिशबाजी बरामद की। गिरफ्तार किये गये दुर्गेश शाक्य पुत्र स्व0 हृदेश कुमार निवासी मो0 अमीन खां थाना मऊदरवाजा, देवेश शाक्य पुत्र स्व0 हृदेश कुमार निवासी मो0 अमीन खां थाना मऊदरवाजा, राघवेंद्र कुमार उर्फ राघव पुत्र परमेश्वर दयाल निवासी कुईयाबंटू, थाना मऊदरवाजा बताया। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से कुल 11 कार्टन अवैध आतिशबाजी, 120 स्काईशॉट जैकपॉट 2 अदद, 06 बड़ी फुलझड़ी तथा 02 छोटी फुलझड़ी बरामद की हैं। बरामद कार्टन में अनार, सुतली बम, रॉकेट, चकरी, स्काईशॉट, फैंसी आतिशबाजी, शॉट और विभिन्न प्रकार की फुलझड़ियां शामिल हैं।

# सेवा ज्योति यात्रा में गूंजा राष्ट्र निर्माण का संकल्प

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।**

भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सेवा ज्योति यात्रा कार्यक्रम का आयोजन फतेहगढ़ स्थित स्वर्गीय ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्पोर्ट्स स्टेडियम में किया गया।

स्टेडियम से फतेहगढ़ चौराहे तक यात्रा निकाली गई। बड़ी स्क्रीन के माध्यम से प्रधानमंत्री के लाइव उद्बोधन का प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा, सांसद मुकेश राजपूत, विधायक नागेंद्र सिंह राठौर, विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी, विधायक डॉ. सुरभि, जिला संगठन प्रभारी नरेंद्र राजपूत, धीरेंद्र वर्मा, डॉ. भूदेव सिंह मौजूद रहे।


कार्यक्रम में मौजूद भाजपा नेता

सांसद मुकेश राजपूत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री से लेकर देश के प्रधानमंत्री तक के दायित्व का निर्वहन करते हुए सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण किए हैं। जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने कहा कि सेवा ज्योति यात्रा के माध्यम से पूरे जनपद में सेवा, समर्पण और राष्ट्र निर्माण के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया गया। इस अवसर पर अमरदीप दीक्षित, गोपाल राठौर, जीतेंद्र सिंह, रश्मि दुबे, श्वेता दुबे, विमल कटियार, अनुराग सिंह, अभिषेक वाजपेयी, पंकज पाल, मनोज गंगवार, ममता सक्सेना, प्रतिभा राजपूत, हिना दवे, किरण सिंह, श्वेता दुबे, अशनील दिवाकर, संजीव गुप्ता, विकास पांडे, प्रदीप सक्सेना, अभिषेक बाथम, विजेंद्र कलानी उपस्थित रहे।

# युवक की मौत के मामले में तीन पर मुकदमा दर्ज

**समृद्धि न्यूज,नवाबगंज।**

थाना क्षेत्र के ग्राम नगला जाटवन में दीवार गिराए जाने की घटना में मलबे के नीचे दबने से 45 वर्षीय धर्मेंद्र कुमार की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। मृतक के भाई जितेन्द्र सिंह की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। शिकायतकर्ता जितेन्द्र सिंह पुत्र कैलाश चन्द के अनुसार उनके बड़े भाई धर्मेंद्र कुमार गांव के किनारे बनी दीवार पर पन्नी तानकर रह रहे थे। 6 अक्टूबर को सुबह करीब 9 बजे जब धर्मेंद्र कुमार पन्नी के नीचे खाट पर बैठे थे, तभी ग्राम वीरपुर निवासी तीन लोग ठाकुर कुणाल पुत्र विनोद कुमार, ठाकुर अजय पुत्र पुष्पेन्द्र उर्फ भम्भू और ठाकुर दिनेश पुत्र इन्द्रपाल मौके पर पहुंचे। आरोप है कि इन लोगों ने दीवार को धक्का देकर गिरा दिया। दीवार गिरने से धर्मेंद्र कुमार ईंटों और मलबे के नीचे बुरी तरह दब गए। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों और ग्रामीणों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर धर्मेंद्र को मलबे से बाहर निकाला। उनकी हालत गंभीर देखते हुए परिजन उन्हें निजी वाहन से सीएचसी नवाबगंज ले गए। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उनकी हालत को नाजुक देखते हुए उन्हें लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया। अस्पताल में इलाज के दौरान शाम करीब 3:30 बजे धर्मेंद्र कुमार ने दम तोड़ दिया। मृतक के भाई जितेन्द्र सिंह की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया।

### दुष्कर्म/पाक्सो एक्ट के मामले में पांच वर्ष की जेल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपर जिला जज एंव सत्र न्यायाधीश विशेष पाक्सो एक्ट न्यायाधीश रितिका त्यागी ने अभियुक्त अंकित पुत्र राधेश्याम निवासी तुर्क ललैया कायमगंज को पॉक्सो एक्ट के मामले में पांच वर्ष का कारावास व पांच हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। विगत पांच वर्षों पूर्व कोतवाली क्षेत्र के गांव निवासी युवक ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि मेरे गांव के पड़ोसी उज्वल सक्सेना के घर अंकित पुत्र राधेश्याम शाक्य का आना जाना था। 9 जून 2021 को समय लगभग 12 बजे दिन मै बाढ़ में था, इसी बीच अंकित मेरी नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले गया। ले जाते हुए मेरे पुत्र ने देखा। इस बात जानकारी मुझे दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अंकित, अनामिका, खुशबू, कृष्णा, चंदन, जीतू, रवि यादव के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस ने साक्ष्य गवाह के आधार पर अंकित के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता तेज सिंह राजपूत की कुशल पैरवी के आधार पर न्यायाधीश रितिका त्यागी ने अंकित को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर पांच वर्ष का कारावास व पांच हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया।

### यूपीआई पर चार्ज के विरोध में व्यापारियों ने पीएम को भेजा ज्ञापन


एसडीएम को ज्ञापन सौंपते व्यापारी

**समृद्धि न्यूज, कायमगंज।** यूपीआई ट्रांजेक्शन पर चार्ज लगाने के हालिया आदेश के बाद व्यापारियों में भारी आक्रोश व्याप्त है। विरोध में उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारियों और व्यापारी नेताओं ने तहसील परिसर पहुँचकर उपजिलाधिकारी अभिषेक वर्मा के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया। व्यापारियों ने बताया कि 15 अक्टूबर से 2,000 रुपये से अधिक के यूपीआई ट्रांजेक्शन पर व्यापारियों से 0.04 प्रतिशत का शुल्क वसूलने का आदेश पारित किया गया है, जो पूरी तरह अनुचित है। व्यापार मंडल का तर्क है कि व्यापारी पहले से ही विभिन्न प्रकार के टैक्स के बोझ तले दबे हुए हैं। डिजिटलाइजेशन के दौर में यूपीआई पर अतिरिक्त चार्ज लगाने से खरीद-बिक्री प्रभावित होगी और बाजार मंदी की चपेट में आ जाएगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान अमित सेठ, संजय अग्रवाल, संजय गुप्ता, सतीश चन्द्र अग्रवाल, संजीव अग्रवाल, सत्यप्रकाश अग्रवाल, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, मनोज कौशल, पवन गुप्ता, रामप्रकाश यादव, रश्मि दुबे, मधु गंगवार, अमोल अग्रवाल, अतुल गुप्ता मौजूद रहे।

### नर्सिंग होम में डेढ़ साल के बच्चे की मौत

**फर्रुखाबाद।** आवास विकास स्थित एक निजी नर्सिंग होम में बुधवार सुबह इलाज के दौरान डेढ़ साल के मासूम बच्चे की मौत हो गई। बच्चे की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने डॉक्टर पर इलाज में घोर लापरवाही का आरोप लगाते हुए डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। जानकारी के अनुसार एटा जिले के नयागांव थाना क्षेत्र स्थित नावर गांव निवासी आसेख उर्फ आशीष के डेढ़ वर्षीय पुत्र सूर्यांश को दस्त की शिकायत थी। गंभीर हालत में उसे कुछ दिन पूर्व आवास विकास स्थित एक नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया था, जहां उसका इलाज चल रहा था। मृतक मासूम के पिता आसेख ने बताया कि बुधवार सुबह करीब 11 बजे डॉक्टर ने अचानक बच्चे को किसी अन्य अस्पताल ले जाने की सलाह दी। पिता का आरोप है कि जब तक डॉक्टर ने रेफर की बात कही, तब तक बच्चे की मौत हो चुकी थी। परिजनों का कहना है कि यदि बच्चे की हालत नाजुक थी, तो उसे समय रहते किसी बड़े अस्पताल के लिए रेफर क्यों नहीं किया गया? परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर इलाज के नाम पर लापरवाही बरतने का सीधा आरोप लगाया है।

# कर्मचारियों के दबाव के चलते एसपी ने दरोगा को किया निलंबित, दो थानाध्यक्ष बदले

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।**

▸ न्यायालय कर्मचारी अमित मिश्रा की हो गयी थी मौत
▸ न्यायालय कर्मचारियों ने दी थी आंदोलन की धमकी

न्यायालय कर्मचारी अमित मिश्रा की संदिग्ध परिस्थिति में हुई मौत के बाद उपजे जनाक्रोश और अदालती कामकाज के ठप होने पर पुलिस प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। न्यायालय कर्मचारियों के उग्र विरोध प्रदर्शन और कार्य बहिष्कार के दबाव में पुलिस महकमे ने विभागीय स्तर पर बड़ी कार्रवाई करते हुए दो थानाध्यक्षों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है, जबकि एक दरोगा को निलंबित कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार न्यायालय कर्मचारी संघ के तीखे विरोध और निष्पक्ष कार्रवाई की मांग को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने तत्काल प्रभाव से कदम उठाए हैं। राजेपुर थानाध्यक्ष राजीव पांडे को पद से हटाते हुए अमृतपुर थाने की कमान सौंपी गई है। अमृतपुर थानाध्यक्ष दर्शन सिंह को राजेपुर थाने का नया थानाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वहीं मामले की शुरुआती जांच में प्रथम दृष्टया लापरवाही और दोष सिद्ध होने पर दरोगा आशुतोष यादव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। न्यायालय कर्मचारी संघ और पुलिस के उच्चाधिकारियों के बीच हुई मैराथन वार्ता के बाद यह प्रशासनिक निर्णय लिया गया। कर्मचारी संघ लगातार दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक और कानूनी कार्रवाई पर अड़ा हुआ था।

पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि प्रकरण की निष्पक्ष एवं विस्तृत जांच जारी है। अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि जांच में जो भी अन्य कर्मी या व्यक्ति दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ बिना किसी पक्षपात के सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# राष्ट्रीय अंतर-जिला जूनियर एथलेटिक्स मीट के लिए जिला स्तरीय चयन

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।**

▸ 12-13 अक्टूबर को ब्रह्मदत्त स्टेडियम में होगा ट्रायल

तेलंगाना सरकार के सहयोग से आगामी 14 से 16 नवंबर तक बोक्सन यूनिवर्सिटी (कामकोले, सदाशिवपेट, हैदराबाद) में आयोजित होने वाली 20वीं राष्ट्रीय अंतर-जिला जूनियर एथलेटिक्स मीट की तैयारियां शुरू हो गई हैं। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में वही खिलाड़ी भाग ले सकेंगे जो 12 और 13 अक्टूबर को फतेहगढ़ स्थित ब्रह्मदत्त स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित होने वाली जिला स्तरीय एथलेटिक्स मीट में हिस्सा लेंगे। आयोजकों के अनुसार राष्ट्रीय मीट के लिए खिलाड़ियों की प्रविष्टि संबंधित खेल संघ द्वारा ऑनलाइन माध्यम से की जाएगी। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए कुछ मुख्य नियम एवं दिशा-निर्देश तय किए गए हैं। यह प्रतियोगिता केवल अंडर-14 और अंडर-16 बालक/बालिका वर्ग में आयोजित होगी। अंडर-14 वर्ग में प्रतिभागी का जन्म 17 नवम्बर 2012 से 16 नवम्बर 2014 के बीच होना अनिवार्य है। अंडर-16 वर्ग प्रतिभागी का जन्म 17 नवम्बर 2010 से 16 नवम्बर 2012 के बीच होना चाहिए। अंडर-14 बालक/बालिका में 60 मीटर दौड़, 600 मीटर दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, बैक थ्रो/शॉटपुट एवं ट्रायथलॉन स्पर्धाएं। अंडर-16 बालक/बालिका- 60 मीटर दौड़, 80 मीटर हर्डल दौड़, 600 मीटर दौड़, शॉटपुट, ऊंची कूद, लंबी कूद, जेवलिन थ्रो और पेंटाथलन स्पर्धाएं। प्रत्येक खिलाड़ी केवल एक ही इवेंट में भाग ले सकेगा। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रति इवेंट प्रवेश शुल्क 100 तय किया गया है। सभी खिलाड़ियों को अपने साथ मूल जन्म प्रमाण पत्र एवं मूल आधार कार्ड लाना अनिवार्य है। राष्ट्रीय अंतर-जिला जूनियर एथलेटिक्स मीट में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को उनके नाम के अनुसार डिजिटल प्रमाण पत्र ऑनलाइन जारी किए जाएंगे।

# माध्यमिक एथलेटिक्स प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।**

जनपदीय माध्यमिक एथलेटिक्स प्रतियोगिता के दूसरे दिवस आयोजन बड़े उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता की शुरुआत संयोजक प्रधानाचार्य सत्य प्रकाश वर्मा एवं सह-संयोजक प्रधानाचार्य रजिन्दर सिंह कुशवाहा ने हरी झंडी दिखाकर की। प्रतियोगिता के आयोजक रजनीश शिवा तथा चन्देल गुट के जिलाध्यक्ष प्रवेश रत्न शाक्य ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और पदक पहनाकर उन्हें सम्मानित किया। माध्यमिक विद्यालयों के जिला क्रीड़ा सचिव अतुल दास ने बताया कि प्रतियोगिता में विजेता रहे सभी छात्र-छात्राएँ अब मंडल प्रतियोगिता हेतु कानपुर देहात में प्रतिभाग करेंगे।


दौड़ प्रतियोगिता में भाग लेते छात्र

सीनियर बालक वर्ग 3000 मीटर रेस में प्रथम स्थान अनिकेत गौतम, द्वितीय स्थान विशाल बाबू, तृतीय स्थान अनूप कुमार ने प्राप्त किया। अंडर-19 सीनियर बालक वर्ग लंबी कूद में प्रथम स्थान आकाश, द्वितीय स्थान सोभित, तृतीय स्थान अनिरुद्ध ने प्राप्त किया। अंडर-19 सीनियर बालिका वर्ग लंबी कूद में प्रथम स्थान अन्वी, द्वितीय स्थान रेनू व तृतीय स्थान पर अनन्या रही। सीनियर बालिका वर्ग अंडर-19 3000 मीटर रेस में प्रथम स्थान शोभा पाल, द्वितीय स्थान चित्रा व तृतीय स्थान कीर्ति ने प्राप्त किया।

ट्रिपल जम्प बालिका वर्ग अंडर-17 जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान रानी, द्वितीय स्थान सलोनी, तृतीय स्थान शिवा ने प्राप्त किया।

लंबी कूद अंडर-17 बालिका वर्ग जूनियर वर्ग प्रथम स्थान शिवांकी, द्वितीय स्थान अन्नू, तृतीय स्थान अनामिका ने प्राप्त किया। निर्णायक मंडल के प्रमुख सदस्यों सुब्रत शाक्य, जगदीश बघेल, केशव गंगवार, रजनीश शिवा, सतेन्द्र सिंह, राजेन्द्र सिंह, नेहा भारद्वाज, इंजाज अहमद सिद्दीकी, घनश्याम सिंह, सुनील कुमार, अर्जुन प्रताप सिंह, अनुराग पटेल, शीलभद्र यादव, दीपावली कुमार, नीता दुबे, शोभा यादव, अभिषेक अवस्थी, धनंजय कुमार, अनिकेत भारद्वाज, राकेश कुमार, जितेन्द्र कुमार, दिलीप कुमार, प्रभुभ गुप्ता, डीएन सिंह और सीमा मिश्रा आदि ने मुख्य भूमिका निभाई। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य गिरजाशंकर, राकेश कुमार गुप्ता, ओमपाल सिंह रघुवंशी, प्रशान्त कुमार मिश्रा, संतोष कुमार दुबे, प्रदीप कुमार जायसवाल, शैलेन्द्र सिंह के अलावा लेखा विभाग से प्रफुल्ल कुमार भगोलीवाल, उमाकान्त शाक्य, रोहित सरोज, अमित गुप्ता, डॉ. आशिष शाक्य, दीपा शुक्ला, नीलम वर्मा, हेमप्रभा द्विवेदी, अनिल कुमार, पवन कुमार, अमिताभ सिंह, गोविन्द सिंह आदि मौजूद रहे।

# तहसील सदर को अन्य स्थान पर स्थानांतरित न करने की मांग

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**

बार एसोसिएशन तहसील सदर के पदाधिकारियों व अधिवक्ताओं ने तहसील भवन को किसी अन्य स्थान पर स्थानांतरित किए जाने के विरोध में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा है।

तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रामेन्द्र कटियार तथा सचिव ओमप्रकाश दुबे ने बताया कि फतेहगढ़ में सिविल न्यायालय, चकबंदी न्यायालय तथा तहसील सदर स्थित है। नगर में वर्ष 1938 से संचालित पुराना तहसील भवन जर्जर हो जाने पर, वर्ष 2014 में करोड़ों की लागत से नवीन तहसील भवन का निर्माण कराया गया था। वर्तमान में इस परिसर में न्यायालय, कार्यालय तथा निकट ही उपनिबंधक कार्यालय रजिस्ट्री दफ्तर अपने भवन में सुचारू रूप से संचालित हो रहे हैं। अधिवक्ताओं का कहना है कि तहसील भवन और उपनिबंधक कार्यालय एक ही स्थान पर होने के कारण आम जनता और वादकारियों को राजस्व अभिलेख व अन्य सेवाएं तुरंत उपलब्ध हो जाती हैं, जिससे उन्हें काफी सुविधा रहती है। जानकारी मिली है कि वर्तमान तहसील भवन को किसी अन्य स्थान पर स्थानांतरित करने के लिए नवीन भवन निर्माण की कार्यवाही की जा रही है। अधिवक्ताओं ने इसे सरकारी धन का अनावश्यक दुरुपयोग करार दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वर्ष 2014 में बने इस भवन की केवल वर्षा के कारण क्षतिग्रस्त हुई पिछली दीवार की मरम्मत की आवश्यकता है, जिसे कम खर्च में ठीक कराया जा सकता है और पूरा भवन पूरी तरह से कार्य करने योग्य है।


ज्ञापन देने के बाद जानकारी देते अधिवक्ता

बार एसोसिएशन ने जनहित में मांग की है कि तहसील सदर को किसी अन्य स्थान पर स्थानांतरित न किया जाए। इस मौके पर अधिवक्ता पंकज राजपूत, सुनील कुमार, मनोज कुमार यादव, ऋषि श्रीवास्तव, दिलीप कश्यप, विपिन कुमार यादव, अंशुमान सिंह, ओमप्रकाश सिंह, जितेन्द्र कुमार सक्सेना, वीरेन्द्र कुमार, जगवीर, शिव मंगल सिंह, अशोक कुमार, नितीश शुक्ला, विनोद कुमार राजपूत, अनूप कुमार कटियार, गोकुलेश सक्सेना, विकास वर्मा, अमित कुमार आदि अधिवक्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# राज गौरव पाण्डेय रामलीला में फिर जमाएंगे अभिनय की धाक

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**

शारदीय नवरात्र और आगामी त्योहारों के आगमन के साथ ही जगह-जगह भव्य रामलीलाओं का शुभारंभ हो चुका है। कस्बों से लेकर प्रमुख लीला मंचों तक हर तरफ धार्मिक उल्लास और भक्ति का माहौल है। शहर के प्रतिष्ठित लीला मंच सरस्वती भवन में पिछले 23 वर्षों से अपनी उत्कृष्ट अभिनय कला से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने वाले वरिष्ठ रंगकर्मी राज गौरव पाण्डेय एक बार फिर प्रभु श्रीराम की लीलाओं को जीवंत करने के लिए तैयार हैं। राज गौरव पाण्डेय ने वर्ष 2003 में पहली बार मंच पर पदार्पण किया था। तब से लेकर आज तक लगातार 23 वर्षों से वे मंच पर अभिनय के माध्यम से प्रभु श्रीराम की अनवरत सेवा कर लीला प्रेमियों को आनंदित कर रहे हैं। राज गौरव का अभिनय केवल रामलीला मंचन तक ही सीमित नहीं रहा है। वे थियेटर और रंगमंच के एक सिद्धहस्त कलाकार हैं। उन्होंने दिल्ली, बरेली, शिमला और लखनऊ जैसे देश के प्रमुख शहरों में कई नाटकों में जानदार प्रस्तुतियां देकर थियेटर कला को नई पहचान दी है। इस बार भी पूरे एक माह तक चलने वाले रामलीला महोत्सव के दौरान वे सरस्वती भवन के मंच पर विभिन्न जटिल व प्रभावी पात्रों को साकार करेंगे। इनमें कामदेव, कुंभकर्ण, खर-दूषण और तृष्णा जैसे प्रमुख चरित्र शामिल हैं। रंगकर्मी राज गौरव पाण्डेय कहते हैं कानूनी भाषा में उम्रकैद 14 से 20 वर्ष की होती है, लेकिन मैंने तो प्रभु श्रीराम की सेवा में 23 वर्ष पूरे करके अपनी उम्रकैद भी पार कर ली है। जिसे स्वयं प्रभु अपना कैदी बना लें, उससे अधिक सौभाग्यशाली इस संसार में कोई दूसरा नहीं हो सकता।


कामदेव का पात्र निभाते राजगौरव पाण्डेय

## विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के प्रति किया जागरूक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** आईसेक्ट ने आयोजित कौशल विकास यात्रा के अंतर्गत भारतीय पाठशाला इंटर कॉलेज में विद्यार्थियों के लिए जागरूकता एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यार्थियों को कौशल आधारित शिक्षा, करियर के अवसरों तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की बढ़ती उपयोगिता के प्रति जागरूक करना रहा। चेतन जैन, संजू सागर, गौरव झा एवं केतन ने विद्यार्थियों को एआई की मूल अवधारणाओं, दैनिक जीवन में इसके उपयोग से जुड़े भविष्य के करियर विकल्पों तथा आवश्यक कौशलों के बारे में जानकारी दी। छात्रों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य दिनेश कुमार वर्मा, शिक्षक संजीव कुमार एवं समरेन्द्र शुक्ला उपस्थित रहे। शाखा प्रबंधक सुरेन्द्र पाण्डेय, फाल्गुनी भैरवानी एवं तन्मय पाण्डेय सहित छात्रों की उपस्थिति रही।

# मार्ग दुर्घटनाओं में दो की मौत, चार घायल

**समृद्धि न्यूज, बांगरमऊ उन्नाव।**

आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर अलग अलग दुर्घटनाओं में एक ट्रक व मालिक व एक कार चालक की मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची यूपीडा की एम्बुलेंस व सरकारी एम्बुलेंस से सभी को यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया । जहां डॉक्टर ने दो को मृत घोषित कर दिया। जबकि चार लोगों को गंभीर हालत देख सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से इलाज के लिए ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया स।घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है स मृतकों में एक की पहचान घटना के लगभग पांच घण्टे बाद मोबाइल नम्बर के माध्यम से हो सकी । पुलिस ने परिजनों को सूचना दे दी है । आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे व कोतवाली क्षेत्र के ग्राम वहलोलपुर के सामने एक्सप्रेस वे पर लखनऊ से आगरा की ओर जा रहे ट्रक चालक साकिर हुसैन 40 वर्ष पुत्र असलम निवासी मोहल्ला बघेल थाना किरावली जनपद आगरा जो कि ट्रक का मालिक भी है । वह रात लगभग दो बजे पेशाब करने के लिए ट्रक रोककर जैसे ही नीचे उतरा तभी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। वह वहीं सड़क पर गिर गया स सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां आरक्षी रविन्द्र प्रताप लेकर पहुँचे स सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर ने देखते ही उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मोबाइल नम्बर से परिजनों से सम्पर्क कर घटना की सूचना दी स सूचना मिलते ही परिजन यहां लगभग दस बजे आ पहुँचे और शव देखते ही रोने बिलखने लगे । परिजनों के अनुसार मृतक की माँ हाजिरा बेगम, पत्नी जुलेशा, पुत्र अमन, आदिल, रिजवान व पुत्री मनतेशा सहित परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।





छात्रों को डिप्लोमा देते लाखन सिंह

## एलएसटीटीसी कंप्यूटर सेंटर ने छात्रों को प्रदान किए एक वर्षीय एडीसीए डिप्लोमा

**फर्रुखाबाद।** गुरुगाँव देवी मन्दिर के पास स्थित एलएसटीटीसी कंप्यूटर सेंटर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्था के डायरेक्टर लाखन सिंह ने मेधावी छात्र आशीष कुमार निवासी ग्राम-नेकपुर खुर्द और प्रिन्स शाक्य निवासी ग्राम आवाजपुर को एक वर्षीय एडीसीए डिप्लोमा प्रदान किया। डायरेक्टर लाखन सिंह ने बताया कि आज के डिजिटल युग में संस्था का मुख्य संकल्प छात्रों को मामूली शुल्क में दक्ष एवं अनुभवी कंप्यूटर शिक्षकों द्वारा गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण देना है, ताकि उन्हें रोजगार योग्य बनाया जा सके। संस्था द्वारा एक वर्षीय एडीसीए डिप्लोमा करने वाले छात्र-छात्राओं को सीसीसी का प्रशिक्षण भी नि:शुल्क प्रदान किया जाता है। जनपद के अलावा अन्य जनपदों के विभिन्न सरकारी, अर्ध-सरकारी कार्यालयों एवं निजी कंपनियों में यहाँ के छात्र कंप्यूटर ऑपरेटर और विशेषज्ञ के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इस अवसर पर शोभित शाक्य, इशान्त शाक्य, अहेम अली, आशीष कुमार, साहिल शाक्य, आर्यन शाक्य, प्रिन्स शाक्य मौजूद रहे।

# म्युनिसिपल इंटर कॉलेज में संचारी रोग जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**

म्युनिसिपल इंटर कॉलेज फतेहगढ़ में प्रधानाचार्य कैप्टन गिरिजा शंकर की अध्यक्षता में संचारी रोग जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि डिप्टी सीएमओ परीक्षित सफीर रहे। कार्यक्रम में लगभग 600 छात्र एवं 50 एनसीसी कैडेट्स उपस्थित रहे।

जिला मलेरिया अधिकारी डॉ0 नरजीत कटियार ने छात्रों को संचारी रोगों के कारण, उनके फैलने के माध्यम तथा बचाव के उपायों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि डेंगू, मलेरिया सहित अनेक संचारी रोगों से बचाव के लिए स्वच्छता रखना और मच्छरों के प्रजनन स्थलों को समाप्त करना अत्यंत आवश्यक है।



संबोधित करते प्रधानाचार्य गिरिजा शंकर

प्रधानाचार्य कैप्टन गिरिजा शंकर ने बताया कि जो रोग एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति, पशु से मनुष्य अथवा संक्रमित वातावरण के माध्यम से फैलते हैं, उन्हें संचारी रोग कहा जाता है। ये रोग वायरस, बैक्टीरिया एवं अन्य सूक्ष्मजीवों के कारण हो सकते हैं। प्रधानाचार्य ने छात्रों से नियमित रूप से साबुन से हाथ धोने, स्वच्छ एवं सुरक्षित पानी पीने, भोजन को ढककर रखने, खांसते-छींकते समय मुंह-नाक ढकने, आसपास स्वच्छता रखने तथा घर एवं विद्यालय के आसपास पानी जमा न होने देने की अपील की। संचालन शिक्षक डॉ0 दिनेश चंद्रा ने किया। इस अवसर पर शिक्षक प्रदीप जायसवाल, विश्व प्रकाश, अरविंद कुमार उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### सदर विधायक ने विजेता खिलाड़ियों को प्रदान किए पुरस्कार



**उन्नाव।** खेल निदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ एवं उत्तर प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन के समन्वय से आयोजित प्रदेश स्तरीय जूनियर बालक एवं बालिका बैडमिंटन प्रतियोगिता में सदर विधायक पंकज गुप्ता ने मुख्य रूप से सहभागिता कर युवा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता स्थल पर आयोजकों एवं उपस्थित खेल पदाधिकारियों द्वारा पुष्पगुच्छ भेंटकर सदर विधायक पंकज गुप्ता का आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। विधायक ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा प्रतियोगिता में खिलाड़ियों द्वारा किए जा रहे शानदार प्रदर्शन को देखा। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को सदर विधायक पंकज गुप्ता ने पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर जिला क्रीड़ा अधिकारी मुकेश सबरवाल, रेफ्री मयंक कुमार, मैच कंट्रोल इरशाद अहमद, अंपायर सोनू कुमार, जितेन्द्र सिंह, अभिषेक पटेल, अंकित, मानस, सेवानिवृत्त क्रीड़ा अधिकारी रेखा रावत, ऑब्जर्वर सुनील भारती एवं संचालक विश्वनाथ तिवारी समेत अन्य खेल पदाधिकारी एवं आयोजन समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

### महिला शिक्षिकाओं के हितों के लिए संगठन निरंतर प्रयासरत


बीईओ राजीव श्रीवास्तव का स्वागत करती महिला शिक्षक

**फर्रुखाबाद।** उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ की जिलाध्यक्ष रीना पाण्डेय ने खण्ड शिक्षा अधिकारी राजीव श्रीवास्तव एवं खण्ड विकास अधिकारी सुनील जायसवाल से शिष्टाचार भेंट कर उनका स्वागत किया। जिलाध्यक्ष ने दोनों अधिकारियों को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया तथा संगठन के उद्देश्यों एवं महिला शिक्षिकाओं के हितों से जुड़े विषयों पर सार्थक चर्चा की। रीना पाण्डेय ने कहा कि संगठन महिला शिक्षिकाओं के सम्मान, अधिकार एवं सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रहा है तथा उनकी समस्याओं को उचित मंच तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। अधिकारियों ने संगठन के प्रयासों की सराहना करते हुए आवश्यकता पड़ने पर हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। इस मौके पर श्वेता रानी, आरती शर्मा, पूनम राठौर, प्रियंका कटियार, ममता, आरती, अनुराधा, संजू, शिखा श्रीवास्तव, ऋचा कटियार, दीपा मिश्रा, नीलम, निधि शर्मा, अवनीति कुमारी आदि मौजूद रही।

### संबंधित हेल्पलाइन पर दें सूचना : मिशन शक्ति टीम

**पुरवा, उन्नाव।** मिशन शक्ति अभियान के तहत बुधवार को एंटी रोमियो और मिशन शक्ति टीम ने नगर के दुर्गापुर स्थित प्राथमिक विद्यालय में छात्र-छात्राओं को महिला सुरक्षा, साइबर अपराध से बचाव और हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। छात्राओं को गुडटच बैड टच के बारे बताया। किसी भी समस्या की स्थिति में बेझिझक शिकायत करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही मिशन शक्ति के पत्रक भी वितरित किए गए ।टीम के सदस्य दीक्षित यादव और विनिमय गौतम ने छात्राओं को बताया कि छेड़छाड़, उत्पीड़न या साइबर अपराध होने पर तत्काल पुलिस या संबंधित हेल्पलाइन पर सूचना दें। शिकायतकर्ता का नाम गोपनीय रखा जाता है। उन्होंने साइबर ठगी और ऑनलाइन धोखाधड़ी से सतर्क रहने के साथ सोशल मीडिया का सुरक्षित इस्तेमाल करने की जानकारी दी। इस दौरान विद्यालय का स्टाफऔर छात्राएं मौजूद रहीं।

## विक्की की टक्कर से किसान की दर्दनाक मौत

**बांगरमऊ, उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम डहन निवासी किसान साइकिल से खेत पर जाते समय गांव में ही सड़क पर विक्की की टक्कर से किसान की दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम डहन निवासी 45 वर्षीय घसीटे पुत्र मैकू साइकिल से खेत पर जा रहा था। तभी बुधवार की सुबह लगभग 8 बजे गांव की पक्की सड़क पर उधर से निकले एक तेज गति विक्की चालक ने साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी स जिससे घटनास्थल पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। घटना की तहरीर मृतक की पत्नी शिवानी द्वारा कोतवाली पुलिस को दी गई स सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया। मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। मृतक गांव में रहकर खेती किसानी कर परिवार का भरण पोषण करता था।

# सेवा ज्योति कलश यात्रा का जिला स्तरीय आयोजन

**समृद्धि न्यूज, उन्नाव।**

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत विकसित भारत संकल्प सभा, प्रधानमंत्री का लाइव प्रसारण एवं सेवा ज्योति कलश यात्रा का जिला स्तरीय आयोजन गाँधी नगर तिराहा उन्नाव में उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी एवं भाजपा जिला प्रभारी सन्तोष सिंह (विधान परिषद सदस्य) व जन प्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में सकुशल संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम् गान के साथ किया गया इस अवसर पर जनपद की समस्त विधानसभाओं से सेवा ज्योति कलश यात्राएं अपने अपने विधान सभा क्षेत्रों से होती हुई जनपद स्तरीय सेवा ज्योति कलश यात्रा में सम्मिलित हुई. इसके उपरान्त प्रधानमंत्री के सम्बोधन का लाइव प्रसारण उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं जन समूह द्वारा सुना गया।सेवा संकल्प अभियान के अन्तर्गत आज सेवा ज्योति कलश यात्रा का जनपद स्तरीय आयोजन गाँधी नगर तिराहा उन्नाव में किया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम उच्च शिक्षा राज्यमंत्री जनपद प्रभारी मंत्री एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा ज्योति प्रज्ज्वलित की गयी इसके उपरान्त राष्ट्रगान गाया गया। तत्पश्चात सेवा ज्योति कलश को यात्रा रथ पर स्थापित करते हुए कार्यक्रम स्थल से गाँधी नगर तिराहा तक निकाला गया तत्पश्चात सेवा ज्योति कलश को गाँधी नगर तिराहे पर सम्मान के साथ स्थापित किया गया।

# 'सेवा के रंग, राष्ट्र के संग' कार्यक्रम आयोजित

**समृद्धि न्यूज, फतेहपुर।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में उनके सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा के सेवा संकल्प अभियान के तहत बुधवार को फतेहपुर में सेवा और राष्ट्रभावना का व्यापक संदेश दिखाई दिया। आईटीआई प्रांगण से विकसित भारत संकल्प सभा, सेवा ज्योति यात्रा का शुभारंभ हुआ, जबकि शहर के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज (जीजीआईसी) में 'सेवा के रंग, राष्ट्र के संग' कार्यक्रम के तहत विशाल रंगोली सजाकर सेवा, समरसता और विकसित भारत का संदेश दिया गया। दोनों कार्यक्रमों में भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं की बड़ी सहभागिता रही। आईटीआई प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री अजीत पाल सिंह, जिला प्रभारी राहुल अग्निहोत्री, जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव, बिंदकी विधायक राजेंद्र पटेल, विधायक विकास गुप्ता, पूर्व विधायक विक्रम सिंह, करण सिंह पटेल एवं रणवेंद्र प्रताप सिंह, क्षेत्रीय महामंत्री राजेश सिंह, सहित पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे।



नेताओं ने कहा कि सेवा ज्योति कलश यात्रा केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा और राष्ट्रनिर्माण की भावना पहुंचाने का संकल्प है। उन्होंने देशवासियों से विकसित भारत के निर्माण में अपनी भूमिका निभाने और सेवा की भावना को जनआंदोलन बनाने का आह्वान किया। इसके बाद शहर के जीजीआईसी में 'सेवा के रंग, राष्ट्र के संग' कार्यक्रम के अंतर्गत विशाल रंगोली बनाई गई। रंगोली के माध्यम से राष्ट्रभक्ति, सामाजिक समरसता, सेवा और विकसित भारत की परिकल्पना को उकेरा गया।

# डीएम ने धाता कान्हा गौशाला का किया निरीक्षण

- अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत खखरेरू का वेतन रोकने के निर्देश

**समृद्धि न्यूज, फतेहपुर।**

जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने नगर पंचायत खखरेरू एवं धाता के कान्हा गौशाला का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान धाता कान्हा गौशाला में पशुओं के भरण-पोषण हेतु हरा चारा, भूषा, दाना, चोकर, पानी, चाहरदीवारी, शेड, सीसीटीवी कैमरो की क्रियाशीलता, विजिटिंग रजिस्टर सहित अन्य प्रपत्रों आदि को देखा और संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने प्रभारी पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि पशुओं की नियमित स्वास्थ्य चेकअप एवं टीकाकरण ससमय तथा ईयर टैगिंग शत प्रतिशत कराना सुनिश्चित करे। तत्पश्चात कान्हा गौशाला एवं बेसहारा पशु आश्रय स्थल खखरेरू के निरीक्षण के दौरान गौशाला में गौवंशों के लिए किए गए इंटरलॉकिंग के कार्य को देखा और गुणवत्ता को परखा, जिसमें ईंटों की गुणवत्ता सही न होने व विद्युत कनेक्शन न होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए गुणवत्तापूर्ण कार्य पूरा होने तक अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत खखरेरू का वेतन आहरित न करने साथ ही संबंधित पटल सहायक से स्पष्टीकरण लेने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि पुनः 15 दिवस में गौशाला का निरीक्षण कर यथा स्थिति की रिपोर्ट से अवगत कराए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी खागा, क्षेत्राधिकारी खागा, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, खंड विकास अधिकारी धाता सहित संबंधित उपस्थित रहे।



## करेंट से झुलसे किसान की इलाज के दौरान मौत

**असोहा , उन्नाव।** थाना क्षेत्र के सुरजबली खेड़ा निवासी संजय रावत 50 वर्ष पुत्र नन्हकाऊ बीते तीन अक्टूबर को गांव के बाहर खेत मे बनी ट्यूबवेल के कोठरी पर साफसफाई कर रहा था। सफाई के दौरान बांस का डंडा ऊपर से निकली हाई टेंशन लाईन मे छू जाने से वह गंभीर रूप से झुलस कर नीचे गिर गया। परिजन संजय को लेकर लखनऊ स्थित एक निजी अस्पताल मे भर्ती कराया। सोमवार को बुधवार को ईलाज के दौरान मौत हो गयी। बेटा करन ने पुलिस को पोस्टमार्टम के लिये प्रार्थना पत्र दिया जिस पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। संजय खेती किसानी करके परिवार का पालन पोषण करता था। संजय की मौत से पत्नी कुसमा सहित बेटा करन और साहिल व बेटी कोमल बेहाल हैं। थानाध्यक्ष फूल सिंह ने बताया की परिजनो ने शव का पोस्टमार्टम कराये जाने के लिये प्रार्थना पत्र दिया था जिस पर शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा हैं।

## राज्य महिला आयोग की सदस्य अंजू प्रजापति का हुआ स्वागत



**फतेहपुर।** राज्य महिला आयोग की पांचवीं बार सदस्य बनने पर अंजू प्रजापति का लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन में जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर अंजू प्रजापति ने मीडिया से रूबरू होते हुए बताया कि वह तमाम उत्पीड़न की शिकार जो महिलाएं हुई है उनकी शिकायतें जो उन तक पहुंचती है उसका वह निराकरण करवाने का काम करती हैं। इसके साथी उन्होंने बताया की महिला आयोग के व्हाट्सएप नंबर पर सीधे महिलाएं अपनी शिकायतें बता सकती हैं। कुछ महिलाएं जो अपना नाम गोपनीय रखना चाहती हैं तो उनका नाम गोपनीय रहेगा और उनकी शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई की जाती है। उन्होंने कहा 12 जनपदों में वह अब तक तमाम महिलाओं की शिकायतों का निराकरण कर चुकी है और आगे भी उनकी कोशिश होगी की जो महिलाएं उत्पीड़न की शिकार हो रही है उनकी शिकायतों पर कार्रवाई की जाए। इस अवसर पर स्वागत करने वालों में सुनील राजपूत, करन सिंह कोर्रा,बलि वीर विक्रम बहादुर सिंह, अनीत अग्रहरि सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# बाढ़ में घिरे तुलसीपुर के परिवारों का सहारा बने प्रमोद सिंह

## घर-घर पहुंचाई खाद्य सामग्री, पशुओं के लिए हरे चारे की भी कराई व्यवस्था



**समृद्धि न्यूज, भरावन हरदोई।**

बाढ़ की वजह से मुश्किलों में घिरे तुलसीपुर गांव के ग्रामीणों के बीच बुधवार को भाजपा नेता प्रमोद सिंह पहुंचे। उन्होंने प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं जानीं और खाद्य सामग्री वितरित की। पशुपालकों की परेशानी को देखते हुए पशुओं के लिए हरे चारे की भी व्यवस्था कराई। ग्रामीणों ने बताया कि जलभराव के कारण रोजमर्रा की जरूरतों के साथ पशुओं के चारे का संकट भी बना हुआ है। इस पर प्रमोद सिंह ने प्रभावित लोगों को भरोसा दिलाया कि जरूरत के समय उन्हें अकेला नहीं छोड़ा जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों से बाढ़ की स्थिति और जरूरी सुविधाओं की जानकारी लेते हुए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। प्रमोद सिंह ने कहा कि आपदा की घड़ी में राहत केवल खाद्य सामग्री तक सीमित नहीं होनी चाहिए। बाढ़ प्रभावित परिवारों के साथ उनके पशुधन की चिंता भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की जरूरत के अनुसार सहायता का प्रयास आगे भी जारी रहेगा। राहत सामग्री मिलने पर ग्रामीणों ने उनका आभार जताया। इस दौरान प्रधान प्रतिनिधि लालबाबू यादव मौजूद रहे।

## बच्चों के पोषण और स्वस्थ भविष्य पर विधायक ने किया संवाद



**समृद्धि न्यूज, संडीला, हरदोई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 25 वर्षों की जनसेवा एवं 'सेवा संकल्प अभियान' के अवसर पर बुधवार को संडीला विकासखंड सभागार में विधायक अलका अर्कवंशी ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा कार्यकर्ताओं और लाभार्थियों से संवाद किया। विधायक ने कहा कि बच्चों के उचित पोषण, बेहतर देखभाल और समग्र विकास के लिए सरकारी योजनाओं के साथ समाज की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। प्रत्येक बच्चे को मुख्यधारा से जोड़ना सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ी ही 2036 के विकसित उत्तर प्रदेश और 2047 के विकसित भारत की नींव है। बच्चों के स्वस्थ जीवन के साथ स्वच्छ पर्यावरण और नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए जनभागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं और लाभार्थियों से संवाद कर उनके सुझाव भी लिए गए।

# आईआईटी में होगा 22वें संस्करण का आयोजन

**समृद्धि न्यूज, कानपुर।**

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर में संस्थान के वार्षिक प्रमुख खेल महोत्सव उदघोष के 22वें संस्करण का आयोजन 9 से 11 अक्टूबर 2026 तक किया जाएगा। तीन दिवसीय इस महोत्सव में देशभर के विभिन्न संस्थानों से खिलाड़ी और प्रतिभागी शामिल होंगे। महोत्सव में प्रतिस्पर्धी खेलों, ई-स्पोर्ट्स, मनोरंजन तथा सामुदायिक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। उदघोष 26 की थीम एरकना एसेंसेन है, जो एक खिलाड़ी की चुनौतीपूर्ण शुरूआत से विजेता बनने तक की यात्रा को दर्शाती है। यह थीम तैयारी, अनुशासन, प्रतिस्पर्धा, चुनौतियों, असफलताओं और निरंतर प्रयास के माध्यम से खिलाड़ी की क्षमता के विकास तथा बेहतर प्रदर्शन और उपलब्धि की ओर उसकी प्रगति को दर्शाती है। उदघोष 26 में ई-स्पोट्र्स के साथ 20 खेलों की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इस संस्करण में लंबे अंतराल के बाद एकेडिक्स प्रतियोगिताओं की वापसी भी होगी। प्रतियोगिताओं में एथलेटिक्स, बैडमिंटन, बास्केटबॉल, शतरंज, क्रिकेट, फुटबॉल, हॉकी, कबड्डी, खो-खो, लॉन टेनिस, स्क्वैश, टेबल टेनिस, ताइक्वांडो, अल्टीमेट फ्रिसबी, वॉलीबॉल, पावरलिफ्टिंग, वेटलिफ्टिंग और मिस्टर उदघोष सहित ई-स्पोट्र्स कार्यक्रम शामिल हैं। मुख्य महोत्सव से पहले उदघोष26 के तहत खेल, सामाजिक जिम्मेदारी और सामुदायिक सहभागिता से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इनमें विश्व खेल पत्रकार दिवस के अवसर पर खेल पत्रकार रिधिमा पाठक के साथ लाइव सत्र, अंतरराष्ट्रीय शतरंज दिवस के अवसर पर ग्रैंडमास्टर आकाश गणेश के साथ ऑनलाइन सत्र, लगभग 1,200 पौधों का रोपण, तथा 15 अगस्त और 2 अक्टूबर को आयोजित रक्तदान शिविर शामिल रहे।



## खबरें एक नजर में

### युवती ने युवक पर लगाया शादी का झांसा देकर शोषण का आरोप

**प्रयागराज।** कर्नलगंज थाना क्षेत्र में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही एक युवती ने युवक पर शादी का झांसा देकर करीब तीन साल तक शोषण करने, करीब ढाई लाख रुपये लेने और धमकी देने का आरोप लगाया है। युवती का आरोप है कि आरोपी ने शादी का भरोसा देकर उसके साथ संबंध बनाए और बाद में शादी से इनकार कर दिया। युवती के मुताबिक वर्ष 2023 में आरोपी ने उसे मिलने के लिए एक होटल बुलाया, जहां उसकी मर्जी के खिलाफ शारीरिक संबंध बनाए गए। शिकायत करने की बात कहने पर आरोपी ने शादी का वादा किया और इसके बाद भी लंबे समय तक उससे मिलता रहा। युवती का आरोप है कि आरोपी ने उसे डराया-धमकाया और करीब ढाई लाख रुपये अपने बैंक खाते में मंगवाए। युवती के अनुसार आरोपी ने 20 फरवरी 2026 को लिखकर भी शादी करने का आश्वासन दिया था, लेकिन बाद में शादी से मुकर गया। युवती ने पुलिस को यह भी बताया कि आरोपी अब फोन कर उसे धमकाता है और शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देता है। इसके अलावा उसने आरोपी पर धोखा देने और जबरन गर्भपात कराने का भी आरोप लगाया है। शिकायत के आधार पर कर्नलगंज पुलिस ने नरसिंहदासपुर, थाना महरुआ, अंबेडकर नगर निवासी मयंक सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस बैंक खातों में हुए लेन-देन, दोनों के बीच हुई बातचीत और उपलब्ध अन्य साक्ष्यों की जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# रोजगारपरक गतिविधियों को बढ़ावा दें : डीएम

- जिलाधिकारी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक

**समृद्धि न्यूज, कुशीनगर।**



जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार, कुशीनगर में पशुपालन विभाग की विभागीय योजनाओं एवं कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जनपद के समस्त उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी एवं पशु चिकित्साधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद में संचालित समस्त गो आश्रय स्थलों की स्थिति की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गो आश्रय स्थलों को केवल पशु संरक्षण तक सीमित न रखते हुए उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रभावी कार्य किया जाए। इसके लिए गो आश्रय स्थलों पर गोबर से कास्ट/कंडे, पंचगव्य उत्पाद, गोबर के दीये, वर्मी कम्पोस्ट सहित अन्य उपयोगी एवं रोजगारपरक उत्पाद तैयार किए जाने हेतु नवाचार को बढ़ावा दिया जाए।

जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि इस कार्य में डीपीआरओ एवं डीसीएमआरएलएम के साथ समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्ययोजना तैयार की जाए तथा नवाचारों को प्रोत्साहित किया जाए, जिससे गो आश्रय स्थल आर्थिक रूप से सुदृढ़ होने के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित कर सकें। उन्होंने जनपद में खुले में घूम रहे छुट्टा गोवंश को संबंधित विभागों के सहयोग से गो आश्रय स्थलों में संरक्षित किए जाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही गो आश्रय स्थलों की नियमित निगरानी करते हुए साफ-सफाई, गोवंश के भरण-पोषण, हरे चारे एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान देने को कहा।

## सिक्स लेन ब्रिज पर 25 नवम्बर से शुरू होगा आवागमन



**समृद्धि न्यूज़, प्रयागराज।**

फाफामऊ के मलाका और शहर के स्टेनली रोड सिक्सलेन सेतु की दाहिनी लेन 25 नवंबर तक शुरू हो जाएगी। वहीं, बाईं लेन पर 25 दिसंबर तक हर हाल में यातायात संचालन शुरू कर दिया जाएगा। इससे फाफामऊ ब्रिज, फाफामऊ बाजार तथा तेलियरगंज में लगने वाले जाम से राहत मिलेगी। साथ ही गंगापार के सोरांव और प्रतापगढ़, अयोध्या, सुलतानपुर, रायबरेली व लखनऊ समेत अन्य शहरों की राह आसान होगी। लगभग 2000 करोड़ रुपये की लागत से इस ब्रिज परियोजना का निर्माण लगभग साढ़े पांच वर्ष पहले शुरू हुआ था।

इसकी कुल लंबाई लगभग 9.9 किमी है, जिसमें गंगा नदी पर करीब 3.86 किमी का मुख्य पुल और 5.23 किमी एप्रोच रोड शामिल है।

# सदर विधायक ने किया 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

**समृद्धि न्यूज़, महाराजगंज।**



विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अंतर्गत दर्जी ट्रेड में चयनित प्रशिक्षणार्थियों का 10 दिवसीय प्रशिक्षण आज जनपद के एक मैरेज हॉल में आरम्भ हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि विधायक सदर जयमंगल कन्नौजिया ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर सदर विधायक ने प्रशिक्षणार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रशिक्षण के माध्यम से अपने कौशल को और विकसित कर स्वरोजगार एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है, जिसके माध्यम से पारंपरिक कारीगरों को उनके हुनर को आधुनिक स्वरूप प्रदान करने के लिए प्रशिक्षण, प्रमाण-पत्र, मानदेय एवं निःशुल्क उन्नत टूलकिट उपलब्ध कराई जाती है। उन्होंने लाभार्थियों से योजना का अधिकाधिक लाभ उठाने का आह्वान करते हुए कहा कि मा. प्रधानमंत्री जी का आह्वान है कि भारत के युवा 'जॉब सीकर' के बजाय 'जॉब गिवर' बनें। उनके इसी विजन के तहत विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना की शुरुआत की गई है।उपायुक्त उद्योग श्री नीरज कुमार सिंह ने विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना 2.0 की जानकारी देते हुए बताया कि योजना में पारंपरिक 11 ट्रेड के साथ 05 नए ट्रेड–मूर्तिकार, मालाकार, दूधवाला, भरभूजा एवं मछुआरा तथा 09 आधुनिक ट्रेड–मोबाइल मरम्मत, ऑटोमोबाइल मरम्मत, इलेक्ट्रॉनिक एवं विद्युत सामानों की मरम्मत, प्लम्बर, कंप्यूटर मरम्मत, सोलर इंस्टालेशन, डिजिटल फोटोग्राफी तथा सौन्दर्य एवं वेलनेस को शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को उद्यम की स्थापना एवं विस्तार के लिए 10 लाख रुपये तक ब्याज एवं गारंटी मुक्त ऋण उपलब्ध कराने का भी प्रावधान है।प्रशिक्षण का संचालन प्रशिक्षणदायी संस्था द अपरैल ट्रेनिंग एण्ड डिजाइन सेन्टर, कानपुर द्वारा किया जा रहा है।कार्यक्रम में सहायक आयुक्त उद्योग राकेश कुमार जायसवाल, सहायक प्रबन्धक अविनाश कुमार पाण्डेय, प्रशिक्षण संस्था के कोआर्डिनेटर तुषार श्रीवास्तव सहित प्रशिक्षणार्थी एवं अन्य संबंधित उपस्थित रहे।

# तीसरे दिन भी काला फीता बांधकर डटे रहे एनएचएम संविदाकर्मी

- आज से पूर्ण कार्य बहिष्कार
- सीएमओ कार्यालय पर देंगे धरना

**समृद्धि न्यूज, कुशीनगर।**



उ.प्र. राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संघ (पंजी.) प्रदेश नेतृत्व आह्वान पर जनपद शाखा कुशीनगर में चल रहे चरणबद्ध आंदोलन के द्वितीय चरण के तहत आज तीसरे दिन भी जिला अस्पताल समेत समस्त सीएचसी, पीएचसी एवं टीबी अस्पताल में कार्यरत संविदा कर्मियों ने काला फीता बांधकर कार्य किया और सरकार के खिलाफ मौन विरोध जताया। संघ के जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र कुमार पाण्डेय ने कहा कि हम लोग विगत 15-18 वर्षों से अल्प मानदेय पर स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ बनकर सेवा दे रहे हैं। सरकार नियमितीकरण और समान कार्य-समान वेतन की हमारी प्रमुख मांगों पर चुप्पी साधे हुए है। यह काला फीता सरकार की अनदेखी के खिलाफ हमारा मौन विरोध था, लेकिन शासन से कोई आश्वासन नहीं मिलने पर अब संघ अगले चरण में आंदोलन तेज करेगा। उन्होंने बताया कि आंदोलन के तृतीय चरण में 8, 9, 10 अक्टूबर को पूर्ण रूप से कार्य बहिष्कार (आकस्मिक सेवाओं को छोड़कर) कर मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। इसके बाद 12 अक्टूबर से लखनऊ में अनिश्चितकालीन 'घेरा डालो-डेरा डालो' आंदोलन शुरू किया जाएगा। इस दौरान निशिकान्त सिंह, विनोद कुमार, सूर्य राम वर्मा, अजय धर दुबे, कन्हैया यादव सहित सैकड़ों कर्मी मौजूद रहे।

इसी तरह संघ के मण्डल अध्यक्ष गोरखपुर, जिला संरक्षक चन्द्रशेखर यादव ने कहा कि कुशीनगर के साथ-साथ पूरे गोरखपुर मण्डल में आंदोलन पूरी ताकत से चल रहा है। शासन ने 10 लाख कैशलेस बीमा, महंगाई भत्ता, ईपीएफ, एचआरए, अनुकम्पा नियुक्ति जैसी तात्कालिक मांगों को भी लटका रखा है। जब तक शासनादेश जारी नहीं होता, आंदोलन समाप्त नहीं होगा। उन्होंने बताया कि विरोध में टीबी अस्पताल में कमल शंकर पाण्डेय, अरमान अहमद, दीपक दुबे, दुदही सीएचसी पर डॉ. श्री प्रकाश चंद, डॉ. सुभाष यादव, डॉ. पूनम, डॉ. रेखा गुप्ता, सौरभ समर, गौरव श्रीवास्तव, अमन कुमार, कप्तानगंज में रत्नेश मणि त्रिपाठी, सहित जिले के सभी केंद्रों पर कर्मियों ने काला फीता बांधकर विरोध दर्ज कराया।

## उत्तर मध्य रेलवे ने एक करोड़ से अधिक पौधों का रोपण कर बनाथा हरियाली का रिकॉर्ड



**समृद्धि न्यूज़, प्रयागराज।**

उत्तर मध्य रेलवे ने 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत एक बड़ी पर्यावरणीय उपलब्धि हासिल की है। इस वित्तीय वर्ष में एक करोड़ का आंकड़ा पार करते हुए एक करोड़ ग्यारह लाख ग्यारह हज़ार एक सौ ग्यारह पौधे लगाए गए हैं। इस खास उपलब्धि का जश्न मनाने के लिए महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह ने सुबेदारगंज के रेल गाँव में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रतीकात्मक तौर पर एक करोड़ ग्यारह लाख ग्यारह हज़ार एक सौ ग्यारहवाँ पौधा लगाया। उनके साथ मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे, जिन्होंने लीची, तुलसी और आम जैसे पेड़ लगाए। इस हरित पहल को असल रफ़्तार विश्व पर्यावरण दिवस पर मिली, जब वर्तमान वित्तिय वर्ष के लिए उत्तर मध्य रेलवे के अधिकार क्षेत्र में दो करोड़ पौधे लगाने का बड़ा लक्ष्य तय किया गया था।

# जनगणना की गुणवत्ता प्रशिक्षण पर निर्भर, फील्ड ट्रेनर्स को दिए जरूरी निर्देश

- 70 फील्ड ट्रेनर्स ने लिया तीन दिवसीय प्रशिक्षण
- स्व-गणना के लिए व्यापक जागरूकता पर जोर

**समृद्धि न्यूज़, महराजगंज।**



जनगणना-2027 के द्वितीय चरण की जनसंख्या गणना को सुचारु, गुणवत्तापूर्ण और त्रुटिरहित ढंग से संपन्न कराने की तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में पांच अक्टूबर से चल रहा फील्ड ट्रेनर्स का तीन दिवसीय प्रशिक्षण बुधवार को संपन्न हुआ। समापन अवसर पर जिलाधिकारी/प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल ने फील्ड ट्रेनर्स को जनगणना की महत्ता और उनके दायित्वों के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

डीएम ने कहा कि जनगणना देश की सामाजिक, आर्थिक और प्रशासनिक आवश्यकताओं के लिए महत्वपूर्ण आधार है। इसकी सफलता प्रत्येक स्तर पर कार्यरत कार्मिकों की जिम्मेदारी और कार्यकुशलता पर निर्भर करती है। उन्होंने फील्ड ट्रेनर्स से प्रशिक्षण में मिली जानकारी को पूरी गंभीरता से आत्मसात कर प्रगणकों और पर्यवेक्षकों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्व-गणना पर विशेष जोर देते हुए अधिक से अधिक नागरिकों को इसकी प्रक्रिया की जानकारी देने और स्वयं अपना विवरण दर्ज करने के लिए प्रेरित करने को कहा। इसके लिए जिले में व्यापक प्रचार-प्रसार और जागरूकता गतिविधियां चलाने के निर्देश दिए गए, ताकि जनगणना कार्य निर्धारित प्रक्रिया के अनुरूप संपन्न हो सके। उन्होंने कहा कि फील्ड ट्रेनर्स केवल तकनीकी जानकारी ही न दें, बल्कि प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को जिम्मेदारी एवं प्रभावी ढंग से कार्य करने के लिए प्रेरित भी करें। प्रशिक्षण की गुणवत्ता सीधे जनगणना कार्य की गुणवत्ता को प्रभावित करती है। ऐसे में प्रत्येक स्तर पर स्पष्टता, शुद्धता और बेहतर समन्वय बनाए रखना जरूरी है।प्रशिक्षण के प्रथम बैच का आयोजन विकास भवन सभागार में हुआ, जिसमें 34 फील्ड ट्रेनर्स ने प्रतिभाग किया। मास्टर ट्रेनर्स अम्बिका मौर्य और अरविन्द कुमार गुप्ता ने प्रशिक्षण दिया। वहीं द्वितीय बैच का प्रशिक्षण कलेक्ट्रेट सभागार में हुआ, जिसमें 36 फील्ड ट्रेनर्स शामिल हुए। इन्हें मास्टर ट्रेनर्स भूपेन्द्र कुमार गुप्ता और निखिल कुमार ने प्रशिक्षित किया। प्रशिक्षण के दौरान जनसंख्या गणना की प्रक्रिया, स्व-गणना, मोबाइल एप के माध्यम से गणना, फील्ड स्तर की कार्यप्रणाली, आवश्यक सावधानियों तथा संभावित समस्याओं के समाधान की जानकारी दी गई। दोनों बैचों में कुल 70 फील्ड ट्रेनर्स प्रशिक्षित हुए।अब ये फील्ड ट्रेनर्स प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण देंगे और जनगणना-2027 के द्वितीय चरण की जनसंख्या गणना को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इस अवसर पर जिला सूचना विज्ञान अधिकारी (डीआईओ, एनआईसी) मनोज कुमार सहित मास्टर ट्रेनर्स और फील्ड ट्रेनर्स मौजूद रहे।

## राजनीतिक दलों के साथ बैठक कल

**समृद्धि न्यूज, कुशीनगर।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी संजय चौहान ने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश से मिले के दिशा निर्देशों के क्रम में आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत जनपद में बीईएल कंपनी की उपलब्ध बी0यू0, सी0यू0 एवं वीवीपैट की फर्स्ट लेवल चेकिंग (एफएलसी) का कार्य बीईएल, बैंगलोर के इंजीनियरों के माध्यम से आगामी 12 अक्टूबर से प्रारम्भ होगा।

उन्होंने बताया कि एफएलसी कार्य की तैयारियों के संबंध में जनपद के समस्त मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनीतिक दलों के जिलाध्यक्ष/मंत्री के साथ 09 अक्टूबर को दोपहर 12:00 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आहूत की गई है।

# एसपी ने गोवध व गो-तस्करी के विरुद्ध विशेष अभियान का दिया निर्देश

**समृद्धि न्यूज़, महराजगंज।**



पुलिस उप महानिरीक्षक गोरखपुर परिक्षेत्र, गोरखपुर के निर्देशन में गोबध/गो-तस्करी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी के निर्देशन में जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारियों एवं थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया।अभियान के दौरान क्षेत्राधिकारियों के नेतृत्व में थाना पुलिस द्वारा प्रमुख मार्गों, संपर्क मार्गों एवं संवेदनशील स्थानों पर संदिग्ध वाहनों एवं व्यक्तियों की सघन चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान वाहनों की जांच करने के साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई तथा गो-तस्करी एवं अन्य अवैध गतिविधियों से संबंधित संभावित गतिविधियों पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की गई।महराजगंज पुलिस द्वारा भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र सहित जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में गो-तस्करी एवं अवैध गतिविधियों के विरुद्ध निरंतर प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। अभियान के दौरान संदिग्ध पाए गए व्यक्तियों एवं वाहनों के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्रवाई की गई। एस पी द्वारा समस्त क्षेत्राधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि गो-तस्करी एवं अन्य अवैध गतिविधियों की रोकथाम हेतु अपने-अपने क्षेत्रों में चेकिंग एवं निरोधात्मक कार्रवाई को प्रभावी बनाए रखते हुए कानून-व्यवस्था से संबंधित किसी भी गतिविधि पर तत्काल आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें।

# संकल्प सभा व सेवा ज्योति यात्रा का हुआ भव्य आयोजन

- विपरीत मौसम के बावजूद भाजपाइयों ने उत्साह पूर्वक लिया भाग

**समृद्धि न्यूज़, महाराजगंज।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में सरकार के मुखिया के रूप में 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत बुधवार को जिला मुख्यालय स्थित नवीन मंडी परिसर से विकसित भारत संकल्प सभा एवं सेवा ज्योति यात्रा का आयोजन किया गया। जिलाध्यक्ष अशोक पांडेय उर्फ संजय पांडेय के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपापदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का लाइव मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। प्रधानमंत्री के संबोधन के उपरांत जिला प्रभारी नरेंद्र मणि त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष संजय पांडेय, पनियरा विधायक ज्ञानेंद्र सिंह, सदर विधायक जय मंगल कन्नौजिया, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष कृष्ण गोपाल जायसवाल,पूर्व विधायक बजरंग बहादुर सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष रविकांत पटेल, पूर्व विधायक एवं उत्तर प्रदेश कोऑपरेटिव यूनियन के चेयरमैन चौधरी शिवेंद्र सिंह तथा पूर्व जिलाध्यक्ष समीर त्रिपाठी के नेतृत्व में सेवा ज्योति यात्रा मंडी परिसर से रवाना हुई। यात्रा के दौरान 'नरेंद्र मोदी-योगी आदित्यनाथ जिंदाबाद ', 'वंदे मातरम् ', 'भारत माता की जय ', 'नितिन नवीन-पंकज चौधरी जिंदाबाद' के गगनभेदी नारों से पूरा नगर गुंजायमान रहा। यात्रा नगर के सक्सेना तिराहे पर पहुंची, जहां सभी विधानसभा क्षेत्रों से लाए गए सेवा ज्योति कलश स्थापित किए गए। पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने कलश पर पुष्प अर्पित कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वस्थ, दीर्घायु जीवन तथा उनके नेतृत्व में भारत को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने की कामना की। इस अवसर पर उमड़े जनसैलाब को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी नरेंद्र मणि त्रिपाठी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सरकार के मुखिया के रूप में लगातार 25 वर्ष पूर्ण करना देश के लिए गौरवशाली क्षण है। गुजरात के मुख्यमंत्री से लेकर देश के प्रधानमंत्री तक उन्होंने सेवा, समर्पण और राष्ट्रहित को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। उनके नेतृत्व में भारत ने वैश्विक स्तर पर अपनी मजबूत पहचान बनाई है। आज देश आर्थिक मजबूती के साथ विज्ञान, तकनीक, आधारभूत ढांचे और सामाजिक विकास के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

पनियरा विधायक ज्ञानेंद्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का 25 वर्षों का सार्वजनिक जीवन सेवा और समर्पण का प्रेरणादायी उदाहरण है। उन्होंने सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के साथ विकास की गति को नई दिशा दी है।सदर विधायक जय मंगल कन्नौजिया ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने गरीब, किसान, युवा और महिलाओं को विकास की मुख्यधारा से जोड़कर भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किया है। उनके नेतृत्व में देश की अर्थव्यवस्था मजबूत हुई और भारत का आत्मविश्वास बढ़ा है।पूर्व विधायक बजरंग बहादुर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 25 वर्षों का नेतृत्व राष्ट्रसेवा और राष्ट्र निर्माण की अद्भुत यात्रा है। उनका जीवन भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए निरंतर प्रेरणा का स्रोत है।

जिलाध्यक्ष अशोक पांडेय उर्फ संजय पांडेय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के सार्वजनिक जीवन से भाजपा कार्यकर्ताओं को राष्ट्रसेवा की निरंतर प्रेरणा मिलती है। उन्होंने जिला प्रभारी, जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सेवा संकल्प अभियान को सफल बनाने के लिए सभी का धन्यवाद किया।

# मांग व आपूर्ति के अन्तर का फायदा उठा कर मिलावटखोर कर रहे सेहत से खिलवाड़

- दूध खोया पनीर व घी में मिलावट
- फलों व सब्जियां को अच्छा दिखने के लिए रसायनों का प्रयोग जारी

**समृद्धि न्यूज़, महाराजगंज।**

त्योहारों एवं लगन के मौसम में जिले के बाजारों में दूध और उससे बने उत्पाद दही, पनीर,खोया और मिठाइयों की मांग अचानक कई गुना बढ़ जाती है। वही फलों में केला,सेव व संतरा आदि की मांग में तेजी आ जाती है। साथ ही आमजन को भोजन में प्रयोग के लिए सब्जी की रोज आवश्यकता होती है। मांग और आपूर्ति के इसी अंतर का फायदा उठाकर मिलावट खोर लोगों की सेहत से खिलवाड़ करने में जुट जाते हैं। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की हालिया छापेमारी और प्रयोगशाला रिपोर्ट में जो आंकड़े सामने आए हैं वे बेहद चिंताजनक हैं। खोया के 8 में 8 सभी नमूने अधो मानक पाए गए हैं।खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की रिपोर्ट पर गौर करें तो जनपद में सेहत की स्थिति का सहज ही अंदाजा लग जाता है। विभागीय रिपोर्ट से जहां मिलावटखोरो की रफ्तार का पता चलता है। वहीं इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है कि तमाम लोग जाने अनजाने घातक बीमारियों की गिरफ्त में आ रहे हैं। इससे बचने के लिए सरकारी तंत्र की सक्रियता और आमजन की जागरूकता कारगर साबित हो सकती है।चालू वित्तीय वर्ष में अब तक जांचे गए कुल 53 नमूनों मे 30 नमूने खरे नहीं उतरे हैं। जांच में अधो मानक पाए गए हैं। विशेषज्ञों से मिली जानकारी के अनुसार मिलावटखोर मुनाफा कमाने के लिए दूध में पानी के अलावा डिटर्जेंट, यूरिया,स्टार्च और सिंथेटिक फैट मिला रहे हैं। ताकि दूध गाढ़ा दिखे और लैक्टोमीटर में फैट सही आए। वही सिंथेटिक पनीर बनाने में पाम आयल, स्टार्च और डिटर्जेंट से बना नकली दूध इस्तेमाल किया जा रहा है। जबकि खोया बनाने में शकरकंद, आलू, स्टार्च, डिटर्जेंट और घटिया रिफाइंड तेल का मिश्रण डालने की खबर है। दूसरी तरफ मिठाइयों में गैर अनुमोदित रसायन( रंगो ) और पुरानी बासी चासनी का इस्तेमाल जारी है।जबकि फलों को लंबे समय तक सुरक्षित रखने के लिए और जल्द पकाने के लिए हानिकारक रसायनों का प्रयोग किया जा रहा है। इसी प्रकार सब्जियों को जल्दी बढ़ाने एवं सुंदर दिखने के लिए तमाम हानिकारक रसायनों का उपयोग की खबर है। इन सब के बीच खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा जनपद के सदर, फरेंदा, नौतनवा और सिसवा तहसील क्षेत्र से पूर्व में नमूने लेकर जांच के लिए भेजे गए थे। इन लिए गए नमूनों की जांच रिपोर्ट के अनुसार दूध के 18 नमूनों में 9 अधो मानक, खोया के 8 में 8 सभी नमूने अधोमानक, पनीर के 21 में 11 नमूने अधोमानक तथा घी के 6 में 2 नमूने जांच में अधोमानक पाए गए हैं। वहीं मिल्क प्रोडक्ट के 32 नमूने में 14 नमूने अधोमानक मिले हैं।खाद्य वस्तुओं की जांच एवं नमूनों के बारे में पूछने पर प्रभारी सहायक आयुक्त (खाद्य) -द्वितीय के. के. उपाध्याय का कहना रहा कि खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन द्वारा चालू वित्तीय वर्ष के दौरान अब तक दूध, दही, आइसक्रीम आदि के 32 नमूने जांच को भेजे गए हैं।जिनकी जांच रिपोर्ट आगामी दिनों में आनी है।

मिलावटी एवं नकली तथा रसायनो के प्रयोग से नुकसान के बारे में चिकित्सकों का कहना है कि मिलावटी दूध और खोया खाने से पाचन तंत्र बिगड़ने के साथ-साथ गंभीर बीमारियां हो सकती हैं।

# मीरजापुर मार्ग पर चलती कार बनी आग का गोला कुछ ही देर में धू-धूकर जली

**समृद्धि न्यूज़, प्रयागराज।**



प्रयागराज केंद्रीय कारागार नैनी के समीप प्रयागराज-मीरजापुर मार्ग पर दोपहर में करीब दो बजे एक कार में अचानक आग लग गई। कुछ ही देर में कार धू-धूकर जल गई। चालक ने किसी प्रकार अपनी जान बचाई। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग बुझाई।

कौशांबी जिले के भरवारी निवासी रियांशु केसरवानी पुत्र घनश्याम किसी काम से करछना की ओर जा रहे थे। प्रयागराज-मीरजापुर मार्ग पर केंद्रीय कारागार नैनी के समीप कार से अचानक धुआं निकलने लगा। रियांशु ने तत्काल कार खड़ी करके बाहर निकल गए। देखते ही देखते आग ने कार को अपनी चपेट में ले लिया। उससे आग की लपटें उठने लगी। आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। इसी बीच सूचना पाकर पहुंचे फायर ब्रिगेड कर्मियों ने आग बुझाई। घटना से यातायात कुछ देर के लिए रुक गया, जिससे वाहनों की लंबी कतार लग गई।

चौकी प्रभारी जेल रोड कमलेश कुमार का कहना है कि किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है।